RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 264
नई दिल्ली, मंगलवार, 2 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मुक्केबाज पंघाल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे
स्पोर्ट्स-12

# देश के मंदी की ओर जाने का सवाल ही नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली

- वित्त मंत्री ने कहा, कोविड महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध और आपूर्ति श्रृंखला में अवरोधों के बावजूद भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था
- मुद्रास्फीति को सात प्रतिशत से नीचे लाने का हो रहा प्रयास

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने देश के मंदी के दौर में जाने की आशंका को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि कोविड महामारी, रूस–यूक्रेन युद्ध और आपूर्ति श्रृंखला में अवरोधों के बावजूद भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति को सात प्रतिशत से नीचे लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। लोकसभा में नियम 193 के तहत महंगाई के विषय पर आज हुई चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि मुश्किल दौर में पूरा देश एक होकर खड़ा हुआ और यही कारण है कि आज हम शेष दुनिया के मुकाबले अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि इसका श्रेय जनता को दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल से लगातार विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) जैसी एजेंसियां जहां दुनिया की खराब आर्थिक स्थिति की बात कर रही हैं, वहीं उनका कहना है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। सीतारमण ने कहा कि सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के अनेक कदमों के कारण देश की हालत कई अन्य देशों से अच्छी है। उन्होंने कांग्रेस सदस्य अधीर रंजन चौधरी की एक टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत के मंदी के दौर में जाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता, जबकि दुनिया की कई अर्थव्यवस्थाएं मंदी के कगार पर हैं।

सीतारमण ने कहा कि खबरों के अनुसार चीन में 4,000 से अधिक बैंक दिवालिया होने के कगार पर हैं, जबकि भारत में व्यावसायिक बैंकों की गैर–निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में सुधार हुआ है और यह छह साल के सबसे कम स्तर 5.9 प्रतिशत पर है। उन्होंने कहा कि भारत का कर्ज और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का अनुपात वित्त वर्ष 2021–22 में 56.21 है जो कई देशों से बहुत कम है। अपने डेढ़ घंटे से अधिक अवधि के जवाब में सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर महामारी, रूस–यूक्रेन युद्ध, आपूर्ति श्रृंखला में गतिरोध तथा चीन में जगह–जगह लगातार लॉकडाउन के बावजूद भारत की स्थिति दुनिया के कई देशों से बेहतर है। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में भी भारत में खुदरा मुद्रास्फीति को सात प्रतिशत या इससे नीचे बनाकर रखने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय कोई ऐसा संकट नहीं था। वित्त मंत्री ने कहा कि संप्रग के कार्यकाल में 22 महीने तक मुद्रास्फीति नौ प्रतिशत से ज्यादा रही और नौ से अधिक बार 10 से ज्यादा यानी दो अंक में रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष को उन दिनों को याद करना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि आज पेश हुए आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 28 प्रतिशत बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपए हो गया है जो अबतक का दूसरा सबसे ऊंचा मासिक आंकड़ा है। इससे पहले अप्रैल, 2022 में जीएसटी संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपए रहा था। वित्त मंत्री ने कहा कि यह पांचवां लगातार महीना है जब जीएसटी संग्रह 1.4 लाख करोड़ से अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों का जीएसटी क्षतिपूर्ति का मई महीने तक का बकाया चुका दिया गया है और सिर्फ जून महीने का बकाया देय है तथा उसे भी जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को जनता ने स्थिर सरकार के लिए वोट दिया है और उसी के अनुसार सरकार देश के कल्याण के लिए काम कर रही है। सीतारमण ने रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के हालिया बयान का भी जिक्र किया। राजन ने कहा है कि रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने में अच्छा काम किया है और उसकी स्थिति श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों जैसी नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि राजन के अनुसार पूरी दुनिया में महंगाई है, ऐसे में रिजर्व बैंक नीतिगत दर बढ़ा रहा है, जिससे मुद्रास्फीति को नीचे लाने में मदद मिलेगी। ( शेष पेज 8 )



लोकसभा में महंगाई पर हुई चर्चा का उत्तर देतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

## संसद में अग्निपथ योजना पर चर्चा के लिए दबाव बनाएगा विपक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विपक्ष** संसद के दोनों सदनों में महंगाई पर चर्चा के बाद अग्निपथ रक्षा भर्ती योजना पर इस सप्ताह चर्चा की मांग कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। विपक्ष के नेताओं ने कहा कि हालांकि अग्निपथ पर चर्चा की आवश्यकता को लेकर उनके बीच सर्वसम्मति है, लेकिन इस विषय पर उनके रुख अलग–अलग हैं। अग्निपथ योजना की घोषणा के बाद देशभर में व्यापक स्तर पर प्रदर्शन और हिंसा हुई थी। संसद का मॉनसून सत्र 12 अगस्त को समाप्त होगा और इस सत्र के बमुश्किल 10 कामकाजी दिन शेष हैं। ऐसे में इसकी संभावना कम ही है कि विपक्षी दल किसी भी सदन में नई सेना भर्ती योजना पर चर्चा करा पाने में सफल हो पाएंगे। ( शेष पेज 8 )

# जबलपुर के अस्पताल में आग, आठ लोगों की मौत

- राज्य सरकार ने पीड़ितों के परिवार को पांच लाख की सहायता का किया ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** जबलपुर

**मध्य प्रदेश** के जबलपुर में तीन मंजिला एक निजी अस्पताल में सोमवार दोपहर को अचानक भीषण आग लग गई, जिससे चार मरीजों सहित आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य झुलस गए। जबलपुर के जिलाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी. ने बताया कि इस आग में आठ लोगों की मौत हुई है और पांच अन्य लोग झुलस गए। उनके अनुसार मृतकों में चार मरीज, अस्पताल के तीन कर्मचारी और एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं, जो मरीज के साथ उसकी देखभाल करने के लिए आया हुआ था। उन्होंने कहा कि झुलस गए लोगों में से दो की हालत गंभीर है, जिन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पहले पुलिस नियंत्रण कक्ष ने झुलस गए लोगों की संख्या नौ बताई थी।

इलैयाराजा ने बताया कि आग को अब बुझा लिया गया है और अस्पताल से सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। उन्होंने कहा कि जब इस अस्पताल में आग लगी थी, उस वक्त इसके अंदर करीब 20 से 25 लोग मौजूद थे। ( शेष पेज 8 )



जबलपुर के निजी अस्पताल में लगी आग

## पश्चिम बंगाल में पिकअप वैन में करंट आने से 10 की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में जलपाईगुड़ी जा रहे यात्रियों को ले जा रही एक पिकअप वैन में बिजली का करंट प्रवाहित होने से 10 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना रविवार देर रात हुई, जब लगभग 37 यात्रियों के साथ वाहन जलपाईगुड़ी जिले के मयनागुड़ी इलाके की ओर जा रहा था। ( शेष पेज 8 )

# संजय राउत को चार तक ईडी की हिरासत में भेजा

- उद्धव ठाकरे ने राउत के परिवार के सदस्यों से की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



**मुंबई** की एक विशेष अदालत ने धनशोधन के मामले में गिरफ्तार शिवसेना के सांसद संजय राउत को सोमवार को चार अगस्त तक के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने राउत को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में पेश कर आठ दिन की हिरासत मांगी थी। ईडी की ओर से पेश विशेष लोक अभियोजक हितेन वेनेगांवकर ने अदालत से कहा कि राउत और उनका परिवार अपराध से अर्जित धन के प्रत्यक्ष लाभार्थी हैं।

राउत की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक मुंदारगी ने कहा कि आरोप अस्पष्ट हैं और ये राजनीतिक प्रतिशोध के चलते लगाए गए हैं। ईडी ने मुंबई की एक चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में रविवार मध्यरात्रि को राउत को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सोमवार को मुंबई में पार्टी नेता संजय राउत के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। ठाकरे, शिवसेना सांसद अरविंद सावंत, विधायक रवींद्र वायकर और पार्टी के नेता मिलिंद नार्वेकर के साथ उपनगरीय भांडुप स्थित राउत के आवास पहुंचे। राउत को ठाकरे का करीबी माना जाता है। ठाकरे ने आवास पर राउत की मां, पत्नी, बेटियों तथा परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। गिरफ्तारी के बाद राउत के भाई एवं विधायक सुनील राउत ने कहा था , शिवसेना और उद्धव जी मजबूती से हमारे साथ खड़े हैं।

## एनटीआर की बेटी उमा माहेश्वरी ने आत्महत्या की

**पायनियर समाचार सेवा।** हैदराबाद



उमा माहेश्वरी

**महान** तेलुगू अभिनेता और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत एन.टी. रामाराव (एनटीआर) की बेटी ने सोमवार को कथित रूप से अपने घर में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। वह 57 वर्ष की थीं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि उमा माहेश्वरी की सबसे छोटी बेटी, दामाद और अन्य लोगों को जब उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उन्होंने अंदर से बंद कमरे का दरवाजा तोड़ दिया। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने माहेश्वरी का शव फंदे से लटका हुआ पाया। अधिकारी ने प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि उन्होंने संभवत: अवसाद के कारण यह कदम उठाया होगा। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती। पुलिस ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 174 (आत्महत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। ( शेष पेज 8 )

# 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी में जियो रही अव्वल

**भाषा।** नई दिल्ली

- सरकार को लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए मिलेंगे

**भारत** में अबतक की सबसे बड़ी स्पेक्ट्रम नीलामी सोमवार को खत्म हो गई। सात दिन तक चली इस नीलामी में 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के 5जी दूरसंचार स्पेक्ट्रम की रिकॉर्ड बिक्री हुई। इस नीलामी में अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की कंपनी जियो ने अपनी अग्रणी स्थिति को मजबूत करने के लिए सबसे अधिक बोली लगाई। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि अनंतिम आंकड़ों के मुताबिक कुल 1,50,173 करोड़ रुपए की बोलियां लगाई गईं। अत्यधिक उच्च गति के मोबाइल इंटरनेट संपर्क की पेशकश करने में सक्षम 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी की यह राशि पिछले साल बेचे गए 77,815 करोड़ रुपए के 4जी स्पेक्ट्रम से लगभग दोगुना है। यह राशि 2010 में 3जी नीलामी से मिले 50,968.37 करोड़ रुपए के मुकाबले तीन गुना है।

रिलायंस जियो ने 4जी की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक तेज गति से संपर्क की पेशकश करने वाले रेडियो तरंगों के लिए सबसे अधिक बोली लगाई। इसके बाद भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का स्थान रहा।

बताया जाता है कि अडाणी समूह ने निजी दूरसंचार नेटवर्क स्थापित करने के लिए 26 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम खरीदा है। सूत्रों ने कहा कि किस कंपनी ने कितना स्पेक्ट्रम खरीदा, इसका ब्योरा नीलामी के आंकड़ों के पूरी तरह आने के बाद ही पता चलेगा। सरकार ने 10 बैंड में स्पेक्ट्रम की पेशकश की थी, लेकिन 600 मेगाहर्ट्ज, 800 मेगाहर्ट्ज और 2300 मेगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम के लिए कोई बोली नहीं मिली। लगभग दो–तिहाई बोलियां 5जी बैंड (3300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज) के लिए थीं, जबकि एक–चौथाई से अधिक मांग 700 मेगाहर्ट्ज बैंड में आई। यह बैंड पिछली दो नीलामियों (2016 और 2021) में बिना बिके रह गया था।

# कारोबारी परिवार के 7 लोगों की हत्या में पूर्व ड्राइवर को फांसी की सजा

- गाजियाबाद में नौ साल पहले हुई थी घटना, नकदी लूटने की फिराक में पूरे परिवार को मौत के घाट उतारा

**रिंकू यादव।** गाजियाबाद

**करीब** नौ साल पहले कारोबारी परिवार के 7 लोगों की हत्या के मामले में स्थानीय अदालत ने सोमवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। एडीजे–19 की अदालत ने सामूहिक हत्याकांड के दोषी पूर्व ड्राइवर राहुल वर्मा को फांसी की सजा सुनाई है। राहुल को शक था कि घर में 25–30 लाख रुपए रखे हुए हैं। इसी को लूटने वह घर में घुसा और जगने पर पूरे परिवार को मौत के घाट उतार दिया।

राहुल वर्मा को दोषी साबित करने में फोरेंसिक रिपोर्ट बेहद अहम बनी। घर से मिले खून के सैंपल और राहुल के गमछे–जूते पर मिले खून के सैंपल मैच हो गए। घर में मौजूद फुट प्रिंट का राहुल के जूते से मिलान हो गया। घटनास्थल से मिले सिगरेट के टुकड़े पर लगी लार भी राहुल की पाई गई। राहुल वर्मा का दोस्त प्रशांत श्रीवास्तव खुद इस केस में सरकारी गवाह बना। सामूहिक नरसंहार से पहले राहुल ने प्रशांत से कहा था कि आज रात 21 मई 2013 को लूट करेंगे, जिसमें हमें 25–30 लाख रुपए मिल सकते हैं। लेकिन ऐन वक्त पर प्रशांत पलट गया और किसी काम से प्रयागराज जाने की बात कहकर उसने राहुल का साथ नहीं दिया। राहुल को सजा दिलाने में प्रशांत के इस बयान की अहम भूमिका रही। राहुल वर्मा ने सारे कत्ल एक ही चाकू से किए। सातों के शरीर पर घाव का साइज एक जैसा था। ( शेष पेज 8 )



राहुल वर्मा ( काली शर्ट) को कोर्ट में लेकर जाते पुलिसकर्मी।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,115 | ↑ | 545 | |
| निफ्टी | 17,340 | ↑ | 181 | |
| सोना | 51,484 | ↓ | 142 | /10g |
| चांदी | 58,142 | ↓ | 228 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जीएसटी संग्रह 28% बढ़कर 1.49 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** आर्थिक सुधार और कर चोरी को रोकने के लिए किए गए उपायों के कारण जुलाई में जीएसटी संग्रह 28 प्रतिशत बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपए हो गया। सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) संग्रह जुलाई 2021 में l,16,393 करोड़ रुपए था। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से इस साल जुलाई में मासिक कर संग्रह दूसरे स्थान रहा। इससे पहले अप्रैल 2022 में संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। समीक्षाधीन अवधि में वस्तुओं के आयात से राजस्व में 48 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। घरेलू लेनदेन (सेवाओं के आयात सहित) से राजस्व पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक था।

# अचिंता शेउली ने भारोत्तोलन में तीसरा स्वर्ण दिलाया

**भाषा।** बर्मिंघम

**अचिंता** शेउली ने राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन स्पर्धा में भारत का स्वर्णिम अभियान जारी रखते हुए पुरुषों के 73 किलो वर्ग में नए रिकॉर्ड के साथ बाजी मारकर देश को तीसरा पीला तमगा दिलाया। इससे पहले तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू और जेरेमी लालरिननुंगा ने भारत को भारोत्तोलन में स्वर्ण दिलाए थे। पश्चिम बंगाल के 21 वर्ष के शेउली ने स्नैच में 143 किलो वजन उठाया जो राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड हैं। उन्होंने क्लीन एवं जर्क में 170 किलो समेत कुल 313 किलो वजन उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों का रिकॉर्ड अपने नाम किया। पिछले साल जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले शेउली ने दोनों सर्वश्रेष्ठ लिफ्ट तीसरे प्रयास में किए।

मलेशिया के ई हिदायत मोहम्मद को रजत और कनाडा के शाद डारसिग्नी को कांस्य पदक मिला। उन्होंने क्रमश: 303 और 298 किलो वजन उठाया। शेउली ने जीत के बाद कहा, मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। मैंने इस पदक के लिए कड़ी मेहनत की थी। ( शेष पेज 8 )



बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक के साथ भारत के भारोत्तोलक अचिंता शेउली

## जूडो में सुशीला को रजत विजय यादव को कांस्य

**बर्मिंघम।** भारतीय जूडो खिलाड़ी एल सुशीला देवी ने राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं के 48 किलो वर्ग में सोमवार को यहां रजत पदक अपने नाम किया। वहीं भारत के विजय कुमार यादव ने राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों के 60 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता। सुशीला को फाइनल में बेहद करीबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की मिशेला वाइटबूइ ने 4.25 मिनट में हराया। चार मिनट के नियमित समय में दोनों जूडो खिलाड़ियों कोई अंक नहीं बना पाए थे। वाइटबूट ने इसके बाद गोल्डन अंक जुटा कर मुकाबला जीत लिया। सुशीला ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2014 में भी रजत पदक जीता था। सुशीला ने इससे पहले सेमीफाइनल में मॉरीशस की प्रिसिला मोरांड को इप्पोन को शिकस्त देकर अपना पदक पक्का किया था। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मालावी की हैरियट बोनफेस को हराया था।

## गोवा बार विवाद
## कोर्ट ने कहा- स्मृति ईरानी, बेटी रेस्तरां की मालिक नहीं

**नई दिल्ली ( भाषा )।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि कांग्रेस नेताओं जयराम रमेश, पवन खेड़ा, नेट्टा डिसूजा के साथ अन्य ने भाजपा नेता स्मृति ईरानी और उनकी बेटी पर झूठे तीखे और आक्रामक व्यक्तिगत हमले करने की साजिश रची, जो न तो गोवा में रेस्तरां की मालिक हैं और न ही उन्होंने कभी वहां भोजन और पेय पदार्थों के लाइसेंस के लिए आवेदन किया था, जैसा कि आरोप लगाया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि कांग्रेस के तीन नेताओं द्वारा दिए गए बयान बदनाम करने वाली प्रकृति के और दुर्भावनापूर्ण इरादे से दिए गए फर्जी प्रतीत होते हैं , जिनका मकसद जानबूझ कर ईरानी को व्यापक सार्वजनिक उपहास का पात्र बनाना और भाजपा नेता व उनकी बेटी के नैतिक चरित्र व सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाना था। उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी कांग्रेस के तीन नेताओं के खिलाफ महिला ( शेष पेज 8 )

# देश में मंकीपॉक्स से पहली मौत, दिल्ली में दूसरा केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम

- केरल में 22 वर्षीय युवक की जान गई, जयपुर में भी मिला एक संदिग्ध
- नाइजीरियाई व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि के बाद एलएनजेपी में भर्ती कराया गया

**देश में** मंकीपॉक्स संक्रमण से पहली मौत हो गई है। केरल सरकार द्वारा सोमवार को इसकी पुष्टि की है। वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 35 वर्षीय नाइजीरियाई मूल के व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि होने के साथ ही राजधानी में मंकीपॉक्स का दूसरा मामला सामने आया है। इसके साथ ही देश में मंकीमॉक्स संक्रमण मामलों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। वहीं राजस्थान में मंकीपॉक्स का पहला संदिग्ध मामला सामने आया है। संदिग्ध लक्षणों वाले युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने सोमवार को संवाददाताओं से मंकीपॉक्स संक्रमित युवक की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि यह वायरस का पश्चिम अफ्रीकी संस्करण था। विजयन ने कहा कि 22 जुलाई को राज्य पहुंचा यह व्यक्ति इससे पहले 19 जुलाई को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंकीपॉक्स से संक्रमित पाया गया था। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने एक विज्ञप्ति में कहा कि मंकीपॉक्स संक्रमित व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने के बाद ( शेष पेज 8 )

# कोरोना काल में बंद हुई 25 ट्रेन दोबारा पटरी पर दौड़ी

## दिल्ली, हापुड़, मेरठ, मुरादाबाद, अलीगढ़, पलवल और रोहतक आने-जाने वाले यात्रियों को मिली राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



कोरोना काल में बंद हुई 25 लोकल ट्रेन सोमवार से पटरी पर फिर से दौड़ी। ये सभी रेलगाड़ी अपने पूर्व निर्धारित रूट पर समय से चली। इनके फिर से शुरू होने से दिल्ली, हापुड़, मेरठ, मुरादाबाद, अलीगढ़, पलवल और रोहतक आने-जाने वाले यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

कोरोना संक्रमण काल के दौरान रेलवे ने सभी सवारी गाड़ियों को बंद कर दिया गया था। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर धीमी पड़ने के बाद रेलवे ने सबसे पहले लंबी दूरी की ट्रेनों संचालन शुरू किया।

अब इन ट्रेनों को पूरी क्षमता पर चलाया जा रहा है। इसके बाद रेलवे ने लोकल ट्रेनों का संचालन तो शुरू किया, लेकिन अभी तक सभी ट्रेनों शुरू नहीं किया गया था। इनके शुरू न होने से दैनिक रेल यात्रियों को परेशानी हो रही है। रेलवे ने जिन मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों को स्पेशल के रूप में संचालित किया था उन्हें भी वापस पहले वाली स्थिति में शुरू कर दिया है लेकिन दैनिक यात्रियों के सफर पर अभी ध्यान नहीं दिया जा रहा था।

सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यानि छह घंटे दिल्ली की ओर अप-डाउन में कोई ईएमयू ट्रेन न होने से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही थी। इस समय सबसे ज्यादा भीड़ रहती है। इसके साथ ही सुबह चलने वाली महिला ईएमयू ट्रेन भी शुरू नहीं होने से महिला दैनिक यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही थी।

अब सोमवार से बंद सभी ट्रेन वापस शुरू होने से यात्रियों के राहत मिली। ट्रेनों में अब न्यूनतम किराया 30 रुपये हैं। कोरोना काल से पहले यह किराया 10 रुपये था। गाजियाबाद से दिल्ली तक पहले 10 रुपये किराया लगता था लेकिन अब 30 रुपये लगता है। ईएमयू ट्रेनों में सफर करने वाले अधिकतर दैनिक यात्री दस से 20 किलोमीटर की यात्रा करते हैं।

मुरादनगर से गाजियाबाद, गाजियाबाद से शाहदरा, आनंद विहार, विवेक विहार, मारीपत, दादरी की ओर आते जाते हैं। पहले इन स्टेशन का किराया 10 रुपये था जो अब 30 रुपये हो गया है। इस कारण यात्री भी परेशान हैं। न्यूनतम किराया 30 रुपये होने की वजह से यात्री मासिक पास ज्यादा बनवा रहे है। कई पूरे एक माह के लिए काफी सस्ती दर पर बनता है। दिल्ली अलीगढ़ रूट पर सबसे ज्यादा दैनिक यात्रियों की आवागमन होता है। इस रूट पर करीब 40 ईएमयू ट्रेनों चलती थी लेकिन अभी तक सभी ट्रेन बहाल नहीं की गई।

दिल्ली से अलीगढ़ के बीच चलने वाली ईएमयू, दनकौर से दिल्ली के बीच चलने वाली ईएमयू, दिल्ली-खुर्जा ईएमयू, दिल्ली अलीगढ ईएमयू स्पेशल, दिल्ली मुरादाबाद स्पेशल, के शुरू न होने से दिक्कत ज्यादा थी। यह ट्रेन सुबह के समय संचालित होती थी। इनसे बड़ी संख्या में गाजियाबाद से यात्री सफर करते थे। इनके शुरू न होने से बाकी ट्रेनों में यात्रियों का दबाव रहता है।

इसके साथ ही यात्रियों को अपनी ड्यूटी पर आने व वापसी में दिक्कत होती है। इसके लिए कई बार ट्रेन तक बदलनी पड़ती हैं।

मेरठ रूट की ट्रेनों को लेकर भी यात्रियों को परेशानी हो रही थी सुबह के समय गाजियाबाद से मेरठ जाने के लिए लिए कोई ट्रेन नहीं है। सुबह के समय केवल मेरठ की ओर से आने वाली ट्रेन ही चल रही थी। इसी तरह शाम के समय मेरठ की ओर जाने के लिए तीन ट्रेन ही संचालित है।

शाम के समय मेरठ की ओर से गाजियाबाद आने के लिए कोई लोकल ट्रेन नहीं है। शाम को सवा पांच बजे गाजियाबाद से मेरठ की ओर जाने वाली अंबाला पैसेंजर भी अभी बंद थी। इन ट्रेनों के न चलने से सबसे ज्यादा दिक्कत दैनिक यात्रियों को हो रही थी।

# भाजपा नेता की सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर ठगी

### ● काम कराने की बदले मांगे थे 20 लाख

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

इंदिरापुरम में रहने वाले दो लोगों पर एक भाजपा नेता की फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर लोगों के साथ ठगी के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि दोनों खुद को भाजपा नेता का पीए बताकर लोगों के साथ ठगी करते हैं।

प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य अनीता जैन ने इंदिरापुरम निवासी हेमंत चौधरी और किरनपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उनका कहना है कि दोनों चाचा भतीजे हैं। भाजपा के एक नेता सह संगठन मंत्री की सोशल मीडिया आईडी बनाकर लोगों को संपर्कों का हवाला देकर ठगी करते हैं। उन्होंने मामले का संज्ञान लेकर सह संगठन मंत्री के कहने पर दोनों ठगों से बातचीत की और फिर लखनऊ में एक काम कराने की मांग की। इस बाबत ठग ने उनसे 20 लाख रुपये मांगे और फिर मैसेंजर से 1200 रुपये ट्रांसफर करने के लिए कहा। जांच कराने पर ठगों के पते इंदिरापुरम के सामने आए।

साइबर सेल व सर्विलांस में लखनऊ से सम्पर्क कर दोनों की लोकेशन ट्रेस कराई गई। इतना ही नहीं, आरोपी हेमंत चौधरी आइएएस अधिकारी के नाम से फेसबुक आईडी बनाकर लोगों को गुमराह करता है।

कुछ दिन पूर्व हेमंत चौधरी ने उनसे व्हाट्सऐप पर सम्पर्क कर 20 लाख रुपये मांगे थे।

पूरे मामले में आयोग की सदस्य ने इंदिरापुरम थाने में लिखित शिकायत दी। क्षेत्राधिकारी इंदिरापुरम अभय कुमार मिश्र का कहना है कि हेमंत चौधरी और किरन पाल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।

## एलिवेटेड रोड पर कार पलटी चालक सहित दो घायल

**गाजियाबाद।** सुबह एलिवेटेड रोड पर कई लोगों की जान उस समय बच गई, जब तेज गति से भाग रही एक टाटा टिगोर कार डिवाइडर से टकराकर साहिबाबाद थाना क्षेत्र में स्थित हज हाउस के पास पलट गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि डिवाइडर से टकराने के बाद कार ने सडक पर कई पलटियां खाई। इस हादसे में कार चालक सहित दो लोग ही घायल हुए। साहिबाबाद थाने के एसएचओ प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि जो कार पलटी वह संजीव कुमार निवासी गुलमोहर सोसायटी राजनगर एक्सटेंशन की है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि कार में मौजूद संजीव और उसके साथी को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

# युवती को नौकरी दिलाने के बहाने होटल में बुलाकर रेप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

युवक ने नौकरी दिलाने के बहाने युवती को सेक्टर-27 स्थित होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया।

आरोपी ने युवती के विरोध करने पर उससे मारपीट भी की। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ सेक्टर-20 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि एक युवक ने उनसे नौकरी दिलाने के नाम पर संपर्क किया था। युवक ने अपना नाम सागर बताया। सागर ने उसे सेक्टर.27 स्थित होटल में बुलाया। युवती का आरोप है कि उसे होटल



आने पर पता चला कि युवक का नाम सागर नहीं बल्कि शहबाज है।

आरोपी ने युवती के साथ होटल में दुष्कर्म किया। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली गलौच कर मारपीट की। जब पीड़िता ने घटना की जानकारी अपनी बहन को दी। पीड़िता की बहन ने आरोपी से बात की तो उसने उनके साथ भी बदसलूकी की।

## अस्पताल व सोसाइटी पर 32 हजार का जुर्माना

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग ने यथार्थ अस्पताल व कासा ग्रांड सोसाइटी पर 32700 रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की रकम तीन कार्य दिवस में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खाते में जमा कराने को कहा गया है।

सीईओ प्रेरणा शर्मा के निर्देश पर जन स्वास्थ्य विभाग कूड़े का उचित प्रबंधन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। प्रभारी डीजीएम सलिल यादव ने बताया कि यथार्थ हॉस्पिटल का जायजा लिया। हॉस्पिटल द्वारा कूड़े का उचित प्रबंधन नहीं पाया गया, जिसके चलते 21000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। कासा ग्रांड सोसाइटी पर 11700 रुपये का जुर्माना लगाया।

# औद्योगिक भूमि से प्राधिकरण ने हटाई झुग्गी झोपड़ी

### ● पुनर्वास योजना के तहत बस्ती वालों को दिए जा रहे फ्लैट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के औद्योगिक सेक्टर में बनी झुग्गी को तोड़ने का काम जारी है।

सोमवार को प्राधिकरण ने करीब एक दर्जन झुग्गियों को सेक्टर-8 से हटाया। इन झुग्गी वासी को सेक्टर-122 में झुग्गी झोपड़ी पुनर्वास योजना के तहत फ्लैट अलॉट हो चुके है। यहां झुग्गी को हटाकर जमीन को प्राधिकरण अपने कब्जे में रहा है। दरअसल, झुग्गी झोपड़ी पुनर्वास योजना के तहत सेक्टर-122 में 1771 प्लैट बनकर तैयार हैं। यहां झुग्गी झोपड़ी वालों को शिफ्ट किया जा रहा है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि 1771 फ्लैट बनकर तैयार हो गए हैं। जिनमें झुग्गियों में रहने वाले लोगों को शिफ्ट किया जा रहा है। जो लोग शिफ्ट हो चुके है उनकी झुग्गियों को सील कर ध्वस्त किया जा रहा है। सेक्टर 4, 5, 8, 9 और 10 में झुग्गी-झोपड़ियां है। प्राधिकरण करीब 11 हजार लोगों को घर देगी, लेकिन पहले चरण में 3 हजार लोगों को घर मिलेंगे। इसके तहत बन चुके फ्लैटों में झुग्गी वासियों को शिफ्ट किया जा रहा है। इन लोगों ने हाल ही में विधायक से शिकायत की थी सेक्टर.122 में बुनियादी सुविधाओं की कमी है। जिसे दुरुस्त करा दिया गया है। नोएडा के ये सबसे पुराने सेक्टर है।

प्राधिकरण में इन सेक्टरों को भू प्रयोग औद्योगिक है। यहां बड़ी बड़ी इंडस्ट्री लग सकती है। लेकिन कई सालों से यहां झुग्गी झोपड़ी वालों ने अवैध कब्जा कर रखा है। ऐसे में अब इनको विस्थापित किया जा रहा है। लैंड खाली होने के बाद यहां औद्योगिक इकाईयों के लिए योजना निकाली जाएगी।

# दादरी में एसडीएम के खिलाफ वकीलों ने की नारेबाजी

### ● एसडीएम पर लेटलतीफी का आरोप

**नोएडा।** दादरी तहसील में सोमवार को अधिवक्ताओं ने एसडीएम के खिलाफ मोर्चा खोला। अधिवक्ताओं ने एसडीएम दफ्तर में घुसकर ही नारेबाजी की और एसडीएम चोर है के जमकर नारे भी लगाए। उन्होंने कहा कि एसडीएम तहसील में बैठते ही नहीं है। ऐसे में अधिवक्ता भी परेशान हैं और अपने फरियाद लेकर आए लोग भी परेशान रहते हैं। आज उसी को लेकर इनके द्वारा एसडीएम के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। दादरी तहसील में सोमवार को अधिवक्ताओं का जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि एसडीएम दादरी न तो समय से आते हैं और ना ही अपने दफ्तर में बैठते हैं और ना ही कोर्ट में सुनवाई कर रहे हैं। जिससे कि फरियाद लेकर आए लोग भी परेशान हो रहे हैं और अधिवक्ताओं को भी परेशानी हो रही है। कई बार शिकायत के बाद भी इसमें कोई सुनवाई नहीं हुई है। आज इसी को लेकर अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट गया और उन्होंने एसडीएम के खिलाफही हल्ला बोल दिया। अध्यक्ष राजपाल सिंह नागर के नेतृत्व में तहसील के सभी अधिवक्ता इकट्ठा हुए और एसडीएम के दफ्तर में ही पहुंच गए।

# बिना इजाजत नहीं निकाला जाएगा मोहर्रम का जुलूस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जनपद में इसी माह आयोजित मोहर्रम के जुलूस निकाले के लिए प्रशासन की इजाजत लेनी होगी। इस दौरान किसी प्रकार की कोई उपद्रव बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

जिला प्रशासन की ओर से इसके लिए गाइडलाइन जारी कर दी गई है। साथ ही मुस्लिम समाज के लोगों के साथ बैठक कर त्योहार के बेहतर तरीके आयोजित करने व इस दौरान आने वाली समस्याओं को दूर कराने का काम किया जाएगा। एडीएम प्रशासन ऋतु सुहास ने बताया कि मोहर्रम का त्योहार 9 और 10 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इस दिन मुस्लिम समाज के लोग जुलूस निकालते है। जुलूस निकालने के लिए प्रशासन से इजाजत लेनी होगी। यह जुलूस किस समय किसी रुट से निकला जाएगा इसका रूट चार्ट देना होगा। पुलिस व प्रशासन उसी अनुसार सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम करेगी। बताए गए रास्ते के अलावा किसी अन्य मार्ग पर जुलूस निकालने की इजाजत नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि जिन मार्गों पर जुलूस निकाला जाएगा वहीं की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। ड्रोन के जरिए पूरे जुलूस पर नजर रखी जाएगी। मौहर्रम की मजलिसों में महिलाएं बड़ी संख्या में आवागमन करती हैं। सुबह के समय व अंधेर के दौरान की महिलाएं यहां जाती है।

### सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी नजर

भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाए। डीएम ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि नौ अगस्त को मोहर्रम, 11 को रक्षाबंधन, 15 को स्वतंत्रता दिवस और 18 को जन्माष्टमी पर्व है। ऐसे कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट है।

# संक्षिप्त समाचार

### नटवरलाल के सुरक्षाकर्मी की जमानत याचिका खारिज



**नोएडा।** चीनी नागरिकों के बिना वीजा रहने और फर्जीवाड़ा करने के मामले में चीनी क्लब की प्रबंधक को कोर्ट से जमानत मिल गई है। वहीं मुख्य आरोपी रवि कुमार नटवरवाल के निजी सुरक्षाकर्मी अशोक की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। 11 जून को नेपाल बार्डर से एसएसबी ने बिना वीजा दो चीनी नागरिक लु लैंग और यूं हेलंग को जासूसी के शक में गिरफ्तार किया था। इसके बाद ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रींस सोसायटी में रह रहे चीनी नागरिक सु फाइ व उसकी महिला मित्र नगालैंड निवासी पटेखे रेनुओ को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया था। इनसे पूछताछ के बाद रवि नटवरलाल, उसकी मंगेतर इब्बानी, पुष्पेंद्र, अशोक व अन्य चीनी नागरिकों की गिरफ्तारी हुई। मामले की जांच एसटीएफ व अन्य जांच एजेंसियां कर रही हैं। शनिवार को एसटीएफ ने तीन और आरोपितों को गिरफ्तार किया था। अशोक चौधरी, रवि नटवरलाल का निजी सुरक्षाकर्मी था।

### स्लाइडिंग गेट गार्ड पर गिरा, मौत

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-78 में स्थित सिक्का कार्मिक सोसाइटी के मेन गेट पर लगा लोहे का स्लाइड सिक्योरिटी गार्ड के ऊपर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए सफदरगंज अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सेक्टर-78 में सिक्का कर्मिक सोसाइटी में कॉमर्शियल वाहनों के लिए 2 गेट बनाए गए हैं। इन गेट पर लोहे के लगभग साढ़े पांच फुट ऊंचे स्लाइड गेट लगाये गए हैं। हमीरपुर के रहने वाले 28 साल के रामहित यादव यहां गार्ड था। वहा नोएडा के सलारपुर कॉलोनी में रहता था। वह लोहे के स्लाइडिंग गेट को खोल रहा था। तभी गेट का एक हिस्सा स्लाइड से निकलकर उसके ऊपर गिर गया। हादसे में एक अन्य गार्ड भी घायल है, जिसके पैर में चोट आई है।

### कार का शीशा तोड़कर नकदी और सामान चोरी

**नोएडा।** अमरपुर गांव निवासी प्रतीक चौधरी ने एक सप्ताह पहले नई कार खरीदी थी। वह दोपहर में सेक्टर अल्फा वन कॉमर्शियल बेल्ट गए थे। वह अपनी कार सड़क किनारे खड़ी कर बैंक चले गए। वह कुछ देर बाद वापस लौटे तो कार के पीछे की खिड़की का शीशा टूटा था। कार में रखे 20 हजार रुपये और सामान गायब था। उन्होंने सेक्टर बीटा-2 कोतवाली में लिखित शिकायत दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है। चोरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### प्लॉट बेचने के नाम पर 24 लाख रुपये ठगे

**नोएडा।** सदरपुर निवासी आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर बरौला के व्यक्ति से प्लॉट बेचने के नाम पर 24 लाख रुपये ठग लिए। जब पीड़ित ने अपने पैसे मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज हुआ है। बरौला गांव निवासी अरुण कुमार ने पुलिस को शिकायत दी है कि उन्होंने वर्ष 2015 में यमुना प्राधिकरण की आवासीय योजना में प्लॉट के लिए आवेदन किया था। उनका एक प्लॉट यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर.22 में निकला। इसी दौरान सदरपुर निवासी सुशील कुमार राणा से उनकी मुलाकात हुई। सुशील ने अरुण से उनका प्लॉट खरीदने के लिए कहा।

### मधुबन-बापूधाम थाना अध्यक्ष को किया सम्मानित

**गाजियाबाद।** संजयनगर आवासीय कल्याण परिषद द्वारा मधुबन.बापूधाम थाना अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। संजयनगर आवासीय कल्याण परिषद ने स्थानीय लोगों व व्यापारियों के साथ मिलकर थाना अध्यक्ष मुनेश सिंह और चौकी इंचार्ज संजयनगर सेक्टर 23 को माला व पटका पहनाकर और बुके देकर सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष वीके अग्रवाल ने बताया कि आने वाले दिनों में एक विशाल अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें एसएसपी व एसपी सिटी गाजियाबाद को भी सम्मानित किया जाएगा। इस मौके महामंत्री प्रदीप गर्ग, कोषाध्यक्ष हरीश शर्मा, सुरेंद्र पाल त्यागी, सुरेंद्र पंडित, परशुराम ब्राहमण एकता मंच के जिला महामंत्री ब्रजमोहन पंडित, शिवेन्द्र अवस्थी आदि मौजूद रहे।


ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

**नियम 8 (6) का प्रावधान देखें**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थिीत में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | विजय ग्रोवर (कर्ज़दार), रीना ग्रोवर (सह-कर्ज़दार) LBDEL00002365295 | फ्लैट नंबर बी1 1301, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी. सुपर बिल्टअप एरिया- 1765 वर्ग फीट | रू. 85,73,644.81 (जुलाई 22, 2022 तक) | रू. 44,00,000/- / रू. 4,40,000/- | अगस्त 08, 2022 को दो. 02:00 बजे से दो. 04:00 बजे तक | अगस्त 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 2. | विजय ग्रोवर (कर्ज़दार), रीना ग्रोवर (सह-कर्ज़दार) LBDEL00002371601 | फ्लैट नंबर बी1 1302, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी सुपर बिल्टअप एरिया- 1765 वर्ग फीट | रू. 85,10,612.81 (जुलाई 08, 2022 तक) | रू. 44,00,000/- / रू. 4,40,000/- | अगस्त 08, 2022 को दो. 02:00 बजे से दो. 04:00 बजे तक | अगस्त 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 3. | विक्रांत सिंह (कर्ज़दार), रितु सिंह (सह-कर्ज़दार) LBGUR00002386632 | फ्लैट नंबर बी1-1802, 18वीं मंज़िल, जेकेजी पाम कोर्ट, जीएच-1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी. सुपर बिल्ट अप एरिया- 1765 वर्ग फीट | रू. 87,45,639.77 (जुलाई 08, 2022 तक) | रू. 55,00,000/- / रू. 5,50,000/- | अगस्त 08, 2022 को दो. 02:00 बजे से दो. 04:00 बजे तक | अगस्त 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 4. | कनिष्का (कर्ज़दार), संतोष कुमारी (सह-कर्ज़दार) LBGUR00002372750 | बी-2-1303, 13वीं मंज़िल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच/1-डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी सुपर बिल्ट अप एरिया- 1395 वर्ग फीट | रू. 74,91,515.78 (जुलाई 22, 2022 तक) | रू. 35,00,000/- / रू. 3,50,000/- | अगस्त 08, 2022 को दो. 02:00 बजे से दो. 04:00 बजे तक | अगस्त 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 5. | आदित्य प्रकाश (कर्ज़दार), प्रेम शशांक (सह-कर्ज़दार) LBGHZ00002441728 | फ्लैट नंबर 1408, 14वीं मंजिल टॉवर- ए2, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच -1डी सेक्टर -16सी में स्थित, ग्रेटर नोएडा, नोएडा सुपर बिल्टअप एरिया- 1185 वर्ग फीट | रू. 54,50,982.48 (जुलाई 22, 2022 तक) | रू. 32,00,000/- / रू. 3,20,000/- | अगस्त 08, 2022 को दो. 02:00 बजे से दो. 04:00 बजे तक | अगस्त 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से |
| 6. | हिमांशु गुप्ता (कर्ज़दार), वंदना रानी (सह-कर्ज़दार) LBGHZ00002313993 | फ्लैट नंबर बी1 1801, 18वीं मंजिल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, यूपी सुपर बिल्टअप एरिया- 1765 वर्ग फीट | रू. 88,23,832.14 (जुलाई 26, 2022 तक) | रू. 48,00,000/- / रू. 4,80,000/- | अगस्त 08, 2022 को दो. 02:00 बजे से दो. 04:00 बजे तक | अगस्त 23, 2022 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **अगस्त 22, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ङ संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक-**अगस्त 22, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **अगस्त 22, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9599281817/ 8584874809** या **मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : अगस्त 02, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., 4/10, मैत्री टावर, बोम्मनहल्ली, होसूर मेन रोड, बेंगलूरू-560 068

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह बिना तामील वापस प्राप्त की जा चुकी है और अतएव उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जॉनालिन अलरानी एस एवं गणशेखरन ए. मकान नंबर 2, क्रिश्चियन स्ट्रीट, तिरूकट्टूपल्ली, तंजौर-613104/ एलबीटीएनजे00000562228 | (जैसाकि मकान नंबर 2, क्रिश्चियन स्ट्रीट, तिरूकट्टूपल्ली, तंजौर-613104 के साथ संबंधित ऋण दस्तावेजों /सम्पत्ति दस्तावेजों में वर्णित है) | 15-10-2021 रू. 3,13,093/- | 11-06-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 02-08-2022
स्थान : दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



Mahindra HOME FINANCE

**महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

कार्पोरेट कार्यालय :- महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400 018, भारत, फोन : +91 22 66523500, फैक्स : +91 22 24972741
आंचलिक कार्यालय : एलडीए कालोनी, बी-2/बी-70, कानपुर रोड, निकट फीनिक्स मॉल, लखनऊ
शाखा कार्यालय : एफ/एफ, प्लॉट नंबर 17, संजय नगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर, निकट विशाल मेगा मार्ट और पीएनबी बैंक, संजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201001

**Possession Notice**

(अचल सम्पत्ति के लिए) (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के अधीन)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है), जिसका पंजीकृत कार्यालय लखनऊ में और शाखा कार्यालय गाजियाबाद में स्थित है, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन आप कर्जदारों (नाम और पता नीचे वर्णित) को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें उक्त सूचना में वर्णित बकाया राशि, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।

उपरिवर्णित कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा उपरिवर्णित कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित संपत्ति का कब्जा इस 7 तारीख को ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) | मांग सूचना तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (एलसी नंबर : 586251 मुरादाबाद शाखा) ओम हरि (कर्जदार) कविता देवी (सह कर्जदार) प्रदीप कुमार शर्मा (गारंटर) | प्लॉट नंबर 4 ए, खसरा नंबर 296 मिन, प्रथम तल, गणेश वाटिका, ग्राम डासना, डासना, गाजियाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201001 पूरब : रोड 30 फीट, पश्चिम : प्लॉट नंबर 3, उत्तर : सुनील का प्लॉट, दक्षिण : प्लॉट नंबर 4 | 01-15-2021 रू. 13,81,404/- | 28-07-2022 सांकेतिक कब्जा |

स्थान : दिल्ली, तिथि : 02-08-2022 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# स्कूल कैब चालकों की हड़ताल से अभिभावक बेहाल

## ई-रिक्शा, ऑटो और स्कूटर से बच्चों को स्कूल छोड़ने पहुंचे मां-बाप, देर से गए दफ्तर




कहीं ई रिक्शा तो कहीं एक ही स्कूटर पर कई बच्चें सवार होकर स्कूल पहुंचे। फोटोः रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### ● परिवहन विभाग के मोटे चालान से नाराज चल रहे है दिल्ली के कैब चालक

परिवहन विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान से निजी स्कूल कैब चालक काफी परेशान हैं। इसको लेकर निजी स्कूल कैब चालकों की यूनयिन ने सोमवार को एक दिन की हड़ताल बुलाई थी।

हड़ताल की वजह से निजी स्कूलों से बच्चों को लाने ले जाने का काम करने वाली कैब सड़कों पर नजर नहीं आई। इसकी वजह से लाखों बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी होगी। ऐसे में उनके माता-पिता को अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए समय निकालना पड़ेगा। अधिकांश बच्चे रिक्शा, आटो व स्कूटर पर क्षमता से अधिक बच्चे बैठकर स्कूल जाते हुए दिखाई दिए। कई माता-पिता स्कूटर पर तीन से चार बच्चों को स्कूल छोड़ने पहुंचे। एक अनुमान के मुताबिक दिल्ली में करीब 35 हजार कैब चालक हैं।

स्कूल कैब ट्रांसपोर्ट यूनियन क आरोप है कि निजी कैब चालकों को स्कूल कैब में तब्दील करने के लिए सरकार ने अब तक कोई विकल्प नहीं दिया है। निजी स्कूली कैब को कामर्शियल व्हीकल में बदलने के लिए परमिट देने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। परिवहन विभाग द्वारा निजी कैब चालकों पर लगातार हो रही कार्रवाई से मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। यूनयिन नेताओं का आरोप है कि परविहन विभाग स्कूल कैब के खिलाफ अभयिान छेड़े हुए हैं। इस कार्रवाई के दौरान कैब को बंद करने और भारी भरकम चालान किए जा रहे हैं। परिवहन विभाग की टीम 10 से लेकर 25 हजार रुपये तक का चालान किया जा रहा है। कैब यूनियन का कहना है कि मांगें नहीं मानी गई तो बैठक कर हड़ताल को आगे बढ़ाने का फैसला लिया जाएगा। उधर, किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी का कहना है कि भारतीय किसान यूनियन हड़ताल का समर्थन करती है। दिल्ली सरकार उन्हें अकेला समझने की कोशिश न करे। यूनियन का आरोप है कि बीते दो हफ्ते से परिवहन विभाग स्कूली कैब को लेकर अभियान चला रहा है।

सात सौ से अधिक कैब को सीज किया जा चुका है, जिससे कैब चालकों को उसे छुड़ाने में मोटी रकम खर्च करनी पड़ी है। दरअसल राजधानी में करीब 50 फीसदी से अधिक स्कूली कैब गैर व्यावसायिक हैं, जिन्हें लेकर परिवहन विभाग का कहना है कि अगर कोई हादसा हो जाता है तो उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा। कैब में निर्धारित सीटों से ज्यादा बच्चों को बैठाया जा रहा है, जिसके चलते अभियान चलाया जा रहा है।

उधर, यूनियन का कहना है कि गत पांच साल से स्पीड गवर्नेंस से जुड़े नियमों के चलते परिवहन विभाग ने व्यावसायिक श्रेणी में स्कूल कैब में किसी वाहन की खरीद नहीं होने दी है। यूनियन की ओर से जब यह मुद्दा उठाया गया तो परिवहन विभाग आश्वासन देता है कि निजी कैब को व्यावसायिक श्रेणी में परिवर्तित करने का मौका दिया जाएगा, लेकिन अब मौका दिए बिना ही स्कूल कैब को जबरन सीज किया जा रहा है। इसलिए सोमवार से हड़ताल पर जाने का फैसला लिया है।

# संजय अरोड़ा ने संभाली दिल्ली पुलिस की कमान, बोले- पुलिसिंग को देंगे नया आयाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



सलामी लेते पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा।

संजय अरोड़ा ने दिल्ली पुलिस की कमान संभाल ली है। उन्होंने सोमवार को औपचारिक रूप से मुख्यालय में दिल्ली पुलिस के नए आयुक्त के तौर पर पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण के बाद अरोड़ा ने कहा कि दिल्ली पुलिस का इतिहास बेहतर जनसेवा, सुरक्षा के साथ-साथ त्याग और बलिदान से भरा है। उन्हें भरोसा है कि राजधानी की सेवा में वह इसे न सिर्फ जारी रखेंगे बल्कि पुलिसिंग को नया आयाम देने में भी कामयाब होंगे।

पुलिस प्रमुख के तौर पर कार्यभार संभालने के बाद संजय अरोड़ा ने दिल्ली पुलिस आयुक्त के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर कहा कि सोमवार को उन्होंने दिल्ली के पुलिस आयुक्त का पदभार संभाला। दिल्ली पुलिस की समृद्ध विरासत राष्ट्रीय राजधानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सर्वोच्च नागरिक सेवाओं और बलिदानों से परिपूर्ण है।

मुझे विश्वास है कि साथ मिलकर हम इस भावना को आगे बढ़ाएंगे और पुलिसिंग (पुलिस व्यवस्था) के नए मानक स्थापित करेंगे। 1984 बैच के आईपीएस अधिकारी राकेश अस्थाना की सेवानिवृत्ति होने के बाद केंद्र सरकार ने 57 वर्षीय अरोड़ा को रविवार को दिल्ली पुलिस का आयुक्त नियुक्त किया था। आयुक्त के तौर पर अरोड़ा की नियुक्ति केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उनके तमिलनाडु से एजीएमयूटी में अंतर कैडर प्रतिनियुक्ति को मंजूरी देने के बाद की गई। दिल्ली पुलिस केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करती है और उसके अधिकारी अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित क्षेत्र (एजीएमयूटी) कैडर के होते हैं।

अरोड़ा ने तमिलनाडु पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के पुलिस अधीक्षक के रूप में भी सेवाएं दी हैं, जिसका गठन चंदन तस्कर वीरप्पन को पकड़ने के लिए किया गया था और इस कार्यकाल के दौरान उन्हें बहादुरी के लिए मुख्यमंत्री के वीरता पदक से सम्मानित किया गया था। उन्होंने 2002 और 2004 के बीच कोयंबटूर के पुलिस आयुक्त के रूप में कार्य किया। अरोड़ा को पिछले साल अगस्त में आईटीबीपी का महानिदेशक नियुक्त किया गया था। उन्होंने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सीमा सुरक्षा बल में भी अपनी सेवाएं दीं। लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के उदय के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को सुरक्षा प्रदान करने के लिए अरोड़ा ने विशेष सुरक्षा समूह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### आईटीबीपी के डीजी का प्रभार एस एल थाओसेन को सौंपा

*नई दिल्ली। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक एस एल थाओसेन ने सोमवार को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार अपने बैचमेट संजय अरोड़ा से ग्रहण किया। लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में आईटीबीपी मुख्यालय में दोनों अधिकारियों ने हाथ मिलाया और इसके बाद अरोड़ा ने कार्यभार थाओसेन को सौंप दिया। आईटीबीपी के दस्ते ने अरोड़ा को सलामी दी जिसके बाद उन्होंने अपनी खाकी वर्दी पर दिल्ली पुलिस के प्रतीक चिह्न और बिल्ले (बैज) लगाए और मुख्यालय से रवाना हो गए।*

# भाजपा विधायकों ने केजरीवाल के आवास के बाहर दिया धरना



### ● सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग की, सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नेता उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन को बर्खास्त करने की मांग को लेकर यहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर सोमवार को धरने पर बैठ गए।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने सिसोदिया और जैन को कैबिनेट से हटाने की मांग को लेकर केजरीवाल से मिलने के लिए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसमें पार्टी नेता और विधायक शामिल थे। बहरहाल, वे मुख्यमंत्री से मिल न सके, क्योंकि केजरीवाल गुजरात में हैं, जहां वह राजकोट में एक रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा नेताओं का आरोप है कि आबकारी नीति 2021-2022 में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और वे आबकारी विभाग का ज़िम्मा संभालने वाले सिसोदिया को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश की है। जैन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### जंतर मंतर पर 16 से रोजगार आंदोलन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय रोजगार नीति और लोगों को नौकरियों की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर 16 अगस्त को यहां जंतर मंतर पर 200 से ज्यादा छात्र और युवा संगठन, श्रमिक संगठन, शिक्षक संघ और बुद्धिजीवी एकत्र होंगे। वे हफ्ते भर लंबे रोजगार आंदोलन के तहत जंतर मंतर पर एकत्रित होंगे। संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति (एसआरएएस) के तत्वाधान में रोजगार आंदोलन होगा और यह 22 अगस्त तक जारी रहेगा।

# कई बार-होटलों ने शराब परोसने से किया इनकार

### ● 31 जुलाई को आबकारी लाइसेंस की अवधि समाप्त होने पर शराब के शौकीन रहे परेशान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




शराब पीने वालों को सोमवार को मुश्किल का सामना करना पड़ा, क्योंकि दिल्ली के रेस्तरां, बार और होटलों ने 31 जुलाई को अपने आबकारी लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद शराब परोसने से इनकार कर दिया। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को दिल्ली सरकार द्वारा इस आशय का निर्णय लिए जाने के बाद होटल, बार और रेस्तरां के शराब परोसने के वास्ते लाइसेंस को एक महीने के लिए बढ़ाने की मंजूरी दे दी। आबकारी विभाग जल्द ही इस आशय का आधिकारिक आदेश जारी करेगा।

रेस्तरां मालिकों ने कहा कि लाइसेंस की अवधि बढ़ाने की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, जिसके कारण इसको पूरा करने में कम से कम एक-दो दिन लगेंगे, यानी लोगों को अभी शराब के लिए इंतजार करना होगा। सोमवार को कई लोग अनजाने में रेस्तरां और बार में गए और शराब मांगी, लेकिन उनके अनुरोध को ठुकरा दिया गया। इससे पहले दिन में नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधियों ने आबकारी विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर मौजूदा लाइसेंसों को नवीनीकृत करने का अनुरोध किया। एक ज्ञापन में एनआरएआई ने कहा कि उद्योग ने नवंबर 2021 से नई आबकारी नीति को लागू किए जाने का स्वागत किया था।

#### देशी शराब का लाइसेंस 30 सितंबर तक

*सरकार ने देशी शराब विक्रेताओं के लाइसेंस दो महीने यानी 30 सितंबर तक बढ़ाने का फैसला किया है, क्योंकि नई निविदाओं को अंतिम रूप दिया जाना अभी बाकी है। सरकार द्वारा रविवार को एक महीने का विस्तार दिए जाने के बावजूद ऐसी दुकानें जिनमें भारतीय और विदेशी ब्रांड की शराब बेंची जाती हैं, वे बंद रहेंगी।*

#### सभी दुकानें एक महीने और खुलेंगी

नई आबकारी नीति के तहत शुरू हुई शराब की दुकानें एक महीने तक और खुलेंगी। एलजी विनय कुमार सक्सेना ने देर रात इसकी मंजूरी दे दी है। गत आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया ने नई आबकारी नीति वापस लेने और पुरानी नीति के तहत शराब बिक्री होने का ऐलान किया था। दरअसल, शनिवार से लेकर सोमवार तक दिल्ली में शराब की बिक्री को लेकर असमंजस्य की स्थिति बनी हुई थी।

# डेंगू के इस साल अब तक 169 मामले सामने आए

### ● वर्ष 2017 के बाद से यह अबतक का सबसे अधिक केस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में इस साल 30 जुलाई तक डेंगू के लगभग 170 मामले सामने आए हैं, जो 2017 के बाद से इस अवधि के लिए सर्वाधिक हैं।

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई में डेंगू के कम से कम 26 मामले सामने आए। एमसीडी की रिपोर्ट के अनुसार शहर में जनवरी में डेंगू के 23, फरवरी में 16, मार्च में 22, अप्रैल में 20, मई में 30 और जून में 32 मामले सामने आए। 25 जुलाई तक कुल 159 मामले सामने आए थे। इस तरह, एक सप्ताह में 10 नए मामले सामने आए।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में 2017 में एक जनवरी से 30 जुलाई के बीच डेंगू के 185 मामले सामने आए थे।रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल एक जनवरी से 30 जुलाई के बीच डेंगू के 52 मामले सामने आए थे। 2020 में इस अवधि के दौरान 31, जबकि 2019 में 40 और 2018 में 56 मामले सामने आए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल डेंगू से किसी की मौत होने का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है। डेंगू के मामले आमतौर पर जुलाई से नवंबर के बीच सामने आते हैं।

### जेएनयू छात्रों ने छात्रावास आवंटन की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्रों ने छात्रावास का तत्काल आवंटन करने और उसकी मरम्मत की मांग करते हुए सोमवार को डीन ऑफ स्टूडेंट्स के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन नाम के एक छात्र संगठन ने किया। डीएसएफ अध्यक्ष स्वाति सिंह ने कहा, हमने तत्काल छात्रावास आवंटन की मांग करते हुए डीओएस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रत्यक्ष रूप से कक्षाएं तीन अगस्त से शुरू हो रही हैं, लेकिन कई छात्रों को अब तक छात्रावास आवंटित नहीं किए गए हैं। यहां पूरी तरह अराजकता की स्थिति है।

# खजूरी खास में व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वोत्तर दिल्ली के खजूरी खास में 22 वर्ष के एक व्यक्ति की कुछ लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बिहार के पूर्णिया निवासी अनवारुल हक के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि हक बिहारीपुर स्थित एक कारखाने में काम करता था, जहां स्कूल बैग बनाए जाते हैं। पुलिस ने कहा, 31 जुलाई को खजूरी खास पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल आई थी कि एक व्यक्ति को कुछ लड़कों ने चाकू मार दिया है। पुलिस का एक दल तत्काल मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक लोगों ने घायल व्यक्ति को एक अस्पताल पहुंचा दिया था।

उन्होंने बताया कि हालांकि, उस व्यक्ति को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा, हमने भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 34 के तहत एक मामला दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान टीम ने मौके पर लगे कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले। अधिकारी ने कहा कि एक फुटेज में कुछ लड ? हक पर चाकुओं से हमला करते और मौके से भागते हुए दिखे।

# नई शिक्षा नीति से आया बदलावः शर्मा

पीएनएस। नई दिल्ली/कोटा



बेनेट यूनिवर्सिटी द्वारा अंत:विषय अध्ययन की भूमिका पर एक मेगा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि व रेल मंत्रालय की आईआरपीएस अधिकारी अंजलि बिड़ला ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों द्वारा उनके अभिभावकों के समर्थन से विषयों के विभिन्न विकल्पों का मूल्यांकन करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कानूनी विशेषज्ञ आरती शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति से देश की शिक्षा प्रणाली में व्यावहारिक बदलाव आ रहा है। बेनेट यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, के वरिष्ठ संकाय डॉ इंद्रजीत गुप्ता ने स्टार्ट-अप की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

बेनेट यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ की सीनियर फैकल्टी डॉ. दक्षा शर्मा ने कहा कि किसी भी अकादमिक अनुशासन का अध्ययन या अभ्यास अलग-अलग नहीं किया जा सकता है। सभी विषयों का परस्पर संबंध है। उन्होंने बेनेट विश्वविद्यालय उच्च श्रेणी के आधारभूत ढांचे, बेहतर पाठ्यक्रम, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसरों व नवीन पाठ्यक्रमों पर चर्चा की। लखन भदौरिया और दीपशिखा चावला, बेनेट विश्वविद्यालय के प्रबंधकों ने विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के बारे में छात्रों का मार्गदर्शन किया।

# मतदाता पहचान पत्र को आधार नंबर से लिंक करें : सीईओ

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ने दिल्ली वालों से की अपील

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने के नियम जारी कर दिए हैं। मतदाताओं के लिए आधार की जानकारियां साझा करना उनकी इच्छा पर होगा, लेकिन ऐसा न करने वाले लोगों को इसकी पर्याप्त वजहें बतानी होंगी। चुनाव आयोग से चर्चा के बाद कानून मंत्रालय ने गत दिनों अधिसूचना जारी कर दिया है। इसके साथ ही पिछले साल पारित चुनाव सुधारों को लागू करने की शुरुआत हो गई। नए बदलाव 1 अगस्त से प्रभावी हो गए हैं।

दिल्ली मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ने दिल्ली वालों से मतदाता पहचान पत्र को आधार संख्या से जोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा इस मुहिम का मकसद मतदाताओं की पहचान स्थापित करना और मतदाता सूची में प्रविष्टियों का प्रमाणीकरण करना है। एक मतदाता अपना आधार नंबर ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से जमा कर सकता है। प्रत्येक व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में सूचीबद्ध है, अधिनियम की धारा 23 की उप-धारा (5) के अनुसार फॉर्म 6बी में पंजीकरण अधिकारी को अपना आधार नंबर की जानकारी दे सकता है।

डॉ. रणबीर सिंह ने सोमवार को मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों को कानून में संशोधन और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय द्वारा मतदाता पहचान पत्र के साथ आधार को जोड़ने के बारे में जानकारी प्रसारित करने और जागरूकता फैलाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। सीईओ यह भी बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

उन्होंने राजनीतिक दलों को संशोधित कानून के तहत नए आवेदन फॉर्म और 4 त्रैमासिक योग्यता तिथियों के बारे में भी जानकारी दी। डॉ. सिंह के अनुसार नए मतदाता जिन्होंने अपने मतदाता पहचान पत्र के लिए नामांकन नहीं किया है, वे अपने आधार कार्ड के साथ नामांकन कर सकते हैं साथ ही मौजूदा मतदाता जो पहले से ही मतदान सूची में नामांकित हैं, वे भी स्वेच्छा से अपने मतदाता पहचान पत्र के साथ अपना आधार कार्ड जोड़ सकते हैं।

### मतदाताओं से संपर्क कार्यक्रम 1 अप्रैल 2023 तक पूरा होगा

फॉर्म 6बी में आधार संख्या एकत्र करने के लिए मतदाता सूची में पंजीकृत 100 फीसदी मतदाताओं से संपर्क करने के लक्ष्य के साथ कार्यक्रम 1 अप्रैल 2023 तक पूरा किया जाएगा। मतदाताओं से आधार नंबर का संग्रह स्वैच्छिक आधार पर किया जाता है। प्रत्येक व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल है, अधिनियम की धारा 23 की उप-धारा (5) के अनुसार फॉर्म पंजीकरण अधिकारी को अपना आधार नंबर साझा कर सकता है। 1 अगस्त से शुरू किया आधार को ऑनलाइन भरने के लिए फॉर्म 6बी ईसीआई/सीईओ वेबसाइट और इरोनेट, गरुड़, एनवीएसपी, वीएचए आदि पर उपलब्ध होगा। बीएलओ, ईआरओ या अधिकृत किसी अधिकारी के माध्यम से ऑफलाइन जमा करने के लिए मुद्रित फॉर्म 6बी की उपलब्ध कराएं जाएंगे।

### जामिया में टीकाकरण शिविर आज से

**नई दिल्ली।** जामिया मिलिया इस्लामिया आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के तौर पर मंगलवार से 18 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए पांच दिन के कोविड-19 टीकाकरण शिविर की शुरूआत करेगा। विश्वविद्यालय ने इसकी जानकारी दी।

जामिया मिलिया इस्लामिया मिशन मोड के तहत विश्वविद्यालय के डॉ. एम. ए. अंसारी स्वास्थ्य केंद्र द्वारा दो से छह अगस्त तक 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों के लिए कोविड टीकाकरण अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नि:शुल्क टीकाकरण के लिए पंजीकरण शुरू हो चुका है। जामिया की कुलपति प्रो. नजमा अख्तर दो अगस्त को अंसारी स्वास्थ्य केंद्र में इस शिविर और कुछ नई सुविधाओं का उद्घाटन करेंगी।

# चौटाला की सजा निलंबित करने संबंधी याचिका पर आदेश सुरक्षित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### ● आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति का मामला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति के मामले में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को सुनाई गई चार साल कारावास की सजा निलंबित करने का अनुरोध करने वाली, उनकी याचिका पर सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

चौटाला की पैरवी वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने की। चौटाला ने दलील दी कि उनकी दोषसिद्धि एवं मामले में उन्हें दी गई सजा को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर फैसला लंबित रहने तक उन्हें रिहा किया जाना चाहिए। इसके बाद न्यायमूर्ति योगेश खन्ना ने कहा, हम उपयुक्त आदेश पारित करेंगे। निचली अदालत ने 27 मई को, 1993 से 2006 तक आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में चौटाला को दोषी करार दिया था और चार साल कैद की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर 50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। निचली अदालत ने संबंधित अधिकारियों को उनकी चार संपत्तियों को जब्त करने का भी निर्देश दिया था। हरिहरन ने प्रतिवेदन दिया, वह 88 वर्ष के हैं और याचिका पर एक बार में फैसला नहीं हो सकता। चौटाला ने कोर्ट बताया कि वह पहले ही मामले के सिलसिले में पांच साल जेल में बिता चुके हैं।

# मेदांता में भर्ती विधायक संजय सिंह का हाल जानने पहुंचे सीएम

ब्रेन अटैक होने पर विधायक 26 जुलाई को हुए थे मेदांता में भर्ती

विधायक संजय सिंह की तबियत में अब बताया जा रहा है सुधार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित मेदांता मेडिसिटी में सोहना के विधायक संजय सिंह का हालचाल पूछते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**यहां** मेदांता मेडिसिटी में उपचाराधीन सोहना के विधायक संजय सिंह का हालचाल जानने के लिए सोमवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल अस्पताल पहुंचे। काफी देर तक उन्होंने विधायक संजय सिंह से बात की। साथ ही चिकित्सकों से उनकी सेहत के बारे में जानकारी हासिल की।

बता दें कि बीती 26 जुलाई 2022 को सोहना के विधायक संजय सिंह पूरा दिन कार्यक्रमों के बाद अपने घर पहुंचे थे। अचानक उनके सिर में दर्द हुआ और तबियत बिगड़ती चली गई। तत्काल उन्हें मेदांता मेडिसिटी में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें ब्रेन अटैक आने की रिपोर्ट दी। उनका तुरंत उपचार शुरू किया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई। सोमवार को विधायक का हालचाल पूछने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल मेदांता पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने संजय सिंह के कंधे पर हाथ रखकर उन्हें जल्द स्वस्थ होकर मुख्यधारा में आने की बात कहकर उनका हौंसला बढ़ाया। फिलहाल उनकी हालत में सुधार है।

मेदांता अस्पताल में डॉ. नरेश त्रेहान की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। ईलाज कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि अब विधायक का स्वास्थ्य पहले से ठीक है। उनके कुछ आवश्यक टेस्ट व अन्य स्वास्थ्य जांच करने उपरान्त उन्हें छठी मंजिल के आईसीयू वार्ड में शिफ्ट किया गया था। स्वास्थ्य में निरन्तर हो रहे सुधार को ध्यान में रखते हुए उन्हें शनिवार को सामान्य वार्ड में शिफ्ट किया गया है। सामान्य वार्ड में भी विधायक अब बेहतर महसूस कर रहे हैं। आगामी कुछ दिनों में यदि सब कुछ सामान्य रहा तो जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

# मच्छरों से बचाव के लिए नियमित फॉगिंग कराना जरूरी : बागड़ी

निगमायुक्त को मांग पत्र भेजकर फॉगिंग कराने की उठाई मांग

वार्ड-10 के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी व पार्षद शीतल बागड़ी ने किया पत्राचार



पार्षद शीतल बागड़ी व पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी।

**गुरुग्राम।** नगर निगम वार्ड-10 के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी और पार्षद शीतल बागड़ी ने नगर निगम आयुक्त को निगम के डीजी डाक पोर्टल के माध्यम से मांग पत्र भेजकर वार्ड में फॉगिंग कराने की मांग उठाई है। उन्होंने मांग पत्र के माध्यम से निगमायुक्त को अवगत कराया है कि बरसात के मौसम में बारिश होने से मच्छरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है जो अत्यंत ही घातक है।

लोगों को मच्छरों के कारण डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों की चिंता सता रही है। जनता को मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए नियमित रूप से फॉगिंग कराना जरूरी है। उन्होंने निवेदन किया है कि जनता की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए वार्ड-10 सहित अन्य इलाकों में नियमित रूप से फॉगिंग कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बागड़ी ने मांग पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि पिछले वर्ष बरसात के मौसम में हमने नगर निगम से समय से फॉगिंग कराने की मांग की थी। निगम ने तत्काल प्रभाव से इस पर सुनवाई करते हुए समय से फॉगिंग कराने का काम किया। हमारा निवेदन है कि इस साल भी मच्छरों से जनता को सुरक्षित रखने के लिए समय से अतिशीघ्र, नियमित रूप से फॉगिंग कराने का काम शुरू किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### नारायणा स्कूल में चला सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान



गुरुग्राम के नारायणा ई-टैक्नो स्कूल में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम अभियान के दौरान प्रतियोगिता में बच्चों को सम्मानित करते नोडल अधिकारी सुभाष यादव।

**गुरुग्राम।** नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान एवं इसका उपयोग बन्द करने के लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को एमजी रोड स्थित नारायणा ई-टैक्नो स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम गुरुग्राम की पर्यावरण एवं स्थिरता विंग के नोडल अधिकारी सुभाष यादव व संयुक्त आयुक्त (एसबीएम) डा. नरेश कुमार ने अपने संबोधन में सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे नुक्कड़ नाटक, कविता, भाषण आदि के माध्यम से नो प्लास्टिक यूज का संदेश दिया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान भी कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। नोडल अधिकारी सुभाष यादव ने कहा कि सरकार द्वारा एक जुलाई से 19 प्रकार की सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग, भंडारण, बिक्री, आयात एवं उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया गया है। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा निगम क्षेत्र में विशेष टीमों का गठन करके इसका इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे अपने परिजनों, जानकारों एवं आस-पड़ोस में रहने वालों को इस बारे में जागरूक करें तथा सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग बन्द करवाने में अपना योगदान दें।

### साइबर ठगी के अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वे ऑनलाइन शराब डिलीवरी, ओएलएक्स खरीद/बेच, सैक्सटॉर्शन माध्यम से ठगी करते थे। पुलिस उपायुक्त (अपराध) प्रीतपाल ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि इन आरोपियों ने बीते माह यानी जुलाई में यहां एक वाइन शॉप से ठगी की थी। 25 जुलाई 2022 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि जगदीश वाइन शॉप से किसी व्यक्ति ने ऑनलाइन वाइन देने के नाम पर धोखाधड़ी करके करीब एक लाख 5 हजार रुपये ऐंठ लिए। इस शिकायत पर साइबर थाना क्राइम में केस दर्ज किया गया। सूचना तंत्र और तकनीकी सहायता से पुलिस तीन आरोपियों को राजस्थान के भरतपुर से गिरफ्तार करने में सफल हुई। तीनों आरोपियों के नाम आकिब जावेद, तस्लीम खान और साबिर हैं। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वे ऑनलाइन वाइन डिलीवरी, ओएलएक्स पर सामान, वाहन खरीदने-बेचने व सेक्टॉर्शन आदि को माध्यम बनाकर रुपए ऐंठते थे। ठगी करने के लिए तीनों आरोपी ईमेल, मैसेज, व्हाट्सएप मैसेज इत्यादि विभिन्न माध्यमों से लिंक भेजकर व कॉल करके लोगों से सम्पर्क करते थे। अकाउंट में रुपए जमा होने के बाद ये सारे रुपए निकाल लेते थे। आरोपी साबिर खान ठगी करने के लिए फर्जी नाम पते के बैंक खाते व सिम कार्ड उपलब्ध कराता था। इनके द्वारा प्रयोग किए गए बैंक खाते की जांच में पाया गया कि पिछले 15 दिनों में ही इन्होंने लगभग 25 लाख रुपए ठग लिए हैं।

# पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा में दो नई नियुक्तियां

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



विवेक सिंगला। बलजीत सिंह।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा की ओर से गुरुग्राम जिला में दो नियुक्तियां की गई हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, विभाग के प्रदेश प्रभारी रविंद्र बलियाला और प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल से विचार-विमर्श करने के बाद जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल ने विवेक सिंगला को जिला कोषाध्यक्ष और बलजीत सिंह बसवाल को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है।

प्रदेश प्रभारी रविंदर बलियाला, प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल ने उन्हें संगठन के हित में निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित पार्टी है। इसमें हर कार्यकर्ता को उचित सम्मान दिया जाता है। पार्टी के लिए काम करने वाले छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी यहां सम्मान मिलता है। नवीन गोयल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण विभाग बहुत ही महत्वपूर्ण विभाग है। विभाग से जुड़ा हर कार्यकर्ता पर्यावरण में सुधार की दिशा में काम कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में हरियाणा में भाजपा मजबूती हुई है। जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल ने दोनों पदाधिकारियों से उम्मीद जताई कि वे अपने पद की गरिमा में रहते हुए संगठन के लिए मजबूती से काम करेंगे।

अपनी नियुक्ति पर विवेक सिंगला और बलजीत सिंह बसवाल ने कहा कि वे अपने पद पर रहते हुए पार्टी के लिए पूरी मेहनत से काम करेंगे। पार्टी के साथ पर्यावरण संरक्षण विभाग में मिले दायित्व को वे ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में हर कार्यकर्ता को समय पर उचित सम्मान मिलता है। उन्हें मिली जिम्मेदारी उनका बहुत बड़ा सम्मान है।

# निर्माणाधीन मकान से ठेकेदार साथी के साथ सामान चोरी करता पकड़ा

**सोहना।** भोंडसी की वाटिका कुंज कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान मालिक ने ठेकेदार के खिलाफ सामान चोरी का मामला दर्ज कराया है। मकान मालिक ने रंग-पेंट करने वाले ठेकेदार व उसके साथ पर रसाई व बाथरूम का हजारों रुपये का कीमती सामान चोरी करता रंगे हाथों पकड़ लिया।

मकान मालिक सुरेश कुमार ने बताया कि उसने अपने नये मकान में रंग-पेंट करने का ठेका जिला नूंह का गांव घासेड़ा निवासी मुस्ताक को दिया था। उसका दूसरा साथी साहिल भी उसके साथ काम कर रहा था। इसके साथ उसके मकान में प्लंबर का कार्य करने वाला ठेकेदार भी काम कर रहा है, लेकिन वह रात के समय में काम नहीं करता। रात में केवल रंग-पेंट करने वाला मुस्ताक व उसके साथी ही करते है। लेकिन पिछले कई दिनों से उसका प्लंबर का सामान गायब हो रहा था। जिसकी कीमत हजारों रुपये थी। उसने विवार की रात को अपने सामान की निगरानी की तो रंग-पेंट ठेकेदार मुस्ताक व उसका साथी साहिल को सामान को चुराते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

# राजकीय स्कूलों में एसएमसी के माध्यम से विकास कार्य होंगे : शिक्षा मंत्री

कंवरपाल सिंह ने कहा, इससे स्कूलों में होने वाले विकास कार्यों में पारदर्शिता रहेगी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



प्रदेश शिक्षामंत्री कंवरपाल सिंह को गांव का स्कूल अपग्रेड कराए जाने पर उनके निवास पर मिष्ठान खिलाते दमदमा के ग्रामीण।

**प्रदेश** शिक्षा मंत्री कंवरपाल सिंह ने कहा कि राज्य के सभी राजकीय स्कूलों में एसएमसी के माध्यम से विकास कार्य कराएं जाएंगे। जिससे स्कूलों में होने वाले विकास कार्यों में पारदर्शिता रहेगी। दमदमा के सीनियर सैकेंडरी स्कूल में जल्द ही स्टाफ की आपूर्ति की जाएगी।

हाल ही में दमदमा के राजकीय मिडल स्कूल को ग्रामीणों की मांग पर अपग्रेड करके सीनियर सैकेंडरी किया गया था। जिसके लिए ग्रामीणों ने प्रदेश शिक्षा मंत्री कंवरपाल सिंह से स्कूल को अपग्रेड किए जाने की मांग की थी। स्कूल अपग्रेड होने पर रविवार को गांव के लोग शिक्षामंत्री के निवास स्थान जिला यमुनानगर के शहर जगाधरी पहुंचे। जहां पर ग्रामीणों ने प्रदेश शिक्षामंत्री का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर समाज सेवी श्योराज, पूर्व सरपंच विजय कुमार, एक्स सूबेदार गोपीराम, विरेन्द्र सिंह, योगेन्द्र, प्रसराम आदि मौजूद थे। शिक्षा मंत्री से ग्रामीणों ने स्कूल में स्टाफ के साथ-साथ उसकी चार दीवारी तथा कमरे बनाएं जाने की मांग की। इन मांगों को स्वीकारते हुए शिक्षामंत्री ने जल्द ही स्कूल में स्टाफ की कमी को पूरा करने का आश्वासन दिया। कंवरपाल सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने राजकीय स्कूलों में विकास कार्य कराने की भागीदारी अब एसएमसी को सौंपने जा रही है। किसी भी स्कूल में विकास कार्यों एसएमसी के माध्यम से होगा। जिससे ग्रामीण अपनी देखरेख में स्कूलों में होने वाले निर्माण कार्यों को तसल्ली से करा सके।

विकास कार्यों के लिए दी जाने वाली राशि के खर्च में पारदर्शिता आएगी। शिक्षामंत्री ने कहा कि इस योजना से सरकारी राशि का सही ढंग से उपयोग होगा और विकास का कार्य सही ढंग से हो सकेगा। इस अवसर पर समाज सेवी श्योराज, पूर्व सरपंच विजय कुमार, एक्स सूबेदार गोपीराम, विरेन्द्र सिंह, योगेन्द्र, प्रसराम आदि मौजूद रहे।

# कुछ नेता होते हैं गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले

मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कहा, पंचायत विभाग में भ्रष्टाचार होगा जड़ से समाप्त

पंचायत मंत्री ने कहा, वह देशभक्त परिवार से जनसेवा करने के लिए राजनीति में आए हैं

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना में सोमवार को देवीसिंह पंवार के घर पर पहुंचे पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली।

**प्रदेश** में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए ईमानदारी राजनीति का होना बहुत जरुरी है। प्रदेश मनोहर लाल की ईमानदार सरकार हर कदम पर फैले भ्रष्टाचार को समाप्त करना चाहती है, लेकिन राजनीति में कुछ नेता गिरगिट की तरफ से रंग बदलने वाले होते हैं। जिनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर होता है।

प्रदेश सरकार में पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली सोमवार को शहर के वार्ड-5 में देवीसिंह पंवार के निवास पर जलपान करने पहुंचे। इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह बबल पंचायत मंत्री हरियाणा सरकार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ईमानदार होना, ईमानदारी दिखाना और ईमानदारी से कार्य करने के अलग-अलग पहलु होते हैं। पिछले 6-7 माह में पंचायत विभाग के अंदर 80 फीसदी भ्रष्टाचार समाप्त हो गया है। प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को फैलाने वालों पर पूरी तरह से नकेल कसी जानी है। पंचायत मंत्री ने कहा कि वह देशभक्त परिवार से जनसेवा करने के लिए राजनीति में आए हैं। जबकि राजनीति में ऐसे नेता भी है चुनाव के समय ईमानदार और जीतने पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते है। उनके विभाग में केवल ईमानदारी से कार्य करने वाले अधिकारी ही नौकरी करेंगे। पंचायत चुनाव में सभी पदों के एक साथ चुनाव होगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तुरन्त बाद ही चुनाव कराया जाएगा। सरकार की पूरी तैयारियां हो चुकी है।

# एपेक्स कॉप ग्रुप हाऊसिंग सोसायटी का कंपोस्टिंग प्लांट स्थापित

ठोस कचरा प्रबंधन में गुरुग्राम के बढ़ते कदम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-45 स्थित एपेक्स कॉप ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में कंपोस्टिंग प्लांट का उद्घाटन करते डिप्टी म्यूनिसिपल कमिशनर डा. विजयपाल यादव।

**ठोस** कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत बल्क वेस्ट जनरेटरों को अपने यहां निकलने वाले कचरे का निष्पादन स्वयं के स्तर पर ही करना अनिवार्य है। इसी कड़ी में गुरुग्राम ने एक और कदम आगे बढ़ाया है।

यहां सेक्टर-45 स्थित एपेक्स कॉप ग्रुप हाऊसिंग सोसायटी ने कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए अपने परिसर में कंपोस्टिंग प्लांट स्थापित किया है। इस प्लांट का शुभारंभ नगर निगम गुरुग्राम के डिप्टी म्यूनिसिपल कमिशनर डा. विजयपाल यादव द्वारा किया गया। इस प्लांट में सोसायटी से निकले वाले गीले कचरे अर्थात किचन वेस्ट व हॉर्टिकल्चर वेस्ट से खाद तैयार की जाएगी तथा उस खाद का उपयोग सोसायटी के पार्क एवं पौधों में किया जाएगा। इससे एक ओर जहां कचरा प्रबंधन सही तरीके से होगा, वहीं दूसरी ओर हरियाली को भी बढ़ावा मिलने में सहायता मिलेगी। इस मौके पर सोसायटी के निवासियों से बातचीत करते हुए डा. यादव ने कहा कि सरकार द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। नियमों के तहत हमारे द्वारा उत्पादित किए जाने वाले कचरे का सही ढंग से निपटान करना भी हमारी ही जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हम सभी को चाहिए कि हम अपनी जिम्मेदारियों को समझें तथा घरेलू स्तर पर ही गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करना शुरू करें। इसके तहत अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग करें। किचन वेस्ट अर्थात फल-सब्जियों के बचे हुए टुकड़े व छिलके, बचा हुआ खाना, चायपत्ती आदि को हरे रंग के डस्टबिन में रखें। इसके तहत सूखा कचरे के लिए नीले रंग के डस्टबिन का प्रयोग करें। इसमें धातुओं के टुकड़े, गत्ता, कागज, प्लास्टिक आदि को डालें। इस प्रकार अपनी आदत में कचरा अलगाव को शामिल करके हम कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

# फरूखनगर से सराय रोहिल्ला तक न को गोयल बंधुओं ने दिखाई झंडी

सुल्तानपुर-कालियावास स्टेशन पर सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में ट्रेन को किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के खंड फरूखनगर के गांव सुल्तानपुर में ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करते डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल।

**सोमवार** को आखिर वह दिन आ ही गया, जब कोरोना महामारी के समय में बंद की गई ट्रेन का फिर से संचालन शुरू हो गया। इसका पूरा श्रेय रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य डा. डीपी गोयल को ग्रामीणों की ओर से दिया गया। क्योंकि उनकी यात्रा को सुगम बनाने के लिए डा. गोयल ने ही सकारात्मक प्रयास किए और उन्हें अंजाम तक पहुंचाया। सोमवार को फरूखनगर-सराय रोहिल्ला रेल रूट पर गांव सुल्तानपुर-कालियावास स्टेशन से ट्रेन नंबर-74033-74036 को सायं 04:25 बजे डा. डीपी गोयल एवं नवीन गोयल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। सुल्तानपुर-कालियावास स्टेशन पर दोपहर बाद से ही ग्रामीण इकट्ठे होने शुरू हो गए थे। दैनिक यात्री संघ से राव मान सिंह, हरभजन सिंह समेत अनेक लोग फूलमालाएं लिए हुए वहां खड़े थे। ट्रेन रवाना होने के तय समय से पूर्व ही रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल वहां पहुंचे। दैनिक यात्री संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों और ग्रामीणों की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें पगड़ी पहनाई गई। इस मौके पर दैनिक यात्री संघ से राव मान सिंह के अलावा हरभजन सिंह, भीम सिंह सारवान, प्रवीण अग्रवाल, गगन गोयल, बाली पंडित, रजनीश राठी, कृष्ण यादव, योगेश आचार्यपुरी, ईशु वाल्मीकि, सुशील चौहान सरपंच सुल्तानपुर, पोसवाल, योगेश शर्मा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

ट्रेन को रवाना करने से पूर्व ग्रामीणों के बीच डा. डीपी गोयल ने कहा कि जनसेवा ही उनका ध्येय है और जनसेवा का कोई स्वरूप नहीं होता। वह कहीं पर भी किसी भी रूप में की जा सकती है।

# नवनिर्वाचित 21 पार्षदों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

**सोहना।** नगर परिषद के नवनिर्वाचित 21 पार्षदों ने सोमवार को पद व गोपनीयता की शपथ ली। सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने शपथ दिलवाई। शपथ लेने वालों में 21 पार्षदों में से 9 महिला पार्षद थी। नगर परिषद के नवनिर्वाचित 21 पार्षदों ने चुनाव परिणाम के 40 दिन बाद पद व गोपनीयता की शपथ ली। पहली बार मतदाताओं द्वारा चुनी गई नवनिर्वाचित चेयरपर्सन अंजू बाला इस शपथ ग्रहण समारोह में शपथ नहीं ले सकीं। सभी पार्षदों को शहर के पलवल मार्ग पर स्थित अग्रसेन भवन में एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस शपथ ग्रहण समारोह में विधायक संजय सिंह की पत्नी वंदना सिंह तथा नवनिर्वाचित पार्षदों के परिजनों ने लेकर मित्रगण और रिश्तेदारों ने भी भाग लिया। नगर परिषद के सभी अधिकारी इस समारोह में मौजूद रहे। शहर के पूर्व पार्षद और चेयरमैन ने भी शपथ ग्रहण समारोह के हिस्सा बनें।


**ये रहे शपथ लेने वाले पार्षद :** वार्ड-1 से अंजू बाला, वार्ड-2 से रिना देवी, तीन से मनोज अहवाना, चार से नीतिन यादव, पांच से वेदकला शर्मा, छह से राकेश कुमार, सात से प्रविन्द्र सिंह, आठ से कपिल सैनी, नौ से मुकेश कुमार, दस से ललिता, ग्यारह से साहिल, बारह से ताहिरा, चौदह से नीरज, पन्द्रह से राजकुमार गोयल, सोलह से हरीश नन्दा, सत्रह से ओमप्रकाश, अठारह से सुनीता देवी, उन्नीस से राखी, बीस से सतेन्द्र सिंह तथा इक्कीस से निर्मला देवी शामिल थी। अगर परिषद कार्यालय में पिछले एक साल से सदन न होने के कारण विकास कार्यों की गति धीमी चल रही थी। शहर में मुख्य रूप से शहर में जलभराव की समस्या सबसे बड़ी है।

### शामिल हुए 17 चेहरे नए

**सोहना** नगरपरिषद में इस बार 17 पार्षदगण नए पहुंचे हैं। जबकि चार पार्षद क्रमशः हरीश नंदा, राजकुमार गोयल, वेदकला शर्मा व ताहिरा पुराने सदस्य हैं। जिसके चलते सदन नए पार्षदों से चलेगा। इसके अलावा सदन में इस बार 9 महिलाएं भी पहुंचीं हैं। जबकि पुरुष 12 हैं।

# निक ऑनेस्टली नॅचरल आईस्क्रीम ने उत्तर भारत के स्टोर्स में सीजनल सीताफल फ्लेवर प्रस्तुत किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**भारत** के सबसे तेजी से विकसित होते हुए आईस्क्रीम ब्रांड, निक ऑनेस्टली नॅचरल आईस्क्रीम ने एक नया एक्सक्लूसिव सीजनल फ्लेवर प्रस्तुत किया है। यह फ्लेवर पूरे देश में मिलेगा। सीताफल का यह लिमिटेड कलेक्शन इस सीजन हर स्थान पर पहुंच जाएगा। यह फ्लेवर दिल्ली और लुधियाना में निक स्टोर्स तथा सभी फूडटेक प्लेटफॉर्म्स पर मिलेगा। इस नए आईस्क्रीम फ्लेवर में बेहतरीन, क्रीमी और लजीज स्वाद होगा क्योंकि इसे 100 प्रतिशत प्राकृतिक अवयवों और शुद्ध दूध का इस्तेमाल करके बनाया गया है और इसमें कोई भी कृत्रिम फ्लेवर, रंग या प्रिज़र्वेटिव नहीं डाला गया है। ऑनिस्टली नॅचरल नाम इसी चीज़ को प्रदर्शित करता है। निक ऑनिस्टली नॅचरल आईस्क्रीम आपको आकर्षक फ्लेवर्स प्रस्तुत करती है, जो केवल शुद्ध दूध, प्राकृतिक अवयव और हाथों से आईस्क्रीम बनाने की तकनिक द्वारा ही उत्पन्न किए जा सकते हैं। दिल्ली खानपान की संस्कृति का हॉटस्पॉट है, यह एक मात्र शहर है, जहां के खानपान में उसके इतिहास, संस्कृतियों और परंपराओं की झलक देखने को मिलती है। दिल्ली में सालों से दुनिया के हर कोने से मुसाफिर आते रहे हैं और यहां के नागरिकों में भी खानपान के प्रति विशेष रुचि है। अपनी इस रुचि को पूरा करने के लिए आप निक की सीताफल आईस्क्रीम का कप लेकर उसके बेहतरीन स्वाद और सीताफल की लजीज क्रीम से मिठास की अपनी प्यास बुझाएं। नए लॉन्च किए गए फ्लेवर के बारे में संजीव शाह, डायरेक्टर, वाल्को फूड कंपनी प्राईवेट लिमिटेड ने कहा, ''हमारा सीज़नल सीताफल फ्लेवर दिल्ली और लुधियाना के हमारे स्टोरों में हमारे सीज़नल मेन्यू को और ज्यादा आकर्षक बना देगा। हम अपने ग्राहकों को स्वादिष्ट आईस्क्रीम खाने का बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम दिल्ली और लुधियाना में अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ स्वाद वाली आईस्क्रीम प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। यह स्वादिष्ट आईस्क्रीम ग्राहकों के बीच बहुत लोकप्रिय हो जाएगी और हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहक बार-बार यह आईस्क्रीम खाने के लिए हमारे पास आएंगे। यह एक क्रीमी और कुरकुरी स्कूप है, जो नए सीजन की बेहतरीन शुरुआत करेगी।''

सीजनल सीताफल फ्लेवर दिल्ली और लुधियाना के सभी निक स्टोर्स पर मिलेगा और यह फूडटेक प्लेटफॉर्म्स पर भी उपलब्ध है। **निक ऑनेस्टली नॅचरल आईस्क्रीम के बारे में:** निक ऑनिस्टली नॅचरल आईस्क्रीम की स्थापना साल 2015 में ग्राहकों को बेहतरीन क्वालिटी, इनोवेशन में शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए की गई थी। ऑनिस्टली नॅचरल आईस्क्रीम केवल एक नाम नहीं, बल्कि यह एक वादा है कि इस आईस्क्रीम में कोई भी कृत्रिम फ्लेवर, कलरिंग एजेंट या प्रिज़र्वेटिव नहीं हैं। निक ऑनिस्टली नॅचरल आईस्क्रीम ने मार्च 2022 में प्रतिष्ठित बार्क राइजिंग ब्रांड अवार्ड जीता। निक ऑनिस्टली नॅचरल आईस्क्रीम स्विगी और ज़ोमैटो जैसे फूडटेक प्लेटफॉर्म्स पर सबसे लोकप्रिय आईस्क्रीम ब्रांड है तथा यह फ्रूट एवं ड्राई फ्रूट से लेकर अंतर्राष्ट्रीय फ्लेवर, जैसे मेडिटेरेनियन सी साल्टेड कैरेमल, मेडागास्कर चॉकलेट, फ्रेंच वैनिला आदि प्रदान करता है।

# मिलावटी खाद्य तेल बना रहा लोगों को हृदयरोगी

**कविता।** फरीदाबाद

**एक** दाना सरसों नहीं, और सरसों का तेल तैयार। चौकिए नहीं। यह कोई चमत्कार नहीं, मिलावटखोरों की करतूत है। पैसे के लालच में सेहत के दुश्मन, सरसों तेल के नाम पर सस्ता पाम या अन्य ऑयल बेच रहे हैं। प्रतिबंधित सिंथेटिक कलर मिलाकर सरसों तेल बना रहे हैं। गंध के लिए एसेंस मिला देते हैं। मिलावटी तेल से देश में ह्दयरोगी बढ़ रहे हैं। खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण द्वारा तेल में मिलावट का पता लगाने के लिए अगस्त माह में सरसों के तेल में मिलावट का पता लगाने के लिए ट्रांसफैट जांच की जाएगी। यह जानकारी खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण के डेजीग्नेटिड ऑफिसर पृथ्वी सिंह ने पायनियर दैनिक समाचार पत्र को दी।

उन्होंने बताया कि मिलावटी सरसों का तेल खुलेआम बेचा जा रहा है, लेकिन अब खुले बिक रहे तेल की ट्रासंफैट जांच करके उसके सैम्पल केंद्र सरकार की लैब में भेजे जाएंगे। सैम्पल फेल पाए जाने पर पांच लाख रुपये तक का जुर्माना और तीन साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि अब उनके पास मैजिक मशीन भी है, जिसमें 120 तरह के खाद्य पदार्थों की जांच हो जाती है।



अपने दफ्तर में 120 सैंपल जांच करने वाली मशीन को दिखाते पृथ्वी सिंह।

**न ले खुला तेल :** डीओ पृथ्वी सिंह ने कहा कि बोतलबंद तेल का ही इस्तेमाल करना चाहिए। अधिकांश लोग खुला तेल खरीदकर खाने में इस्तेमाल करते हैं। उस तेल में मिलावट होती है। जिससे देश में ह्दयरोगियों की संख्या बढ़ रही है। खुले तेल में लोग इस्तेमाल किया हुआ तेल मिलाकर खुलेआम बेचते हैं। अब उन्हें एक माह तक खुले तेल की जांच के निर्देश मिले हैं। जिसे देखते हुए उन्होंने टीम का गठन कर दिया है। जिसमें एफएसओ डॉ. सचिन शर्मा और अन्य अधिकारी मौजूद है। एक से 30 अगस्त तक टीम शहरभर में जांच के बाद सैम्पल लेगी।

**मुनाफे का खेल :** पृथ्वी सिंह ने बताया कि पाम और अन्य सस्ते ऑयल 40 से 50 रुपये लीटर है। सरसों तेल का तेल करीब 250 रुपये लीटर। लालच में मिलावटखोर लोगों की सेहत से खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसकी जांच का एक तरीका है कि तेल को फ्रिज में रखें। अगर नकली होगा तो थोड़ा सा जम जाएगा। असली तेल नहीं जमेगा।

**हर चीज में मिलावट :** पृथ्वी सिंह ने बताया कि पिछले दिनों 135 सैम्पल जांच किए गए थे। जिसमें 23 सैम्पल फेल पाए गए। इसमें 22 सबस्टैंडर्ड, 9 सैम्पल मिसब्रांड, दो अनसेफ पाए गए हैं। वहीं 63 सैम्पल ठीक थे। शेष 39 की रिपोर्ट आनी है। 23 फेल सैम्पलों के अदालत में केस डाल दिए गए हैं।

## रक्तदान शिविर एवं भंडारे का आयोजन

**फरीदाबाद।** सखी एजुकेशन एंड हेल्थ वेलफेयर सोसायटी फरीदाबाद द्वारा आचार्य अरुण सागरजी का अवतरण दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर आराध्या धाम जैन मंदिर सेक्टर-88 ग्रेटर फरीदाबाद में रक्तदान शिविर एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर का आयोजन रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से किया गया। जिसमें लगभग 25 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। संस्था द्वारा भंडारे का भी आयोजन गया। संस्था के प्रधान डीके जैन ने बताया कि आचार्य अरुण सागरजी का यह 60वां अवतरण दिवस है। हर साल आचार्य अरूण सागरजी के अवतरण दिवस सामाजिक कार्य का आयोजन किया जाता है।

# वर्ल्ड स्ट्रीट में होगा हर घर तिरंगा जनजागरण साइकिल यात्रा का समापन

### केंद्रीय राजयमंत्री कैबिनेट मंत्री सहित तमाम विधायक साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसी** जितेन्द्र यादव ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत 4 अगस्त को शहर में विशाल साइकिल जन जागरण यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ दोपहर 3:00 बजे सेक्टर 12 स्थित टाउन पार्क से होगा। इसके पश्चात यात्रा शायद छह बजे ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट पहुंचेगी।

ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा बैंड की मधुर स्वर ध्वनियों के बीच भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को सीनियर टाउन प्लानर रेणुका सिंह ने ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में हर घर तिरंगा अभियान के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन साइकिल यात्रा को लेकर वीरवार को फरीदाबाद में विभिन्न स्थानों पर लोगों को प्रेरित करके जागरूकता अभियान चलाएगा। जिसका समापन सेक्टर-79 वर्ल्ड स्ट्रीट पर किया जायेगा। समापन समरोह के मद्देनजर सीनियर टाउन प्लानर रेणुका सिंह ने आज ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट मॉल के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया तथा समापन कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।


ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर निरक्षण करते अधिकारी।

उन्होंने बताया कि आगामी वीरवार को तिरंगा साईकिल रैली सेक्टर 12 खेल परिसर से शुरू होकर शहर में विभिन्न स्थानों से होते हुए ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट माल तक जाएगी। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जगह जगह लोगों को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा।

आपको बता दे कि केंद्रीय राजयमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर मुख्यातिथि के रूप में, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा विशिष्ठ अतिथि के तौर पर शिरकत कर जान जागरण साईकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस दौरान बड़खल की विधाकायक सीमा त्रिखा, फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, तिगांव के विधायक राजेश नागर, पृथला के विधायक नयनपाल रावत, एनआईटी विधायक नीरज शर्मा और मुख्यमंत्री के राजीनीतिक सचिव अजय गौड़ विशेष रूप से उपस्तिथ रहेंगे। इस अवसर पर ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट के चेयरमैन रोहताश गोयल, ओएसडी रोहताश, अनिल रावल, प्रशांत परिदा, मानव गोपाल सहित कई अधिकारीगण मौजूद रहे।

# समयबद्ध तरीके से समस्याओं का निपटान करें : मलिक


सेक्टर 12 में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अतिरिक्त** मुख्य सचिव अनिल मलिक ने कहा कि फरीदाबाद जिला में ऑनलाइन तकनीकी विकासात्मक कार्यों को गम्भीरता से पूरा करना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी सरकार की हिदायतों के अनुसार सभी कार्यों का बेहत क्रियान्वयन करें।

हरियाणा सरकार के इनफॉरमेशन, टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक ने आज सोमवार को मंडलायुक्त संजय जून व पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा सहित जिला के उच्च अधिकारियों के साथ ऑनलाइन आई शिकायतों सहित तमाम तकनीकी पहलुओं पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

समीक्षा बैठक में मंडल आयुक्त संजय जून, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, डीसी जितेंद्र यादव, नगर निगम कमिश्नर यशपाल, एचएसवीपी के प्रशासक जितेन्द्र दहिया, एसीईओ स्मार्ट सिटी डॉक्टर गरिमा मित्तल, एडीसी मोहम्मद इमरान रजा, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद, नगराधीश नसीब कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक ने सबसे पहले मंडल आयुक्त संजय जून से फरीदाबाद मण्डल से ऑनलाइन टेक्नोलॉजी व कम्युनिकेशन की विस्तार पूर्वक जानकारी ली।

# प्रकृति निभा रही है, हम भी निभाना सीखें : नागर


ओमैक्स स्पा ग्रेटर फरीदाबाद में पौधा रोपण करते विधायक राजेश नागर व सोसायटी के सदस्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तिगांव** से भाजपा विधायक राजेश नागर ने ओमेक्स स्पा विलेज सोसायटी में पौधारोपण किया। इस मौके पर विधायक ने लोगों से कहा कि प्रकृति अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभा रही है, हमें भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। हमें पौधे लगाकर उन्हें वृक्ष बनाना चाहिए।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण शुद्ध होगा तो हमारा जीवन भी निरोगी होगा। यदि पर्यावरण खतरे में आएगा तो हमारे जीवन पर भी संकट आएगा। श्री नागर ने कहा कि तिगांव क्षेत्र में विकास कार्यों पर तेजी आई है और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर विभिन्न विभाग चुस्ती से काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि बरसात के कारण जो भी समस्याओं का सामना आपको करना पड़ रहा है, उन्हें जल्द दूर कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के फलदार, घनी छाया देने वाले सैकड़ों पौधे लगाए गए और लोगों से उन्हें पालने की जिम्मेदारी लेने की अपील की गई। विधायक नागर ने कहा कि आपने मुझे अपनी स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए चुना है और मैं 24 घंटे आपके लिए उपलब्ध हूं। हमारी भाजपा सरकार समाज के समग्र विकास के लिए काम कर रही है।

## अवैध हथियार के साथ दो झपटमार किए गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वार शहर में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी सेटी मलिक की टीम ने देसी कट्टे के साथ स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अरबाज और तनवीर का नाम शामिल है। आरोपी अरबाज उत्तरप्रदेश के बदायूं जिले के गांव ननाखेडा का तथा वर्तमान में फरीदाबाद की गांधी कॉलोनी में रहता है तथा आरोपी तनवीर फरीदाबाद की नेहरु कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम एएसआई सुरेश, सिपाही अखण्डप्रताप, विरेन्द्र विकास और शिव की टीम ने दोनों आरोपियो को एनआईटी के एयर फोर्स रोड़ टाउन नम्बर-4 के पार्क के पास से थाना सेंट्रल के अवैध हथियार से स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने के मामले में गिरफ्तार किया है।

# हरित आवास के लिए प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग पर कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** आवास बैंक (रा.आ.बैंक) ने भारत पर्यावास केंद्र, नई दिल्ली में देश में हरित आवास के लिए प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग एवं ऊर्जा वित्त (सनरेफ) इंडिया आवास कार्यक्रम के योगदान को प्रदर्शित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया। भारत मेंसनरेफ कार्यक्रम हरित किफायती आवास परियोजनाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से अप्रैल 2019 में आरंभ हुआ।




विगत तीन वर्षों में, सनरेफ इंडिया हरित कार्यक्रम ने 5,300 परिवारों को लगभग 100 मिलियन यूरो का पुनर्वित्त प्रदान किया है, जिनमें से 60 प्रतिशत से अधिक महिला स्वामी हैं एवं उनमें से आधे परिवार निम्न आय वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हैं। रा.आ.बैंक के प्रयास जलवायु परिवर्तन का समर्थन करने हेतुदेश में हरित किफायती आवास को बढ़ाने के लिए भारत सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप है। विगत तीन वर्षों में, कार्यक्रम ने 20 प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं छह कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिसमें 1,500+ लोगों को हरित आवास की विभिन्न अवधारणाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम ने विभिन्न ज्ञान संपार्श्विक विकसित किए हैं, जिसमें भारत में सनरेफ इंडिया कार्यक्रम को प्रचारित करने हेतुहरित आवास के लाभों से संबंधित ब्रोशर, पत्रक, सक्सेस स्टोरी बुकलेट्स, फिल्म प्रचारक, एवं टीवी विज्ञापन शामिल हैं। अंतिम कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से बहुपक्षीय/द्विपक्षीय एजेंसियों, आवास वित्त कंपनियों, अचल संपत्ति विकासकर्ता, सरकारी एजेंसियों, हरित निर्माण विशेषज्ञों, वास्तुकार एवं हरित सामग्री उत्पादकों के लगभग 100 प्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की।

इस कार्यक्रम में एसके होता, प्रबंध निदेशक-राष्ट्रीय आवास बैंक, लॉरेंट ले डैनोइस, अटैच, प्रतिनिधि, यूरोपीय संघ, भारत एवं भूटान के समन्वय अनुभाग के टीम लीडर एवं जैकी एम्प्रो-क्षेत्रीय निदेशक, एएफडी दक्षिण एशिया ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# खुद को कौशलवान बनाएं युवा : कुलपति

### स्कूली छात्रों के लिए आयोजित 'इलेक्ट्रॉनिक प्रसार' कार्यक्रम को किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसके तोमर ने सोमवार को आज छात्रों से आह्वान किया कि वे जीवन की चुनौतियों का सामना बेहतर ढंग से करने के लिए खुद को सक्षम और कौशलवान बनाएं। कुलपति प्रो. तोमर विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित 'इलेक्ट्रॉनिक प्रसार' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

सामाजिक कार्यकर्ता एवं रोटरी क्लब फरीदाबाद के सदस्य संदीप सिंघल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप डिमरी, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा और डीन (एफईटी) प्रो. एमएल अग्रवाल भी इस अवसर पर उपस्थित थे।


जेसी बोस विश व विद्यालय में कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते कुलपति एसके तोमर।

कार्यक्रम का आयोजन कार्यशाला के माध्यम से स्कूली छात्रों को विज्ञान और इंजीनियरिंग का बुनियादी ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से लिए किया गया था। कार्यशाला में फरीदाबाद के सेक्टर-86 स्थित साईं धाम के शिरडी साईं बाबा स्कूल के 11वीं और 12वीं के छात्र शामिल हुए। कार्यशाला का समन्वय माइक्रोवर्ड क्लब के छात्र वालंटियर्स द्वारा फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. रश्मि चावला और संगीता ढल की देखरेख में किया जायेगा।

प्रो. तोमर ने कहा कि युवा किसी भी देश की ताकत होते हैं। एक विकासशील राष्ट्र के रूप में हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने युवाओं की अपार ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएं। हमें उन्हें न केवल कुशल बनाना है बल्कि उन्हें समाज का जिम्मेदार नागरिक भी बनाना है। उन्होंने कहा कि छात्र का सामाजिक विकास उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि व्यक्तिगत या शैक्षणिक विकास।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एस. संदीप सिंघल ने स्कूली छात्रों के लिए व्यावहारिक कार्यशाला आयोजित करने की विश्वविद्यालय की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय हमेशा सामाजिक कार्यों में सबसे आगे रहा है और छात्रों को कौशल और व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करके समाज में बहुत योगदान दे रहा है। इससे पहले, प्रो. प्रदीप डिमरी ने अतिथि एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यशाला की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग स्कूली छात्रों के लिए 30 घंटे की कार्यशाला आयोजित कर रहा है। कार्यशाला के दौरान छात्रों को विश्वविद्यालय में स्थापित गोदरेज दिशा केंद्र के माध्यम से घरेलू उपकरणों के बारे में बुनियादी कौशल और ज्ञान प्रदान किया जाएगा।

# बिजली मीटर की समस्या को लेकर की शिकायत



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बिजली** मीटर की समस्या को लेकर तिगांव विधानसभा के शिव एंकलेव पार्ट-3 बसंतपुर के निवासी नेशनल केयर फाऊंडेशन के बैनर तले जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी से उनके सेक्टर-37 स्थित कार्यालय पर मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

कालोनी के लोगों ने उमेश भाटी को बताया कि पल्ला नहरपार अगवानपुर/ इस्माइलपुर/ बसंतपुर एरिया से सटा हुआ क्षेत्र नियर पुश्ता के पास शिव एंकलेव पार्ट-3 है। यहां 2200 के लगभग परिवार कई वर्षो अपना जीवन बसर करते आ रहे है। इस क्षेत्र में कुछ लोगों के बिजली के मीटर लगे है और कुछ के नहीं, जिनके मीटर नहीं लगे है फिर भी उनका बिल आता है। हमने कई बार पल्ला पावर हाऊस एसडीओ साहब से इस समस्या को दूर करने की बात कही तो पता चलता है कि जमुना से सटा होने की वजह से यहां बिजली के मीटर नहीं लग सकते। जबकि जमुना से काफी दूर हमारा क्षेत्र है। यहां पर स्कूल, मंदिर मस्जिद भी है। लोगों ने बताया कि हरियाणा के हर क्षेत्र में सरकार ने बिजली को घर-घर तक पहुंचा दिया है ताकि क्षेत्रवासी अंधेरे में जीवन यापन ना करें। लोगों ने बताया कि अब हमें हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से उम्मीद है इसलिए हम उमेश भाटीजी के पास अपनी गुहार लेकर आए हैं। उमेश भाटी ने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्दी ही उन्हें इस समस्या से निजात मिलेगी और कानूनी प्रकियाओं को ध्यान में रखते हुए उनके मीटर जल्दी ही लगाए जाएंगे। इस मौके पर संजय कुमार चौधरी फौजी, निजाम अहमद, मुकेश झा, असरार अहमद, साजिद मोहम्मद गुफरान, रजा खान, राकेश कुमार ठाकुर, उमर असरार आदि मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## मंदिर में किया विशाल भंडारे का आयोजन



**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद के ऐतिहासिक माता पथवारी मंदिर में कुंजी बंसल (हलवाई) द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं हरियाण प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक ने शामिल होकर माता पथवारी से आशीर्वाद लिया। क्षेत्र के लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर बलजीत कौशिक ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों से हिस्सा लेने से मनुष्य को मानसिक व आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। इसलिए मनुष्य को अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में प्रभु की आराधना के लिए अवश्य समय निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सुख-समृद्धि का आगमन होता है इसलिए प्रत्येक मनुष्य को ऐसे आयोजन में अपनी भागेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कुंजी बंसल द्वारा किए गए इस आयोजन के लिए उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर संजय, कपिल, पवन गुप्ता, संजय गुप्ता, मुकेश कुमार, मनोज बंसल, कर्मबीर खटाना, मेहरचंद पाराशर, अजय शर्मा, अंजू रावत, आशीष पहलवान, दीपक भारद्वाज एवं लक्ष्मण भुर्जी सहित क्षेत्र के मौजिज लोग मौजूद थे।

## पीछा कर कार पर फायरिंग करने के आरोप में पांच नामजद

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के एनआईटी एरिया के रहने वाले तनिष्क की शिकायत पर आरोपी पीयूष, आर्यन, पुलकित, कशिश तथा मनीष उर्फ भाषी के खिलाफ अवैध हथियार तथा हत्या का प्रयास की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें आरोपियों ने पीड़ित की गाड़ी पर फायर किए। जो गोली गाड़ी के पीछे वाली साइड पर लगी। पीड़ितों ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई और पुलिस को इसके बारे में सूचना दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीड़ित ने शिकायत में कहा है कि उसके चाचा के लड़के शिवम ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा रखा है। इसलिए आरोपी उनसे बार-बार शिवम व उसके चाचा के बारे में पूछताछ करते रहते थे, परंतु उन्होंने उन्हें उनके बारे में कभी नहीं बताया। इसी रंजिश को लेकर आरोपियों ने पीड़ित पर जान से मारने की नियत से गोली चलाई थी। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर की गई है। आरोपियों की धरपकड़ करने के पश्चात उनके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## समूह की महिलाओं ने मनाया तीज महोत्सव



**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में गत रविवार को जिला फरीदाबाद के गांव पियाला व अरवा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तीज महोत्सव का त्योहार मनाया गया। तीज महोत्सव में मुख्य अतिथि के रुप में बल्लभगढ़ के बीडीपीओ अजीत सिंह ने शिरकत की जब जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक नैनपाल रावत की पत्नी ने की शिरकत। महिला स्वयं सहायता समूह के जिला परियोजना अधिकारी शिवम तिवारी ने बताया कि तीज महोत्सव का आयोजन सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत उपायुक्त जितेंद्र यादव के दिशा-निर्देश पर मनाया गया है। महिलाओं ने इस महोत्सव में तीज त्योहार में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने तीज महोत्सव में व्यंजनों की स्टालें लगाईं। तीज त्योहार पर झुला झुलने आए मेहमानों और लोगों व्यंजनों का भी चखकर भरपूर आनंद लिया। आप को बता दें कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने तीज के त्यौहार पर हरियाली तीज के गीत गाकर हर्ष और उल्लास के साथ झूला झूले। तीज का त्योहार पर महिलाओं ने झूला झूलते वक्त सावन माह के गीत भी गाए।

## हरियाली तीज के मौके पर लगाए पौधे



**फरीदाबाद।** तिकोना पार्क स्थित छात्रवास में रह रहे बच्चे के संग काइंड विंगस एनजीओ ने पौधारोपण किया। जिसके तहत बच्चों ने मिलकर 70 के आसपास पौधे लगाए। बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। अंत में छात्रवास में रह रहे बच्चों को एनजीओ के सदस्यों ने भोजन करवाया। टीम में रितिक, दीपक, मुकेश, सान्या और रेनू मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान छाया और फल देने वाले पौधे लगाए तथा इनकी देखरेख की जिम्मेदारी बच्चों को दी गई, ताकि भविष्य में उनके द्वारा लगाया गया पौधा पेड़ बन सके। इस मौके पर बच्चों ने यह भी प्रण लिया कि वें ओर पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग देंगे तथा इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। संस्था ने बताया कि पौधों से हमारे आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाया जा सकता है। यहीं पौधे वृक्ष बनकर हमें फल, फूल, औषधियां, लकड़ी आदि प्रदान करते हैं। वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। ये हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं।

## प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**फरीदाबाद।** सामान्यत: शिक्षा का व्यापक लक्ष्य है। बच्चों में संवैधानिक मूल्यों का बीजारोपण करके, समाज के एक जिम्मेदार एवं उपयोगी नागरिक की भूमिका निर्वहन के लिए तैयार करना भी है। इसके लिए भाषायी कौशलों, गणितीय दक्षताओं, वैज्ञानिक एवं सामाजिक कौशलों की जरुरत होगी। बच्चों की शिक्षा के प्रारम्भिक वर्षों में भाषा और गणित कौशल का निर्माण करने और दिशा निर्देश प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान मिशन (एफएलएन) आरंभ किया है। हरियाणा प्रदेश सरकार ने नई शिक्षा नीति-2020 के तहत मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता मिशन को एक बार फिर से मजबूती के साथ आगे बढ़ाने की शुरुआत की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तत्वधान में निपुण भारत मिशन के तहत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक था फरीदाबाद खंड में 884 प्राथमिक शिक्षकों हेतु एक विशेष पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गया। द्वितीय चरण के इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकारी विद्यालय में पढ़ रहे 3 से 9 वर्ष तक की आयु वर्ग के सभी बच्चों का समग्र विकास करना है।

## ऊर्जा क्षेत्र सुधार
### व्यावहारिकता जरूरी

**प्रधानमंत्री** ने ऊर्जा क्षेत्र सुधारों पर जोर दिया है। उनको राज्यों की वित्तीय स्थिति मजबूत करने में भी सहायता करनी चाहिए। विद्युत वितरण क्षेत्र में होने वाले भारी नुकसानों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चिन्ता सही समय पर सामने आई है। उन्होंने उचित संकेत किया है कि जितनी बिजली बरबाद होगी, उतनी ही बनानी पड़ेगी। उनकी टिप्पणी ऊर्जा क्षेत्र में सुधारों की गंभीर जरूरत स्पष्ट करती है। इसके कुछ दिन पहले ही उन्होंने सामान्य रूप से 'रेवड़ी संस्कृति' या खैरात बांटने पर चिन्ता प्रकट की थी। इससे संकेत मिलता है कि अव्यावहारिक व गैर-जिम्मेदार आर्थिक नीतियों के प्रति केन्द्र की असहिष्णुता बढ़ रही है। इनके परिणाम सभी देख सकते हैं। केन्द्रीय बिजली मंत्रालय के अनुमानों के अनुसार, राज्यों तथा केन्द्रशासित क्षेत्रों का बिजली पैदा करने वाली कंपनियों पर पिछले वर्ष के अंत तक एक लाख करोड़ से अधिक तथा वितरण कंपनियों-डिस्काम पर 1.3 लाख करोड़ बकाया था। प्रधानमंत्री ने बिजली मंत्रालय की परिष्कृत वितरण क्षेत्र योजना शुरू की है जिसका लक्ष्य डिस्काम तथा बिजली विभागों की आपरेशनल क्षमताओं तथा वित्तीय टिकाऊपन में सुधार करना है। तीन लाख करोड़ से अधिक आबंटन वाली इस योजना में वितरण ढांचे को आधुनिक व मजबूत बनाने के साथ ही उपभोक्ताओं के लिए विश्वसनीयता व गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। इससे तकनीकी उच्चीकरण को बढ़ावा मिलेगा, वितरण हानियों में कमी आएगी तथा उपभोक्ताओं के संतोष में सुधार होगा। हालांकि, इस परिष्कृत योजना का स्वागत है, लेकिन समस्या कहीं और है। विभिन्न पार्टियों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारें जिस बेदर्दी



के साथ अपना वित्तीय प्रबंधन करती हैं, उसमें गंभीर गड़बड़ियां हैं। वे सबसे बुरे किस्म की लोकरंजकता का परिचय देती हैं, यात्राओं व विवाहों पर सब्सिडी देती हैं तथा किसानों की कर्ज माफी के मूलभूत रूप से गलत निर्णय लेती हैं।

हालांकि, केन्द्र सरकार पिछले पांच साल में कर्ज माफी की घोषणा से बचने में सफल हुआ है, वहीं राज्य सरकारें धड़ल्ले से यह कर रही हैं। मुफ्त बिजली के अलावा अन्य प्रकार की खैरातें भी हैं। शायद राज्यों के नेताओं का विश्वास है कि उनकी अव्यावहारिकता के कोई नतीजे नहीं निकलेंगे। लेकिन वे गलत हैं। सारे कार्यों, खासकर गलत कार्यों के नतीजे होते हैं। उनको श्रीलंका की हालिया घटनाओं से सबक लेना चाहिए। इस द्वीप देश में नेता बहुत लंबे समय से राजकोष लुटा रहे थे तथा गैर-जिम्मेदार आर्थिक नीतियों पर चल रहे थे। इसका नतीजा यह निकला कि प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से दक्षिण एशिया का सर्वाधिक समृद्ध देश आज बरबाद हो गया है। इसकी प्रति व्यक्ति आय भारत से लगभग दूनी थी।

अव्यावहारिकता का यही नतीजा होता है। यह निश्चित रूप से खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा व्यक्ति विचारहीन लोकरंजकता के खिलाफ अभियान चला रहा है जिसे उन्होंने 'रेवड़ी संस्कृति' का नाम दिया है। समय आ गया है कि लोकप्रिय बुद्धिजीवी तथा विचारक लगातार बढ़ते खैरातों के दायरे की ओर ध्यान आकर्षित करें। उनको यह तथ्य स्वीकार करना चाहिए कि 'खैरात' जैसी कोई चीज नहीं हो सकती है केवल सभी वस्तुओं व सेवाओं की एक लागत होती है। किसी न किसी को इस लागत या खर्च का बोझ उठाना पड़ता है जो अपरिहार्य रूप से करदाता के रूप में नागरिक होता है। उदाहरण के लिए, यदि समाज के एक हिस्से को बिजली का भुगतान नहीं करना पड़ता है तो उसका खर्च सरकारी खजाने तथा उसे भरने वाले करदाताओं को उठाना पड़ता है। उम्मीद करनी चाहिए कि ऊर्जा क्षेत्र सुधार पर प्रधानमंत्री के जोर देने से राज्यों की वित्तीय स्थिति सुधारने की शुरुआत होगी।

# राज्यों में वित्तीय अनुशासन जरूरी

केन्द्र को राज्यों द्वारा भारी मात्रा में कर्ज लेने पर कोड़ा फटकारना पड़ेगा, नहीं तो यह बड़े वित्तीय संकट का कारण बनेगा। इसमें से काफी कर्ज बजट प्रावधानों के बाहर होता है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



हालिया वर्षों में राज्य सरकारों द्वारा बेलगाम रूप से कर्ज लेने ने खतरे की घंटियां बजा दी हैं जिनके लिए राज्य गारंटी देते हैं। जून, 2022 में भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने बैंकों व खासकर सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी की खिंचाई करते हुए कहा था कि वे ऐसे उद्यमों को कर्ज देते हैं जो राज्यों में भावी राजस्व समाप्त करने का काम करेंगे जो जमानती के तौर पर कलेक्टरों व अदालती फैसलों का प्रयोग करते हैं। आरबीआई ने बैंक बोर्डों को कर्ज देने के ऐसे व्यवहारों की समीक्षा करने तथा सितंबर, 2022 तक अनुपालन की जानकारी देने को कहा है। इस चेतावनी के पहले पिछले साल केन्द्र ने राज्यों को एक पत्र लिख कर संकेत किया था कि भावी कर राजस्वों को बंधक की तरह पेश करना संविधान के अनुच्छेद 266-1 का उल्लंघन है जिसके अनुसार सभी कर व कर्ज का प्रवाह राज्यों की समेकित निधि-सीएफएस में होना चाहिए। ऐसा नहीं है कि राज्य इस प्राविधान से अनभिज्ञ हैं। इसके बावजूद राज्यों ने सुनियोजित कदम उठा कर सुनिश्चित किया है कि उनके उद्यमों को कर्ज मिले। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश व हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। उदाहरण के लिए आंध्र प्रदेश ने एक बैंक कर्ज का बड़ा हिस्सा लेने के लिए ऐसा कदम उठाया। राज्य सरकार ने बैंक से कर्ज जुटाने के लिए अपनी परिसंपत्तियों का एक हिस्सा राज्य विकास निगम-एपीएसडीसी को हस्तांतररित कर दिया।

2020 में आंध्र प्रदेश ने एपीएसडीसी को विधिक दर्जा देने के लिए एक विशेष कानून लागू किया जिसके अनुसार, अतिरिक्त खुदरा एक्साइज़ ड्यूटी-एआरईटी की पहचान ऐसे राजस्व के रूप में की गई जो विशिष्ट सामाजिक व विकास गतिविधियों के लिए था। इससे रेटिंग एजेंसी 'इंडिया रेटिंग्स' ने एपीएसडीसी को आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा लागू 'अनरिस्ट्रिक्टेड प्लेज्ड रेवेन्यू'-एआरईटी की श्रेणी में रखा। इस आश्वासन पर कि लेवी से मिलने वाली नकदी का प्रवाह कर्ज अदायगी में किया जाएगा, भारतीय स्टेट बैंक-एसबीआई समेत आठ बैंकों ने कर्ज दे दिए। विडंबना है कि राज्य सरकार ने यह कानून केन्द्र की इस आपत्ति के बावजूद लागू किया कि इसके कुछ प्राविधान संविधान के अनुच्छेद 293-3 के अनुरूप नहीं हैं जो अनिवार्य करता है कि राज्य बिना केन्द्र की अनुमति के कर्ज नहीं ले सकते हैं। राज्य एजेंसी या निगम जिसका बहुसंख्य स्वामित्व और नियंत्रण राज्य सरकार के पास हो या राज्य सरकार द्वारा शुरू स्पेशल परपज़ वेहिकिल-एसपीवी के माध्यम से ऐसे कर्ज ले सकते हैं जिनका उद्देश्य कल्याणकारी कार्यक्रम या विकास परियोजनायें चलाना हो। हालांकि, तकनीकी रूप से ऐसे कर्ज की वापसी निगम-एसपीवी-एजेंसी द्वारा की जानी चाहिए, पर यह पैसा राज्य सरकार के माध्यम से आना चाहिए जिसने यह कर्ज लिया है। इससे एक विसंगति पूर्ण स्थिति पैदा होती है, जब राज्य सरकार ऐसा कर्ज अदा करती है जो उसके खाते में दर्ज नहीं होता है। लेकिन वह ऐसी स्थिति क्यों पैदा होने देता है? वह स्वयं कर्ज लेकर अपने खातों में उसे क्यों नहीं दिखाता है?

वास्तव में यही तरीका उचित है। लेकिन यह राज्य वित्त विभाग संचालकों को अच्छा नहीं लगता है। इसके बजाय वे ऐसी व्यवस्था पसंद करते हैं जहां कर्ज निगम-एसपीवी-एजेंसी द्वारा लिया जाए और उनके खातों में दर्ज हो। इस प्रकार वे राज्य का कर्ज कम दिखा गर अपना राजकोषीय घाटा-एफडी नियंत्रित रखते हैं और इस प्रकार राजकोषीय दायित्व व बजट प्रबंधन कानून-एफआरबीएम के दायरे में आने से बच जाते हैं। इसके अंतर्गत राज्य अपने सकल घरेलू उत्पाद-एसजीडीपी के तीन प्रतिशत से अधिक एफडी नहीं कर सकता है। दूसरे शब्दों में राज्य अपने उद्यमों के माध्यम से तीन प्रतिशत की सीमा से अधिक कर्ज लेते हुए भी एफआरबीएम के अनुशासन में बना रह सकता है। इसे शानदार तरीके से 'आफ बजट लायबेलिटी' या ओबीएल कहा जाता है।

राज्य अपना वित्तीय अनुशासन छिपाने के लिए ऐसे कर्ज लेते रहते हैं। यह हालिया समय में खासकर नियमों का घोर उल्लंघन है और चुनावों के समय वादा की गई 'खैरातों' के दायरे में आता है। इसका अर्थ वोट पाने के लिए राजनीतिक पार्टियों द्वारा सरकारी खजाने का प्रयोग है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस प्रवृत्ति की घोर निन्दा की है। एक जनहित याचिका पर विचार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने 26 जुलाई, 2022 को ऐसे कदम उठाने का आह्वान किया है जिनसे यह दुष्प्रवृत्ति समाप्त हो। ऐसे में सवाल है कि केन्द्र ओबीएल पर नियंत्रण के लिए क्या कर सकता है?

पीएसबी का स्वामी होने के नाते केन्द्र हमेशा ऐसे कर्ज न देने का बैंकों को आदेश दे सकता है। लेकिन करने के बजाय यह कहना ज्यादा आसान है। उद्यमों की अदायगी क्षमता का संदर्भ देते हुए राज्य सरकारों को कर्ज लेने से रोका नहीं जा सकता है। उदाहरण के लिए एपीएसडीसी ने 'अनरिस्ट्रिक्टेड प्लेज्ड रेवेन्यू' का वादा कर पैसा लिया गया जिसमें एआरईटी को आंध्र प्रदेश सरकार का पूरा समर्थन था। पिछले साल केन्द्र सरकार द्वारा चिन्ता जताने के बावजूद बैंक राज्य निगमों व एजेंसियों को कर्ज देते रहे। केन्द्र ने इस बारे में कई रिमाइंडर भी दिए, लेकिन इसके बावजूद कर्ज मिलने से स्पष्ट है कि पीएसबी प्रबंधन पर उसके आदेशों का प्रभाव नहीं पड़ता है। वर्तमान सत्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद को बताया कि 'भविष्य में राज्य सरकारों के आफ-बज्ट कर्ज को राज्य का अपना कर्ज माना जाएगा। यह कर्ज राज्य निगमों या एसपीवी के माध्यम से लिए जाते हैं जहां मूलधन या ब्याज बजट के बाहर होता है या राज्य द्वारा प्राप्त किसी अन्य राजस्व, टैक्स या सेस के माध्यम से उसका भुगतान होता है।'

सरल भाषा में कहा जाए तो ओबीएल समेत राज्य के सभी कर्ज एसजीडीपी के 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए। यह स्वागत योग्य कदम है। इससे राजकोषीय अनुशासन लागू करने में सहायता मिलेगी तथा पारदर्शिता आएगी। लेकिन परिवर्तन के इस कष्ट से राज्यों को मुक्ति दिलाने के लिए केन्द्र कर्ज की यह सीमा 3.5 प्रतिशत करने पर विचार कर सकता है। अपनी ओर से केन्द्र सरकार ने अपने ओबीएल की समस्याओं से निपटने का प्रयास किया है। 2020-21 में उसने खाद्य सब्सिडी पर रिकार्ड 525,000 करोड़ रुपये खर्च किए। इसमें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई में 800 मिलियन से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज देने के साथ ही इसका प्रयोग भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई के राष्ट्रीय अल्प बचत योजना-एनएसएसएफ के सारे कर्ज अदायगी में किया गया। केन्द्र द्वारा खाद्य सब्सिडी के बकाया भुगतान के लिए एफसीआई ने एनएसएसएफ से यह कर्ज 2016-17 में लिया था। इसी प्रकार सरकार ने 2020-21 में उर्वरक सब्सिडी पर 138,000 करोड़ रुपये खर्च किए जिसमें से लगभग 50 प्रतिशत निर्माताओं को लंबित सब्सिडी भुगतान-डीएसपी के भुगतान में खर्च हुआ। 2021-22 में उसने बजट में उसने खाद्य व उर्वरक सबिसडी के सारे भुगतान की व्यवस्था की। 2022-23 में उसने आफ बजट कर्ज के लिए कोई स्थान नहीं छोड़ा।

केन्द्र ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकरण-एनएचएआई का पिछला सारा कर्ज अदा किया। भविष्य के लिए केन्द्र एनएचएआई से कोई कर्ज लेने की योजना नहीं बना रहा है। केन्द्र की वित्तीय स्थिति में पारदर्शिता लाना अच्छा कदम है। लेकिन इसके साथ ही राजकोषीय अनुशासन भी लागू होना चाहिए। दु:ख है कि ऐसा नहीं हो रहा है। उदाहरण के लिए, 2020-21 एफडी जीडीपी का 9.2 प्रतिशत था जो 3.5 प्रतिशत के बजट अनुमान से 2.5 गुना अधिक था। यह एफआरबीएम द्वारा निर्धारित 3 प्रतिशत की सीमा से 0.5 प्रतिशत अधिक था। 2021-22 में भी 6.7 प्रतिशत पर एफडी अधिक था क्योंकि उस साल कोविड-19 का प्रभाव नहीं पड़ा था और जीडीपी में वृद्धि भी कुल मिला कर लगभग 20 प्रतिशत थी। संक्षेप में कहा जाए तो केन्द्र और राज्यों को बजटों में आफ-बजट कर्ज शामिल कर अपने वित्त को पारदर्शी बनाना चाहिए। जहां केन्द्र सरकार ने इस दिशा में समुचित कदम उठाए हैं, वहीं राज्यों को अभी इस दिशा में आगे बढ़ना बाकी है। इसके साथ ही, केन्द्र व राज्यों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि उनका राजकोषीय घाटा-एफडी एफआरबीएम द्वारा परिभाषित सीमा के भीतर रहे।

# जेंडर पूर्वाग्रह तोड़ते राजस्थानी कलाकार

**शेफाली मार्टिन**
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)



ममता सपेरा के लिए संगीत एक जुनून है, और वह परम्परागत रूढ़ियों को तोड़ते हुए मंच पर अनेक पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाती हैं। जयपुर के जवाहर कला केंद्र में राजस्थान का एक विशिष्ट लोक प्रस्तुति हुई, जिसमें संगीतकारों ने रंग-बिरंगी राजस्थानी पगड़ी पहने हुए विभिन्न वाद्ययंत्रों - हारमोनियम, खड़ताल, भापंग, मोरचांग, डफली और इसी तरह के अन्य वाद्ययंत्रों को बजाया। रेगिस्तानी राज्य राजस्थान में हुए इस आयोजन से नियमित लोक प्रस्तुति का - रंगीन, आधारभूत, मधुर और मनमोहक - शास्त्रीय रंग हवा में फैल गया। आयोजन में प्रमुखत: एक पगड़ीधारी युवा चेहरे ने मोर्चा संभाला। पर वह पुरुष नहीं था। वह 18 साल की ममता सपेरा थीं। प्रदर्शन कलाओं के लिए जानी जाने वाली कालबेलिया जनजाति की ममता अपने समुदाय की कला को आगे ले जाने में विश्वास रखती हैं, लेकिन नियमित माध्यम से नहीं। बचपन से, उन्हें कालबेलिया नृत्य में प्रशिक्षित किया गया था, जो आमतौर पर उनकी मां द्वारा उनके समुदाय की महिलाओं के साथ जुड़ी हुई कला थी। उन्होंने भी प्रस्तुतियां दी हैं। लेकिन, एक संगीतकार रिश्तेदार से मुलाकात ने ममता की जीवन- दिशा बदल दी।

ममता ने बताया, "एक रिश्तेदार मेरे घर आ रहे थे। चूंकि मैं हमेशा उनके द्वारा बजाए जाने वाले वाद्ययंत्रों से आकर्षित होती थी, इसलिए मैंने उनसे कहा कि वे मुझे उन वाद्ययंत्रों को थोड़ा सिखाएं। उन्होंने साफ मना कर दिया और मुझसे कहा, लड़कियां वाद्ययंत्र नहीं बजातीं। इससे मुझे बेइंतहा तकलीफ हुई। इसलिए, उस वर्ष अपने 15वें जन्मदिन पर, मैंने अपने पिता से उपहार के रूप में मोर्चा, खड़ताल और भापांग मांगा। मेरे पिता उन्हें मुझे देने के लिए तैयार हो गए। "

लेकिन ममता के पिता ने उनके सामने एक चुनौती भी रखी। उन्होंने उसे 15 दिनों के भीतर मंच पर प्रस्तुति देने के लिए कहा। "मैंने उनसे कहा कि मैं अभी तैयार नहीं हुई हूं। लेकिन उन्हें यकीन नहीं हुआ। मैंने चुनौती स्वीकार की। जब मैं मंच पर खड़ी होकर मोर्चा बजा रही थी तो मुझे बहुत अच्छा लगा और मुझे सभी से सराहना मिली। वह मेरी शुरुआत थी!" ममता ने कहा, जिन्होंने हाल ही में बारहवीं कक्षा पूरी की है। वह संगीत में



स्नातक बनना चाहती हैं। पिछले तीन वर्षों में, ममता ने अपने हुनर में और भी कई उपकरण जोड़े। उन्होंने पारंपरिक वाद्ययंत्रों के अलावा ढोल, काजू और हारमोनियम बजाना सीखा। उसने वायलिन बजाना भी सीखा और बीटबॉक्सिंग का सबक सीखे। एक वाद्य यंत्र को बजाने में जहां आमतौर पर छह महीने का अभ्यास लगता है, वहीं ममता ने इसे 15 दिनों में किया! वह विभिन्न मंचों पर प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों के परिवार से आती हैं। उनके भाई गाते और वाद्ययंत्र बजाते हैं। उनके पिता बीन बजाते हैं और लोक कार्यक्रम आयोजित करते हैं, और उनकी मां खुद एक प्रसिद्ध नर्तकी हैं। उनके विस्तारित परिवार में हर कोई कलाकार भी है। यह पूरे देश में कई शो और प्रदर्शनों के माध्यम से हुआ है कि ममता के परिवार को तंबू में जीवन जीने से मुक्ति मिली और अब जयपुर में उनका अपना घर है। ममता ने बताया, "शुरुआत में, ऐसा नहीं था कि मैं केवल वाद्ययंत्र बजाना सीखना चाहती थी। मैं कालबेलिया नृत्य के अलावा कथक भी सीख रही थी। लेकिन मेरे रिश्तेदार की टिप्पणी मेरे मन को चुभ गयी। मैंने निश्चय किया कि मैं एक-दो नहीं, अधिक से अधिक वाद्ययंत्र बजाऊंगी। मैं लोगों को दिखाना चाहती थी कि लड़कियां जो चाहें वो वाद्य यंत्र बजा सकती हैं! और, हम वह वो सब कर सकती हैं जो हम चाहती हैं! वही लोग, जिन्होंने पहले मुझे हतोत्साहित किया था, अब मेरी तारीफ करते हैं।" ममता ने पूरे देश में कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं और उन्हें जिस चीज में सबसे ज्यादा मजा आता है वो है जुगलबंदी। वह कहती हैं, " यह मेरे जीवन का एक निर्णायक क्षण था जब मैंने अपने आदर्श लोक कलाकार गाजी खानजी के साथ खड़ताल और मोर्चा बजाया। मैं उनके शो और वीडियो देखकर तकनीक सीखती थी और उनका अनुकरण करना चाहती थी। यह एक ऐसा सम्मान था जब उन्होंने मेरी कला की तारीफ की।" कर्नाटक संगीतकारों के साथ उनकी जुगलबंदी उनकी यादों में ताजा है। ममता ने कहा, "यह लोक धुनों और कार्नेटिक मधुरता के बीच का एक सुंदर संवाद था। आधे घंटे के बाद, हम एक-दूसरे के संगीत को समझने लगे थे।" ममता ने एक प्रस्तुति के अनुभव को भी याद किया जब उसकी जीभ से खून बहने लगा था। ममता ने बताया, "मुझे मोरचांग पसंद है क्योंकि यह सबसे छोटा और सबसे कठिन वाद्य यंत्र है। मैं कुछ महीने पहले एक शो कर रही थी और मुझे पता ही नहीं चला कि मेरी जीभ से खून बहने लगा है। जब हम बजाते हैं, तो समूचे सिर का हिस्सा सुन्न हो जाता है। दर्शकों के कुछ सदस्य मंच पर आए और मुझे रुकने के लिए कहा। मैंने उन्हें इशारा किया कि मैं तभी रुकूंगी जब मैं टुकड़ा पूरा कर लूंगी।"

कालबेलिया समुदाय की युवा पथ-प्रदर्शक इस बात से दुखी हैं कि वे अब पुराने जमाने के गीत नहीं गाते हैं। ममता ने कहा, "तम्बुओं में हमारे जीवन की कहानी सुनाते गीत थे, जो दूरदराज रहने वाले प्रियजनों की मिलने की लालसा की कहानी कहते थे ... वर्तमान पीढ़ी उन्हें नहीं जानती। आज, वे साऊंड मिक्स करते हैं और इससे शुद्धता संरक्षित नहीं है। लोगों को हमारे सामूहिक अतीत की इन कहानियों को जानना चाहिए। मैं उन गीतों को पुनर्जीवित करना चाहूंगी।" ममता लड़कियों के लिए जगह बनाना चाहती हैं। वह कहती हैं, "मैं एक स्टूडियो शुरू करना चाहती हूं जहां लड़कियां वाद्ययंत्र बजाना सीख सकें। जहां उन्हें कोई नहीं बताएगा कि उन्हें क्या नहीं करना चाहिए। मैं वर्तमान में कुछ लड़कियों के साथ काम कर रही हूं, जब भी मैं उनसे मिलती हूं, उन्हें खरताल बजाने के लिए प्रशिक्षित करती हूं। " ममता लैंगिक रूढ़िवादिता के भी खिलाफ हैं। यह उत्साही नौजवान युवती कहती है, "मुझे लैंगिक वर्जनाएं पसंद नहीं हैं। मुझे कुर्ता-पायजामा और साफा पहनना पसंद है, इसलिए मैं उन्हें पहनती हूं।"

## आप की बात

### रेल किराए में छूट

**रेल** विभाग में देश के वरिष्ठ नागरिकों के किराए में छूट की राहत कोरोनाकाल से बंद की गई, तो आज तक उसे चालू नहीं किया है इससे वरिष्ठ नागरिक बेहद दुखी हैं। बुजुर्ग वरिष्ठ नागरिक को एक बार छूट देकर बाद में उसे बंद करना कहां का न्याय है। कोरोना के समय काफी ट्रेनें बंद होने के बाद से सरकार द्वारा यह सुविधा बंद कर दी गई थी, तब सरकार ने कहा था कि हमारी ट्रेनें जैसे ही अधिक संख्या में चालू होगी हम इसे फिर से शुरू कर देंगे। आज जब कोरोना लगभग खात्मे की और है और 6 माह हो गए जब अधिकांश ट्रेनें बहाल होती जा रही है, तब सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। पर अब सरकार का यह कहना है रेलवे विभाग को डेढ़ हजार करोड़ का घाटा हो गया है इसलिए अभी यह सुविधा शुरू नहीं कर सकते जबकि बेचारे वरिष्ठ नागरिक सरकार की इस नीति से काफी दुखी है। मध्यम वर्ग के लिए तो रेले अधिकतर सहारा होती हैं इसलिए उनके लिए रेल में किराए में छूट की सुविधा फिर से शुरू की जाना चाहिए। गरीब व मध्यवर्ग पहले ही महंगाई व बेरोजगारी से परेशान है, ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों पर पूरे किराये का बोझ लादना किसी प्रकार भी उचित नहीं कहा जा सकता है।

-**एम एम राजावत राज**, शाजापुर

### शराबबंदी से समस्या

**गुजरात** में जहरीली शराब पीने से 60 से अधिक लोग मौत के मुंह में समा गए, वहीं 15 से अधिक गंभीर हालत में अस्पतालों में भर्ती है। बापू की धरती पर यह अधर्म निंदनीय व अक्षम्य हैं । बापू जैसे थे, वैसा सोचते थे कि देश की जनता भी उतनी ही नैतिक, ईमानदार और अनुशासित होगी। स्वयं बापू नियमों का पालन करते थे। यही कारण था कि वे शराब जैसे जहर के खिलाफथे, जो जानलेवा होने के साथ परिवार व आर्थिक बर्बादी का मूलाधार है। तभी बापू सख्त शराबबंदी के पक्षधर थे। यही कारण है बापू के जन्म वाले राज्य में शराबबंदी है। लेकिन इस शराबबंदी का आखिर क्या फायदा? जब गुजरात के गली, मोहल्लों, शहरों, गांवों में खुलेआम चोरी छिपे अवैध शराब बिक रही हो ! इससे तो अच्छा है कि राज्य सरकार नियमों/ कानूनों में परिवर्तन करते हुए शराबबंदी को हटा देना चाहिए। कम से कम सरकार को शराबबंदी हटाने से खजाने में राजस्व की प्राप्ति होगी तथा अवैध शराब का कारोबार भी ध्वस्त हो जाएगा। हालांकि, सरकार ने इस घटना के बाद व्यापक कार्रवाई शुरू की है, पर हालत फिर पहले जैसी हो सकती है।

-**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### योगी का प्रशंसनीय फैसला

**खबर** है कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने आकस्मिक चिकित्सा के पहले 48 घंटे निशुल्क करने की योजना का शुभारम्भ किया है। यह अत्यन्त स्वागत योग्य कदम है। इमरजेंसी में वाकई कई बार पैसा और अन्य औपचारिकता के कारण मरीज की जान जोखिम में पड़ जाती है इस दृष्टि से ये फैसला वाकई सराहनीय है यदि इसका क्रियान्वयन सही प्रकार से जमीनी स्तर पर हो गया तो वाकई ये अनगिनत लोगों की जान बचाने का माध्यम बनेगा। परन्तु निजी अस्पतालों का जो मकड़जाल समाज में फैला हुआ है उससे भली भांति परिचित हैं लोग, इसलिए जरुरी है कि इस योजना का सही ढंग से, जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन हो। इसे सुनिश्चित करना अपने आप में सरकार के लिए बड़ी चुनौती रहेगा। हालांकि योगी है तो यकीन है, वाला नारा लोगों को याद आने लगा है, योगी अपने कड़े निर्णय और कार्य की सुनिश्चितता के लिए जाने जाते हैं, देखना होगा कि क्या इस योजना का जमीनी क्रियान्वयन पूरी तरह सुनिश्चित हो सकेगा।

-**मनोज**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**जो** हमारी लाशों को गोहाटी से वापस लाने की बात करता था, वह आज ईडी की कार्रवाई से व्यथित है।

- **संजय शिरसट**
शिवसेना विधायक

**मेरा** घोटाले से कोई संबंध नहीं है। मैं यह बात शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की शपथ लेकर कह रहा हूं।

- **संजय राउत**
शिवसेना नेता





**क्या** भारतीय संसदीय व्यवस्था विफल हो गई है? क्या भारत के सामने कोई और लोकतांत्रिक विकल्प है?

- **सुब्रमण्यम स्वामी**
राजनेता

# बारिश कम लेकिन नहीं होने देंगे किसानों का नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य में बारिश कम हुई है, लेकिन स्थित नियंत्रण में है। हम किसानों का कोई भी नुकसान नही होने देंगे। सीएम योगी सोमवार को अपने सरकारी आवास पर बारिश और फसल बुवाई की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बारिश के सटीक आंकलन के लिए विकास खंड स्तर पर रेन गेज़ लगेंगे, ताकि समय से जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 31 जुलाई तक कुल 191.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो कि वर्ष 2021 में हुई 353.65 मिमी और वर्ष 2020 में हुई 349.85 मिमी वर्षा के सापेक्ष कम है। इस बीच एकमात्र आगरा जनपद ऐसा रहा जहां सामान्य से अधिक वर्षा हुई।

सीएम को अवगत कराया गया कि फिरोजाबाद, एटा, हाथरस, खीरी, औरैया, चित्रकूट, प्रतापगढ़, वाराणसी और हापुड़ में सामान्य 80 से 120 प्रतिशत और मथुरा, बलरामपुर, ललितपुर, इटावा, भदोही, अम्बेडकर नगर, मुजफ्फरनगर, गाजीपुर, कन्नौज, जालौन, मेरठ, संभल, सोनभद्र, लखनऊ, सहारनपुर और मिर्जापुर में सामान्य से कम 60 से 80 प्रतिशत वर्षा हुई है। प्रदेश में 30 जनपद ऐसे हैं जहां सामान्य से 40 से 60 फीशदी तक ही वर्षा दर्ज की गई है जबकि 19 जनपदों में 40 फीसदी से भी कम बरसात हुई है। इन जिलों में खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हुई है। कानपुर, अमरोहा, मुरादाबाद, गोंडा, मऊ, बहराइच, बस्ती, संतकबीरनगर, गाजियाबाद, कौशाम्बी, बलिया, श्रावस्ती, गौतमबुद्ध नगर, शाहजहांपुर, कुशीनगर, जौनपुर, कानपुर देहात, फर्रुखाबाद और रामपुर जिले में सामान्य की तुलना में मात्र 40 फीशदी बरसात हुई है। सीएम ने इन जिलों पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। सीएम ने कहा कि सामान्य वर्षा न होने के कारण खरीफ फसलों की बोआई का कार्य प्रभावित हुआ है। हालांकि 19 जुलाई के बाद हुई बरसात से स्थिति में काफी सुधार हुआ है। खरीफ अभियान 2022-23 के अंतर्गत 13 जुलाई की स्थिति के अनुसार प्रदेश में 96.03 लाख हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष आज 1 अगस्त तक 81.49 लाख हेक्टेयर की बोआई हो सकी है, जो कि लक्ष्य का 84.8 प्रतिशत है। गत वर्ष इसी तिथि तक 91.6 लाख हेक्टेयर भूमि पर बोआई हो चुकी थी। सीएम ने कहा कि मौसम वैज्ञानिकों के आंकलन के अनुसार अगस्त और सितंबर में वर्षा की स्थिति सामान्य रहेगी। 15 जिले ऐसे हैं जहां लक्ष्य के सापेक्ष 75 फीशदी से कम बोआई हुई है। इनकी परिस्थिति पर नजर रखी जाए। सीएम ने कहा कि बरसात और खरीफ फसल बुवाई की स्थिति की रिपोर्ट तत्काल भारत सरकार को भेजी जाए। उन्होने कहा कि हमें हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। कृषि, सिंचाई, राहत, राजस्व आदि सम्बंधित विभाग अलर्ट मोड में रहें। सीएम ने कहा कि वर्तमान में तहसील स्तरों पर रेन गेज़ यानी वर्षा मापक यंत्र लगाए गए हैं, इन्हें विकास खंड स्तर पर बढ़ाये जाने की कार्यवाही की जाए। अधिकाधिक वर्षा मापक यंत्रों से वर्षा की और सटीक जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। अगले चरण में इसे न्याय पंचायत स्तर पर विस्तार दिया जाने की तैयारी की जाए। उन्होने कहा कि आकाशीय बिजली के सटीक पूर्वानुमान की बेहतर प्रणाली के विकास के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। राजस्व एवं राहत कृषिए राज्य आपदा प्रबन्धनए रिमोट सेन्सिंग प्राधिकरण, भारतीय मौसम विभाग, केन्द्रीय जल आयोग, केन्द्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण संपर्क बनाए रखें।

## नाग पंचमी पर सीएम योगी ने दी बधाई

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने नाग पंचमी के पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होने कहा कि भारतीय संस्कृति में जीव-जन्तु, वृक्ष-वनस्पति सभी के साथ आत्मीय सम्बन्ध जोड़ने की समृद्ध एवं प्राचीन परम्परा है। नाग पंचमी का पर्व प्रकृति के साथ हमारे इस जुड़ाव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाग पूजा का प्रचलन प्राचीन काल से चला आ रहा है। हमारे धर्मशास्त्रों में नाग जागृत कुण्डलिनी शक्ति का प्रतीक है। सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु शेषनाग पर ही शयन करते हैं। शेषनाग छत्र बनकर उन्हें छाया प्रदान करते हैं। ज्ञान और मोक्ष के प्रदाता भगवान शिव के आभूषण ही सर्प एवं नाग हैं। सावन में भगवान शिव के पूजन का विशेष महत्व है। श्रावण मास में नाग पंचमी भगवान शिव संग नागों की पूजा के लिए प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शक्ति के प्रतीक नाग पंचमी के पर्व पर हमारे समाज में पारम्परिक रूप से कुश्ती आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिसमें जनता उत्साह के साथ प्रतिभाग करती है। उन्होंने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए नाग पंचमी का पर्व मनाने की अपील की है।

विधान परिषद उप चुनाव

# भाजपा के दो व सपा के एक प्रत्याशी ने भरा पर्चा



## ● सीएम योगी समेत मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य भी रहे मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** विधान परिषद उपचुनाव के लिए सोमवार को भाजपा के दो व सपा के एक प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया। भाजपा उम्मीदवार धर्मेंद्र सिंह सैंथवार और निर्मला पासवान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल किया।

विधान परिषद चुनाव में बीजेपी प्रत्याशियों ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित सरकार व संगठन की मौजूदगी में अपना नामांकन किया। विधान परिषद उप-चुनाव के लिए प्रत्याशी डा धर्मेन्द्र सिंह व निर्मला पासवान सोमवार को सुबह प्रदेश कार्यालय पहुंचे। विधान परिषद प्रत्याशियों ने प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल व अन्य पार्टी पदाधिकारियों से भेंट की। यहां से प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी पार्टी प्रत्याशी सामूहिक रूप में नामांकन के लिए पार्टी कार्यालय से निकलकर विधानभवन स्थित पार्टी के विधानमण्डल दल कार्यालय पहुंचे। अहमद हसन के निधन से खाली हुई सीट पर धर्मेंद्र सिंह सैंथवार और ठाकुर जयवीर सिंह के इस्तीफे से खाली हुई सीट पर निर्मला पासवान ने नामांकन दाखिल किया है। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार कीर्ति कोल ने प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नेतृत्व में नामांकन दाखिल किया है। कीर्ति कोल ने अहमद हसन के निधन से खाली हुई सीट पर नामांकन दाखिल किया है। सपा एमएलसी प्रत्याशी कीर्ति कोल ने कहा कि मुझे अपनी जीत पर पूरा भरोसा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का बहुत-बहुत धन्यवाद है। जिन्होंने मुझे आदिवासी महिला को मौका दिया। मैं सभी से निवेदन करती हूं आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने के लिए मदद करें।

सपा के एमएलसी प्रत्याशी उतारे जाने पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने आदिवासी और जनजातीय समाज का अपमान करने का काम किया है। जब उनके पास संख्या बल था तब उन्होंने कीर्ति कोल को प्रत्याशी नहीं बनाया। तब उनकी आंखों पर सिर्फ जाति बिरादरी का चश्मा लगा था। उन्होंने कहा कि सिर्फ भाजपा ही है जिसने समाज के हर वर्ग के लोगों को मान सम्मान देने का काम किया है। हालाकि आंकड़ों की बात करें तो विधान परिषद में सपा के पास बहुमत नहीं है। सपा के पास केवल 111 विधायक हैं। यह चुनाव विधान सभा सदस्यों के बहुमत के आधार पर गुप्त मतदान द्वारा होता है। सपा एक भी सीट जीत पाएगी यह कहना मुश्किल है। विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद सपा को सबसे बड़ा झटका विधान परिषद में बीजेपी ने दिया। दरअसल विधान परिषद की 100 सीटों में 73 सीटें बीजेपी के पास आ गई हैं जबकि सपा के पास उच्च सदन में मात्र 9 सदस्य हैं। यूपी के इतिहास में यह पहला मौका है जब विधानसभा के साथ ही विधान परिषद में भी बीजेपी का पास पूर्ण बहुमत आ गया। विधान परिषद में सपा की नेता प्रतिपिक्ष की कुर्सी भी छिन गई।

# आईएएस अफसर रेणुका कुमार ने भी मांगा वीआरएस

**लखनऊ।** उप्र में बीते एक सप्ताह में तीन आईएएस अफसरों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति वीआरएस के लिए आवेदन कर दिया है। सूत्रों के अनुसार यूपी कॉडर की वरिष्ठ आईएएस अफसर और सीएम योगी की विश्वासपात्र रहीं रेणुका कुमार ने भी वीआरएस के लिए केंद्र सरकार को आवेदन किया है। उन्होंने तत्कालिक प्रभाव से वीआरएस देने की मांग की है। संघ लोक सेवा आयोग ने यूपी सरकार को इसकी जानकारी दी है लेकिन नियुक्ति विभाग ने इसकी पुष्टि नहीं की है। रेणुका कुमार वर्ष 1987 बैच की आईएएस अफसर हैं। वह केंद्र में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में सचिव के पद पर तैनाती थीं। वह यूपी से 30 जून 2021 को केंद्र गई थीं। बीते माह 28 जुलाई को अचानक उन्हें यूपी के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया। इसके बाद ही उन्होंने वीआरएस के लिए आवेदन किया है। उनकी सेवानिवृत्ति जून 2023 में है। रेणुका कुमार से पहले यूपी कैडर के दो आईएएस अफसरों केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में केंद्रीय सूचना आयोग में सचिव पद पर तैनात आईएएस अफसर जूथिका पाटणकर और स्टडी लीव पर चल रहे 2003 बैच के आईएएस अफसर विकास गोठलवाल ने भी वीआरएस के लिए आवेदन किया था।

# मोहर्रम पर प्रदेश में कड़ी सुरक्षा

## 152 कंपनी पीएसी व 11 कंपनी केंद्रीय बल तैनात

### ● परंपरा से हट कर कुछ भी करने की इजाजत किसी को नहीं होगी: एडीजी कानून-व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सावन** के साथ मोहर्रम का महीना भी शुरू होने से पुलिस की चुनौती बढ़ गई है। पश्चिमी यूपी के साथ लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, जौनपुर में भी मोहर्रम बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। इसके लिए पुलिस की ओर से पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि मोहर्रम को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस व पीएसी बल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश भेजे जा चुके हैं। परंपरा से हट कर कुछ भी करने की इजाजत किसी को नहीं होगी। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि चन्द्र दर्शन के अनुसार मोहर्रम 31 जुलाई से प्रारम्भ होकर 9 अगस्त को सम्पन्न होगा। मोहर्रम की सातवीं, आठवीं, नवीं व दसवीं तारीखें महत्वपूर्ण होती हैं। इन तिथियों में उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में ताजिये इमाम चौक एवं घरों में रखे जाते हैं तथा अलम के जुलूस निकाल कर मातम किया जाता है, जिसमें अत्यधिक संख्या में मुस्लिम समुदाय एकत्र होता है। मोहर्रम की दसवीं तारीख यौम- ए-आशूरा को ताजियों को मुस्लिम समुदाय कर्बला ले जाकर दफनाता है। एडीजी ने बताया कि इस वर्ष श्रावण मास में मोहर्रम का अवसर होने के कारण संवेदनशीलता के दृष्टिगत प्रदेश पुलिस द्वारा पूर्ण रूप से सजग व सतर्क रहकर व्यापक सुरक्षा प्रबन्ध किए गए हैं। ज्ञातव्य है कि कोरोना महामारी के कारण वर्ष 2020 व 2021 में कोविड प्रोटोकाल के चलते मोहर्रम के जुलूस नहीं निकाले जा सके थे। एडीजी ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश भर में मोहर्रम के अवसर पर 89035 ताजियों की स्थापना की जाएगी। ये ताजिये विभिन्न परम्पराओं के अनुसार आठ अगस्त 2022 से 23 अगस्त 2022 तक सम्बन्धित कर्बलाओं में दफ न किए जाएंगे व कुल 34293 जुलूस मोहर्रम पर निकाले जाने प्रस्तावित हैं। सबसे अधिक ताजिये गोरखपुर जोन में 36755 की संख्या में स्थापित किए जाने हैं जबकि सबसे अधिक जुलूस बरेली जोन में 23015 की संख्या में निकलने प्रस्तावित हैं। सभी जनपदों के पुलिस अधिकारियों को लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश पुलिस मुख्यालय द्वारा दिए गए हैं। इस त्यौहार की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस मुख्यालय द्वारा 11 कम्पनियां केन्द्रीय पुलिस बल की विभिन्न जनपदों को उपलब्ध करायी गयी हैं। इनमें 4 कम्पनी आरएएफ, 2 कम्पनी सीआरपीएफ, एक कम्पनी आईटीबीपी, दो कम्पनी एसएसबी, एक कम्पनी बीएसएफ व एक कम्पनी सीआईएसएफ सम्मिलित हैं। साम्प्रदायिक संवेदनशीलता के दृष्टिगत 152 कम्पनी पीएसी बल सभी जनपदों को आवश्यकतानुसार प्रदान किया गया है।

# अखिलेश ने प्रत्याशी उतार कर राजनीतिक माहौल गरमाया

विधान परिषद उपचुनाव

### ● पर्याप्त संख्याबल न होने के बावजूद सपा कर रही जीत का दावा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद की दो सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी उतार कर प्रदेश का राजनीतिक माहौल गरम कर दिया है। हालांकि पहले सपा ने इस चुनाव में अपना उम्मीदवार न उतारने का मन बनाया था, लेकिन आखिरी वक्त पर सपा ने जो दांव चला है, उसके जरिए उसने एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है। पहला तो यह कि उसने जिसे अपना उम्मीदवार बनाया है वह आदिवासी समाज से आने वाली महिला हैं। जो कि उत्तर प्रदेश के ट्राइबल इलाके सोनभद्र से आती हैं। वह छानवे विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुकी हैं। इसके साथ ही अपना उम्मीदवार उतार के सपा ने निर्विरोध निर्वाचन की जो संभावना थी उसे भी खत्म कर दिया है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के सदस्य अहमद हसन के निधन और बीजेपी के ठाकुर जयवीर सिंह के इस्तीफे की वजह से विधान परिषद की दो सीटें रिक्त हो गई थी, 11 अगस्त को इन सीटों के लिए मतदान होना है। विधानसभा के आंकड़ों के आधार पर देखा जाए तो इन दोनों सीटों पर बीजेपी उम्मीदवारों का जीतना लगभग तय है। इस चुनाव में सपा ने संख्या बल ना होते हुए भी अपना एक उम्मीदवार उतारा है। दरअसल इसके पीछे यह माना जा रहा है कि जिस तरह से द्रौपदी मुर्मू का विरोध करके सपा की इमेज आदिवासी समाज का विरोध करने वाली पार्टी के तौर पर उभरी है, उससे 2024 को लोकसभा चुनाव से पहले बाहर आया जाए, इसीलिए पार्टी ने रणनीति के तहत कीर्ति कोल को अपना उम्मीदवार बनाया है जो आदिवासी समाज से आती हैं। यूपी विधान परिषद का यह चुनाव वरीयता का चुनाव होता है। यानी विधायक उम्मीदवार के नाम के आगे वरीयता क्रम एक दो या तीन लिखते हैं। अब यह कैसे निर्धारण होता है कि किसे कितने वोट मिलने पर उसकी जीत सुनिश्चित होगी।

# कांग्रेस ने पेपर लीक की घटनाओं को लेकर भाजपा सरकार पर साधा निशाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** ने यूपी में आए दिन हो रही पेपर लीक की घटनाओं को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक बार पुन: लेखपाल भर्ती मेन्स परीक्षा में पेपर लीक का मामला सामने आया है। 2017 से लेकर अभी तक एक दर्जन से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर लीक होने की खबर मीडिया की सुर्खियों में आ चुका है। मौजूदा कार्यकाल में भी योगी आदित्यनाथ सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं के भ्रष्टाचार और पेपर लीक मामले को रोकने में पूरी तरह बौनी साबित हुई है। श्रीवास्तव ने कहा योगी सरकार अपने पिछले कार्यकाल की भांति वर्तमान कार्यकाल में भी कानून व्यवस्था, रोजगार के मुद्दें पर बुरी तरह फेल साबित हुई है। रोजगार देने में पूर्णतया असफल योगी सरकार विज्ञापनों के माध्यम से भारी भरकम परीक्षा फीस वसूलती और कोई भी प्रतियोगी परीक्षा सकुशल बिना विवाद आयोजित नहीं करा पा रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताए भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद हर बार एसटीएफ और कार्यवाही की कवायद दिखाकर मुख्यमंत्री अपनी नैतिक जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि पिछले पांच साल से प्रदेश में करीब 13 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं, ऐसे में इस तरह की लापरवाही, रोजगार देने में योगी सरकार की असंवेदनशीलता को साफ दर्शाता है। प्रतियोगी छात्रों के भविष्य से लगातार हो रहा यह खिलवाड़ प्रदेश के लाखों अभ्यर्थियों के बीच अत्यंत गंभीर मुद्दा है। प्रदेश कांग्रेस इस मामले को लेकर लगातार युवाओं के बीच में जा रही है और उनके प्रत्येक आंदोलन का समर्थन कर रही है।

# प्रदेश में चिन्हित 74 महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों पर निर्बाध हो बिजली आपूर्ति

### ● बीजेपी के प्रशिक्षण शिविर के दौरान बिजली गुल होने पर ऊर्जा मंत्री ने जताई नाराजगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीते** शुक्रवार से रविवार तक चित्रकूट में सरकार और संगठन के जमावाड़े के बीच आयोजित हुए प्रशिक्षण शिविर में बिजली गुल होने के मामले को लेकर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस मामले समीक्षा बैठक के दौरान नाराजगी जाहिर की है और स्पष्ट कहा कि जिला मुख्यालयों में आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में बिजली न काटी जाए। दरअसल चित्रकूट में तीन दिन तक सरकार और संगठन मौजूद थे और शिविर के समापन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे और उस दौरान भी बिजली गुल हो गई। इस कार्यक्रम में जब बिजली मंत्र चित्रकूट पहुंचे तो भी बिजली नहीं आ रही थी। इसके अलावा योगी सरकार त्योहारों के मौसम में प्रदेश के सभी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों पर निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करेगी। सरकार ने पूर्व में चिन्हित 74 महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों पर विशेष रूप से बिजली आपूर्ति के लिए कहा है। बिजली मंत्री एके शर्मा ने सोमवार को शक्ति भवन में विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रदेश स्तर में चिन्हित 74 महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों तथा महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाए।

उन्होंने मुख्यमंत्री के अयोध्या दौरे के दौरान चित्रकूट में रूलिंग पार्टी के प्रशिक्षण के दौरान बिजली काटे जाने का तथा अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों पर भी बिजली कटौती को गंभीर मामला माना है।

# जुलाई माह में 60983 स्थानों पर मारे गए छापे, 1.81 लाख लीटर अवैध शराब बरामद

**लखनऊ।** अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। जुलाई माह में आबाकारी विभाग की विभिन्न टीमों ने प्रदेशभर में 60983 छापे मारे। इनमें 6934 मुकदमे दर्ज करते हुए 1.81 लाख लीटर अवैध शराब बरामद हुई। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त 2257 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 100 वाहन जब्त किए गए। अवैध शराब के विरुद्ध चलाई जा रही इस मुहिम में प्रशासन, पुलिस, जीएसटी तथा परिवहन विभाग का पूरा सहयोग लिया जा रहा है। आबकारी आयुक्त सेंथिल पंडियन सी. ने बताया कि एनसीआर सहित प्रदेश के समस्ता जिलों में अवैध शराब के संदिग्ध अड्डों पर कार्रवाई की जा रही है। दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण लगातार किया जा रहा है। हाइवे पर स्थित ढ़ाबों और अवैध रूप से मदिरा पिलाने वाले संदिग्ध रेस्टोरेन्ट एवं वाहनों की भी चेकिंग की जा रही है। दिल्ली एवं हरियाणा बार्डर से आने वाले संदिग्ध वाहनों को चेक प्वाइंटों पर लगातार आबकारी टीम द्वारा चौकसी बरती जा रही है। मदिरा तस्करी के अन्य रास्तों पर भी प्रभावी रोकथाम के लिये टीमें लगाई गई हैं। साथ ही प्रदेश के अन्ये जनपदों में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री के कुख्यात अड्डों तथा ईंट भट्ठों एवं राष्ट्रीय व राज्य के राजमार्गों एवं लिंक मार्गों पर स्थित संदिग्ध ढाबों, रेस्टोरेन्ट पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। आबकारी दुकानों पर भी लगातार निरीक्षण कार्य जारी है। शराब की गुणवत्ता के साथ-साथ राजस्व एवं जनहानि के साथ खिलवाड़ करने वाले अनुज्ञापियों एवं विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# लापरवाह अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई: दयाशंकर सिंह

### ● अधिकारी पूर्वाह्न 11 बजे से 2 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर समस्याओं का निस्तारण करें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने सभी सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रतिदिन 11 बजे से 2 बजे तक कार्यलय में उपस्थित होकर आमजनमानस एवं वाहन स्वामियों की समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही प्रवर्तन शाखा केन्द्र के सभी कार्य सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किये जाएं। इसके अलावा सभी रजिस्टर का रखरखाव मानक के अनुरूप करते हुए सभी आवश्यक कालमों में दी जाने वाली सूचनाएं अनिवार्य रूप से अंकित की जाए। यह निर्देश सोमवार को मंत्री दयाशंकर सिंह ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में एक बैठक के दौरान दी। इस दौरान परिवहन मंत्री ने कहा कि चालान अथवा सीज के मामलो में कार्यालय द्वारा किस तिथि को निस्तारण किया गया और कितनी राशि प्रशमन शुल्क के रूप में जमा करायी गयी। इसके अलावा कौन.से मामले न्यायालय को संदर्भित किये गये और किसके आदेश से भेजे गए। सम्पूर्ण विवरणों को अभिलेखों में दर्ज किया जाना चाहिए। न्यायालय से कितना जुर्माना आरोपित, जमा कराया गया तथा चालानों का निस्तारण, वाद, चालानी रिपोर्ट न्यायालय को विधि के अनुरूप प्रेषित की जा रही या सभी विवरण अभिलेखों में दर्ज नहीं किया जाता यह उचित नहीं है।

# कमरतोड़ महंगाई को दर्शाता है कक्षा एक की छात्रा का पीएम को लिखा पत्र: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** ने कहा है कि पूरे देश में बढ़ती हुई महंगाई से जहां अफरातफरी मची हुई है वहीं उत्तर प्रदेश में नौनिहाल बच्चे भी अछूते नहीं हैं। फिर भी भाजपा सरकार की बेशर्मी लगातार उपलब्धियां बता रही है। जहां किसान कर्ज के बोझ तले, नौजवान नौकरी के अभाव में, मरीज ऑक्सीजन एवं एम्बुलेंस के आभाव में जान गवाने को विवश है। कानून व्यवस्था अपने निचले पायदान पर खड़ी है वहीं सरकार ट्रांस्फर्र, पोस्टिंग, घोटाले एवं धन उगाही में व्यस्त है।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय ने कहा कि कन्नौज जिले के छिबरामऊ नगर के बिरतिया मोहल्ले की कक्षा एक की छात्रा कृति दुबे ने बड़ा ही मार्मिक पत्र प्रधानमंत्री को लिखा जो प्रदेश की दशा और दिशा दर्शाता है। आप ने मेरी रबर, पेन्सिल एवं मैगी महंगी कर दी मांगने पर मम्मी मारती है, मैं क्या करूं। कुछ इस तरह की बातें पांच साल की छात्रा ने लिखकर जिस तरह से अप्रत्याशित महंगाई का वर्णन किया है दिल दहला देता है। छात्रा ने अपने पिता पर दबाव बनाकर यह पत्र डाक के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजवाया। पांडेय ने कहा कि पिछले लगभग साढे पांच वर्षों से उत्तर प्रदेश में जिस तरह से स्वास्थय विभाग का फर्जी डंका पीटा जा रहा है नई सरकार में नये मंत्री द्वारा कुछ ज्यादा ही प्रदर्शन हो रहा है। सच्चाई यह है कि जनपद एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई लोधी मेडिकल कॉलेज में 4 साल की बच्ची ऑक्सीजन के अभाव में घंटों तड़पती रही, अन्ततोगत्वा मृत्यु हो गयी। निधौली कलां थाना अन्तर्गत गांव नगला फकीर निवासी मुकेश कुमार की चार वर्ष की बच्ची गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज परिजनों द्वारा ले जाई जाती है, अस्पताल के हालात यह थे कि ऑक्सीजन की पाइप लाईन में लगा वॉल्व ही खराब निकला और आगरा ले जाने के लिए सरकारी एम्बुलेंस में ऑक्सीजन नहीं थी। जब तक बच्ची आगरा पहुंचती रास्ते में ही दम तोड़ दी।

# जाम की समस्या से निपटने को तत्काल कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई करें

### ● लखनऊ को जोड़ने वाले तीनों राष्ट्रीय राजमार्गों पर होगी सघन पेट्रोलिंग व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## एसीएस गृह ने की उच्च स्तरीय बैठक, दिए निर्देश



**अपर** मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने शासन में उच्च स्तरीय बैठक कर लखनऊ से कानपुर, लखनऊ से बाराबंकी एवं लखनऊ से सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की समस्या के प्रभावी निराकरण, समुचित प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और यातायात के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया। इस दौरान डीजीपी डीएस चौहान भी मौजूद रहे। अपर मुख्य सचिव गृह ने जाम की समस्या के समाधान के लिए तत्काल कार्य योजना बनाकर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। तीनों राष्ट्रीय राजमार्गो पर पुलिस की समुचित पेट्रोलिंग व सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने तथा बड़े-बड़े चौराहों पर हाई मास्ट लाईट की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। अवस्थी ने लखनऊ-कानपुर रोड पर जाम से होने वाली समस्या के संबंध में सभी बिन्दुओं पर गहनता से विस्तार से विचार विमर्श कर निर्देशित किया कि एनएचएआई, क्षेत्रीय प्रशासन एवं पुलिस परस्पर सहयोग से राजमार्ग के किनारे अतिक्रमण, ढाबों एवं वेयर हाउस के बाहर अनियमित रूप से खड़े किए गए वाहनों को हटाए जाने आदि के संबंध में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। अवस्थी ने दो बड़ी क्रेन की व्यवस्था भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिये है ताकि असमायिक तकनीकी रूप से खराब हुए वाहनों व दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अन्यत्र स्थल तक शीघ्र पहुंचाया जा सके। उन्होंने सर्विस लेन पर अतिक्रमण न होने देने, सर्विस लेन की समुचित मरम्मत किये जाने तथा उन्हे पार्किंग स्थल न बनने देने के निर्देश दिए हैं ताकि वाहनों का सुचारू रूप से आवागमन जारी रह सके। अपर मुख्य सचिव गृह ने कड़ाई से निर्देशित किया है कि सड़क किनारे स्थित ढ़ाबों पर पार्किंग की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए ताकि सड़क पर आवागमन की व्यवस्था बाधित न होने पाए। उन्होंने सम्बन्धित विभागों से अपेक्षा की है कि वह मार्ग प्रकाश एवं सफ ाई व्यवस्था को भी और अधिक चुस्त दुरूस्त कर उसका विस्तार करें। उन्होंने प्रभावी पेट्रोलिंग की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया। एनएचएआई के अधिकारियों से अपेक्षा की गयी है कि वे लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने डिवाइडर की ऊचांई निर्धारित मानकों के अनुसार कराना सुनिश्चित करें तथा अनियमित रूप से सड़क पर बने कट बन्द कराए जाएं, ताकि सड़क पर नियमों का उल्लंघन कर वाहन एक तरफ से दूसरी तरफ आवागमन न कर सके। राष्ट्रीय राजमार्गों पर पर्याप्त मात्रा में संकेतक एवं चिन्हकों के बोर्ड, स्टीकर आदि को नियमानुसार लगाया जाने के भी निर्देश दिए गए हैं ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

अवस्थी ने यह भी निर्देशित किया है कि वाहनों के पार्किंग के लिए भी जगह-जगह पर पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

## बड़े वाहनों को सुगमता से मोड़ने के लिए बढ़ाया जाए टर्निंग रेडियस: डीजीपी

**डीजीपी** डीएस चौहान ने कहा कि बड़े वाहनों को सुगमता से मोड़ने के लिए टर्निंग रेडियस बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक इन्फोर्समेंट दस्ते का गठन किया गया है, जो नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करेगें। उन्होंने बताया कि मौके पर ही जुर्माना वसूल किये जाने के लिए बड़ी संख्या में पीओएस मशीनें कर्मियों को उपलब्ध करायी गयी है। ट्रैफिक डायवर्जन की एसओपी बना ली गयी है। वरिष्ठ अधिकारियों की सहमति से जनसामान्य की जानकारी के लिए जारी किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि यातायात विभाग के कर्मियों की तीन शिफ्ट में 24 घंटे ड्यूटी लगायी जाएगी ताकि हर समय यातायात सुचारू व निर्बाध रूप से संचालित हो सके। अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात द्वारा वाहन स्वामियों के मोबाइल नम्बर अपडेट रहने की आवश्यकता पर बल देते हुए सुझाव दिया कि इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा उचित कार्रवाई की जाय तथा वाहनों के बीमा के समय मोबाइल नम्बर की अनिवार्यता भी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए सम्बन्धित विभागों की पृथक से बैठक आयोजित किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# मां चंद्रिका पैलेस पर दिन दहाड़े हुई वारदात

**संवाददाता।** मास्टरबाग सीतापुर

● पायल खरीदने के बहाने सराफ की दुकान पर पहुंची महिलाएं

●दुकान संचालक की नजर महिलाओं ने बचाकर पार कर दी पायल

**सीतापुर के** थाना कमलापुर इलाके में सराफकी दुकान से महिलाओं ने दिन दहाड़े टप्पेबाजी कर जेवर पार कर दिए। महिलाओं की यह शातिराना करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सराफ के मुताबिक चोरी हुई पायल की कीमत लगभग 25 हजार रुपये है। सराफ ने मास्टरबाग पुलिस चौकी में घटना की सूचना दी है। कमलापुर थानाक्षेत्र के मास्टरबाग कस्बे में मां चन्द्रिका पैलेस के नाम से महेन्द्र सोनी का ज्वैलरी व कपड़े का शोरूम है। सोमवार की दोपहर चार महिलाएं जेवर खरीदने दुकान पर पहुंची। महिलाओं ने महेन्द्र सोनी से पायल दिखाने को कहा। जब महेन्द्र सोनी ने पायल दिखाई तो एक महिला ने उससे वजन पायल दिखाने की बात कही। महेन्द्र जब दूसरी पायल निकालने लगा इसी बीच नीनी साड़ी पहने एक महिला ने हाथ की सफाई दिखाते हुए पायल का सेट उठाया और पास बैठी लाल साडी पहने दूसरी महिला को पकड़ा दिया। उस महिला ने पायल को रख लिया। यह सारी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आप भी देखिए किस तरह शातिराना तरीके से महिलाओं ने खुलेआम टप्पेबाजी की वारदात को अंजाम दिया।

### सीसीटीवी फुटेज

**इसके बाद** महिलाएं कुछ देर तक जेवर देखने का बहाना करती रहीं फिर पायल पसंद न होने की बात कहकर दुकान से चलती बनीं। महेन्द्र सोनी को पायल कम होने का शक हुआ तब उसने सीसीटीवी की फुटेज चेक की, सीसीटीवी में महिलाओं के हाथ की सफाई देख वह दंग रह गया। महेन्द्र ने इसकी सूचना मास्टरबाग पुलिस चौकी पर दी। मास्टरबाग चौकी इंचार्ज शिवबहादुर सिंह ने बताया सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिलाओं की तलाश की जा रही है। दिन दहाड़े अंजाम दी गई इस टप्पेबाजी को लेकर महेन्द्र सोनी ने जानकारी दी।

---

सीता की नगरी में परम्परा से उलट किस नए रिवाज की अब भी सुनाई देती है गूंज...

# सीतापुर में गुड़ियों को पीटकर नहीं झुलाकर मनाती हैं त्योहार महिलाएं

**संवाददाता।** सीतापुर

**मंगलवार को** समूचे उत्तर भारत में नागपंचमी का त्योहार मनाया जाएगा, इस दिन सदियों से चली आ रही गुडिया पीटने की परम्परा का अनुपालन करेगें, लेकिन इससे उलट सीता की नगरी सीतापुर में गुड़िया झुलाने का रिवाज भी अपनाया जाएगा। सीतापुर की महिलाओं ने गुड़िया पीटने को महिला हिंसा मानते हुए सदियों पुरानी गुड़िया पीटने की परम्परा से उलट गुड़िया को प्यार भरे झूले में झूलाने का रिवाज 25 साल पहले डाला था, अब सीतापुर के कई गांवो में इसका शोर सुनाई दे रहा है 'कि पीटे नहीं झुलाएं जी, गुड़िया यूं मनाएं जी' हम महिलाओं ने ठाना है, गुड़िया यूं मनाना है, नागपंचमी के दिन महिलाएं व बच्चियां कपड़े की गुड़िया बनाती है और फिर उसे ले जाकर चौराहे पर डालती है, जहां पर कोड़े से पुरूष और बच्चे पीटते है, इसको लेकर एक पुरानी कथा भी प्रचलित है कि एक बार नाग गरूण से बचता हुआ छिप जाता है, गरूण पीछा करते हुए उसके बारे में जानकारी जुटाते है, तभी एक बुढ़िया नागदेवता के बारे में बता देती है, इसको लेकर नागदेवता श्राप दे देते है, कि एक दिन सांपरूपी कोड़ा बनाकर उनकी पिटाई होगी, नागपंचमी के दिन तभी से गुड़िया की कोड़े से पिटाई किए जाने की परम्परा चली आ रही है, लेकिन महिलाएं और बच्चियां नागपंचमी के दिन गुड़िया को पीटने को महिला हिंसा मानकर इस परम्परा से उलट गुड़िया को झुलाने का रिवाज डाल दिए हैं। सीतापुर में 1997 में पहली बार महिला सामाख्या की ऋचा सिंह की अगुवाई में मिश्रिख ब्लाक के 15 गांवो में इसकी शुरूआत हुई, फिर धीरे-धीरे जनपद के कई ब्लाको के 8 सैकड़ा गांवो में गुड़िया नागपंचमी के दिन झुलाया जाने लगा।, इसदिन महिलाएं ढोल बजाकर गीत गाकर नांच झूमकर गुड़िया पर्व को मनाती है पिछले दो साल कोविड़ में नागपंचमी का त्योहार नहीं मनाया जा सका। दुर्भाग्य देखिए सदियों पुरानी गुड़िया पीटने की परम्परा को बदलकर गुड़िया झुलाने का रिवाज डालने वाली महिला सामाख्या की गतिविधियां सरकारी अनुदान न मिलने के चलते ठप्प हो चली है पर जो रिवाज ढाई दशक पहले महिला सामाख्या ने डाला, उसकी गूंज सीतापुर के कई गांवो में अभी भी सुनी जा रही है।

---

## क्विक न्यूज

### खीरी में हुआ मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नंबर एकत्रीकरण अभियान का शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रुप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने का शुभारम्भ हुआ। जनपद स्तर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ एडीएम/ डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह ने युवराज दत्त महाविद्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे एवं भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय में मध्यान्ह 12 बजे किया। कार्यक्रमों की कालेज के प्रचार्य व प्राचार्या ने कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थायें की। दोनो कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थिति बीएलओ, सुपरवाइ?र एवं छात्रों, मतदाताओं को आयोग के उद्देश्य के बारे में बताते हुए महत्वपूर्ण जानकारियॉ दी। इस कार्य में पूर्ण सहयोग का अनुरोध किया। एसडीएम श्रद्धा सिंह ने अपने सम्बोधन में आधार नम्बर एकत्र किये जाने की ऑनलाइन व आफॅलाइन प्रक्रिया से अवगत कराते हुए सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी। वाईडीसी में कार्यक्रम का संचालन जनपद स्तर पर नामित एनएसएस को-आर्डिनेटर डा. सुभाष चन्द्रा, भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम का संचालन, प्रो. शशि प्रभा बाजपेई ने किया। उपस्थित छात्रों एवं मतदाताओं द्वारा संबंधित फार्म-6ख भरकर जमा किये गये, आनलाइन भी फार्म-6ख भरवाया।

### सड़क सुरक्षा यातायात के अंतर्गत की गई कार्यवाही

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता अभियान के तहत आज श्रावण मास में गोला गोकरण नाथ से कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक के पश्चात बहराइच गोला मार्ग से आते जाते समय लालपुर बैरियर बरगद चौराहा छाऊछ चौराहा एलआरपी चौराहा राजापुर चौराहा बीर बाबा मंदिर एवं अन्य जगहों पर कांवरियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा ट्रैक्टर ट्राली व पिकप आदि के ऊपर बैठकर जा रहे श्रद्धालु/कावड़ यात्रियों को रोककर यातायात नियमों का पालन करने हेतु लगातार बताया जा रहा है। एवं अपील की जा रही हैं कि यातायात नियमों के पालन करने से दुर्घटना से बचा जा सकता है। आये दिन सड़क हादसे हो रहे है जिसमें लोगों की जान चली जाती है। इसका सबसे प्रमुख कारण यातायात नियमों की जानकारी न होना या जानकारी होने के बाद भी उसका पालन न करना है। दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें।

### विजयपाल साहू हुए राजस्व निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त

**बरेली ।** साधारण परिवार में जन्मे बिशारतगंज थाना मोहल्ला कचियाना के रहने वाले विजयपाल साहू पुत्र स्वर्गीय लीलाधर साहू 31 जुलाई 2022 को बरेली सदर से सेवानिवृत्त हुए। विजय पाल साहू को सभी ने साल उड़ाकर किया सम्मान। विजयपाल साहू ने एक साधारण परिवार में जन्म लिया और जिला बदायू के गांव देहमू में अपने बहनोई वेद प्रकाश गुप्ता के यहां रहकर बदायूं जिले के कछला में स्थित राधे लाल इंटर कॉलेज से हाई स्कूल इंटर की शिक्षा ली । इसके बाद वर्ष 1980 में बरेली इंटर कॉलेज में बीए की पढ़ाई करने के दौरान उनका चयन लेखपाल पद के लिए हुआ। 26 सितंबर 1983 में उन्होंने पहली बार सदर बरेली में लेखपाल के पद पर नौकरी की। इसके बाद बरेली की तहसील मीरगंज , बरेली सदर , फरीदपुर , आंवला में रहकर उन्होंने सेवाएं दी। 31 जुलाई 2022 को बरेली सदर से राजस्व निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली ।** मंदबुद्धि महिला ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।आंवला थाना क्षेत्र के गांव देवकोला निवासी राजवीर की 25 वर्षीय पत्नी नीरज कुमारी ने कल शाम घर में ही कमरे में बंद होकर छत के कुंडे से रस्सी बांध कर फांसी लगा ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के ससुर हेतराम ने बताया कि बिशारतगंज थाने के गांव नोहारा निवासी श्यामलाल की लड़की नीरज से उसके बेटे राजवीर का विवाह लगभग 2 साल पूर्व नीरज कुमारी से हुआ था और वह मानसिक रूप से कमजोर थी कल दिन में नीरज और उसका पति राजवीर घर पर थे जबकि घर के अन्य लोग खेत पर गए हुए थे शाम के समय नीरज ने पति राजवीर को सब्जी लेने के लिए बाजार भेज दिया और उसके जाने के बाद 11 माह की बेटी को अपने साथ कमरे में लेकर कमरे को अंदर से बंद कर लिया और छत से लगे कुडे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली कुछ देर बाद नीरज की ननंद चंचल बकरीद चुगा कर घर वापस लौटी तो उसने नीरज के कमरे को अंदर से बंद देखा कमरे के अंदर नीरज की बेटी की जोर जोर से रो रही थी चंचल ने कमरे को खुलवाने की कोशिश की लेकिन कमरा नहीं खुला तब वह तेजी से दौड़ते हुए अपने पिता के पास खेत पर पहुंची तब पिता हेतराम घर वापस लौटा देखा लाश फांसी पर लटकी हुई है ।

---

# आरएमपी कॉलेज में हुआ आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम

**संवाददाता।** सीतापुर



**अपर जिलाधिकारी** राम भरत तिवारी की अध्यक्षता में आर.एम.पी.पी.जी. कालेज सीतापुर में भारत निर्वाचन आयोग आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती बन्दना गायन कर किया गया। अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार मतदाता पहचान पत्र पर मतदाता का चित्र होने से उस मतदाता की पहचान आसान हो जाती है उसी प्रकार से मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने से बहुत सारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित आर0एम0पी0 पी0जी0 कालेज के अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं से अपील किया कि वह स्वप्रेरणा से मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ें। इसके साथ ही अपने परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों को भी जागरूक करें, जिससे इस मुहिम को और अधिक सफल बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि एक सफल मतदाता ही लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। मजबूत लोकतंत्र देश को प्रगति की ओर अग्रसर करता है। नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह ने सभागार में उपस्थित शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं मीडिया बन्धुओं से गुजारिश किया कि इस मुहिम को सफल बनाने में सभी लोग अपना योगदान दें और साथ ही यह भी कहा कि जनपद के सभी मतदाता प्रारूप-6ख, भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचक नामावली अधिप्रमाणन के प्रयोजन के लिये आधार संख्या की सूचना का पत्र भरकर बी0एल0ओ0 के पास जमा कर दें। आधार संख्या की सूचना का पत्र आर0एम0पी0 पी0जी0 कालेज एवं बी0एल0ओ0 से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित उपजिलाधिकारी सदर अनिल कुमार ने अवगत कराया कि जिन मतदाताओं के पास आधार कार्ड नही है। वह आधार कार्ड के विकल्प रूप में मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक/डाकघर द्वारा जारी की गयी पासबुक, श्रम मंत्रालय की स्कीम के अधीन जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, चालन अनुज्ञप्ति, पैन कार्ड, एन0पी0आर0 के अधीन आर0जी0आई0 द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, छायाप्रति के साथ पेंशन दस्तावेज, केन्द्रीय/राज्य सरकार/पी0एस0यू0/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी छायाचित्र के साथ सेवा पहचान कार्ड, संसद सदस्यों/विधानसभा सदस्यों/विधान परिषद सदस्यों को जारी शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी विशिष्ट पहचान पत्र (यू0डी0आई0डी0) भी मान्य हो सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य आर0एम0पी0 पी0जी0 कालेज रजनीकान्त श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, उपजिलाधिकारी सदर अनिल कुमार, तहसीलदार सदर ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, नायब तहसीलदार सदर शुखबीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं आर0एम0पी0 पी0जी0 कालेज के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

---

हार्टअटैक से हुई पशुधन प्रसार अधिकारी की मौत के बाद..

# जिलाधिकारी से मिला पशुधन प्रसार अधिकारी संघ

**संवाददाता।** सीतापुर

● जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मुआवजा व जांच के सौंपा ज्ञापन

**शनिवार देर** शाम पशुधन प्रसार अधिकारी की हुई हार्ट अटैक से मौत के बाद पशुधन प्रसार अधिकारी संघ आक्रोशित है, जिसको लेकर सोमवार को जिलाधिकारी व सीडीओ कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पर पशुधन प्रसार अधिकारी को प्रताड़ित करने व वेतन न मिलने की बात कहने का आरोप लगाया है। बताते है कि पशुधन प्रसार अधिकारी कमलेश कुमार यादव का मई माह का वेतन नहीं मिला था और दूसरे माह का रोंकने का निर्देश पाते ही वह परेशान हो गए व अवसाद ग्रस्त हो गए, देर शनिवार को सीने में दर्द के बाद उनकी जिला अस्पताल ले जाते समय हार्ट अटैक से मौत हो गई। जिससे आक्रोशित पशुधन प्रसार अधिकारी संघ ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा है और परिवार को सहायता व आगे से ऐसी किसी के साथ कोई पुनरावृत्ति न हो इसके लिए भी ज्ञापन में मांग की। ज्ञापन देने आए प्रान्तीय उपाध्यक्ष करूणेश उपाध्याय, प्रान्तीय महामंत्री रवि सिंह, अनिल दुबे मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष रामलोटन यादव, अनुज जायसवाल, भारतेन्दु कुमार, किशोरी लाल, उदयराज, दीपक, यदुनाथ भार्गव, प्रेमचंद, विपिन, अनूप यादव, अरविन्द वर्मा, प्रमोद मौर्या, शरद जायसवाल, अशुतोष तिवारी, बीके शुक्ला सहित तमाम संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

# एनडीआरएफ टीम ने चलाया जागरूकता अभियान, किया गावों का दौरा

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी 11-डी टीम ने गुरकुंडा, गौढ़ी, मूलचंदपुरवा, नरहर इत्यादि बाढ़ प्रभावित गावों का भ्रमण किया तथा ब्लाक फूलबेहड़ में एक जन-जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से आए हुए ग्राम प्रधानों, पंचायत सदस्यों, पंचायत मित्रों , आपदा मित्रों, उपस्थित ग्रामीणों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। एनडीआरएफ टीम ने आपदा प्रबंधन, आपदा से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी व प्रशिक्षण दिया।

एनडीआरएफ वाराणसी कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में वाराणसी से आई एनडीआरएफ 11डी टीम जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपदा प्रबंधन व जन-जागरूकता का कार्य किया जा रहा।

इसी क्रम में सोमवार इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस प्रोग्राम मे टीम ने सर्पदंश से बचाव, बाढ़ से बचाव, भूकम्प से बचाव, घायलों का प्राथमिक उपचार करना, घायल की ब्लीडिंग को रोकना, चोटों को एस्टेबलाइज करना व पीडति की जान बचाने के लिए सीपीआर देने के बारे में बखूबी डेमो देकर बताया। इस कार्यक्रम से ब्लॉक में उपस्थित समस्त लोग लाभान्वित हुए।

इस प्रोग्राम के दौरान एनडीआरएफ टीम कमांडर निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता के साथ 09 सदस्यीय टीम के अतिरिक्त बीडीओ पीयूष कुमार सिंह, एडीओ यशवंत सिंह व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

---

# लैपटॉप एवं मोबाइल पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

**संवाददाता।** मोहम्मदी-खीरी



**नगर के** प्रतिष्ठित उमा देवी चिल्ड्रेन्स एकेडमी के प्रांगण में उपस्थिति समस्त शिक्षकों छात्र-छात्राओं एवं नगर के सम्मानित जनों के मध्य सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10 एवं 12 के परिणाम में 90न से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले लगभग 20 छात्र-छात्राओं एवं उनके सभी अभिभावकों का भव्य अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अथिति संदीप मेहरोत्रा नगर पालिका चेयरमैन मोहम्मदी नगर के समाजसेवी अतुल रस्तोगी एवं डा.रुपालिका मेहरोत्रा ने भी अपनी उपस्थिति देकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय की प्राचार्या पुष्पा गुप्ता एवं चेयरमैन अनिल कुमार गुप्ता द्वारा दीप प्रज्जलित कर किया गया7 सभी टापर्स का विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता श्री राम मूर्ति शुक्ल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शिक्षिका पूनम वर्मा द्वारा तिलक लगा कर अभिनन्दन किया गया। विद्यालय के कक्षा 12 सूरज कम्बोज एवं कक्षा 10 के अविरल मिश्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे जिन्होंने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय व नगर का गौरव ब ?ाया। जिस हेतु इन दोनों छात्रों को लैपटॉप व मोबाइल देकर प्रोत्साहित किया गया। इसी क्रम में कक्षा 12 स्वाति सिंह, फराह खान, मनराज, लकी अग्रवाल एवं आयुष राठौर कक्षा 10 अमन पटेल, नैंसी देवी, सोनम कश्यप, रि ?ा खान, निशा खान, प्रखर द्विवेदी, ईशा मिश्रा, सिद्धि शुक्ला, काव्या गौतम, आभास गुप्ता, अनुज्ञा मिश्रा, आस्था राज ने भी विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। इन सभी छात्रों को भी ट्रोफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी टापर्स के अभिभावकों को प्राचार्या ने शाल भेंट कर अभिनन्दन किया जिससे अधिकतर अभिभावकों की आंखे प्रसन्नता से नम हो गयी। सभी अथितियों ने टापर्स को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा आने वाले सत्र में अच्छे अंक पाने वाले छात्रों का मनोबल बढ़ाने हेतु कुछ आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की। समस्त कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय के भौतिक प्रवक्ता पीएस मिश्र ने किया। अंत में विधालय के चेयरमैन श्री अनिल कुमार गुप्ता जी ने सभी अथितिगण का जलपान कराकर आभार व्यक्त किया।

---

# डा. मयंक मिश्रा ने सीएससी का संभाला चार्ज



**मोहम्मदी खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी के अधीक्षक डॉ सुरेंद्र कुमार सिंह का गैर जनपद तबादला हो जाने के बाद उनके स्थान पर अधीक्षक के रूप में डॉक्टर मयंक मिश्रा ने कार्यभार संभाला। जिनसे आज शिष्टाचार भेंट हुई। उन्होंने बताया कि मैं मूल रूप से हरदोई का निवासी हूं और जनपद बरेली के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी है। मेरी सीएससी जनपद की सर्वश्रेष्ठ सीएचसी में से एक रही है जिसका मुख्यमंत्री ने भी दौरा किया था। उन्होंने बताया कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद शासन की योजनाओं के अनुसार सर्वप्रथम कोविड-19 वैक्सीन और आयुष्मान कार्ड पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विकासखंड के अन्य सीएससी का शीध्र भ्रमण किया जाएगा तथा सभी के साथ शीघ्र बैठक कर उचित दिशा निर्देश भी दिए जाएंगे। सीएचसी को भी और बेहतर बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। इस अनौपचारिक वार्ता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चीफ फार्मासिस्ट डॉक्टर सुशील शुक्ला भी मौजूद रहे।

### पति ने पत्नी पर डाला तेजाब

**बरेली ।** मामूली विवाद के बाद गुस्साए पति ने पत्नी पर तेजाब डाल दिया जिससे वह झुलस गई पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया और पत्नी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव इस्लाम नगर निवासी यासीन ने अपनी पत्नी फराह पर तेजाब डाल दिया झुलसी हुई फराह को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के मटकी चौकी निवासी यामीन की बेटी फराह का विवाह लगभग 6 वर्ष पूर्व यासीन से हुआ था और इस समय वह एक बेटी की मां है आज दोपहर यासीन और फराह के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया इसके कुछ देर बाद ही गुस्साए यासीन ने पत्नी फराह पर तेजाब डाल दिया जिससे वह बुरी तरह झुलस गई उसे इलाज के लिए पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया और फिर घरवाले जिला अस्पताल लाए सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने यासीन को गिरफ्तार कर लिया ।

---

## पेज एक का शेष

### देश के मंदी की ओर ...

उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर ने यह भी कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति दुनिया में कम हो रही है और भारत में भी कम होगी। वित्त मंत्री ने कच्चे पाम तेल, सनफ्लॉवर और सोयाबीन तेल के आयात पर सीमा शुल्क कम करने का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार प्रयासरत है कि जनता को सस्ता खाद्य तेल मिले और मई के मुकाबले जून में खाद्य तेलों के दाम कम हुए हैं। इस दौरान कांग्रेस के सदस्यों ने वित्त मंत्री के जवाब पर असंतोष जताते हुए सदन से वॉकआउट किया। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार पर महंगाई पर चर्चा नहीं कराने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस जवाब तक सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस का दोहरा चरित्र स्पष्ट हो रहा है। सीतारमण ने मसूर दाल के आयात पर सीमा शुल्क 30 प्रतिशत से शून्य किए जाने, इस्पात पर सीमा शुल्क हटाए जाने जैसे कदमों का भी उल्लेख किया और कहा कि इससे सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रम (एमएसएमई) क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने और उनके दाम करने के लिए प्रयासरत हैं और सभी राज्यों के मंत्रियों से इस बाबत बात की जा रही है। सीतारमण ने भारत के श्रीलंका के रास्ते पर बढ़ने संबंधी कुछ विपक्षी सदस्यों की टिप्पणी को खारिज करते हुए कहा कि ऐसी बात करने वाले नेताओं पर शर्म आती है। जीएसटी को लेकर विपक्ष के आरोपों के जवाब में उन्होंने एक सर्वे का हवाला दिया और कहा कि 90 प्रतिशत कारोबारियों का मानना है कि जीएसटी से कारोबार करना आसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एमएसएमई क्षेत्र को 13.5 लाख करोड़ रुपए की सहायता देकर उन्हें बचाया है।

पेट्रोल, डीजल पर शुल्क से मिलने वाली राशि का उल्लेख करते हुए रिजर्व बैंक के आंकड़ों के हवाले से सीतारमण ने कहा कि 2014 से 2022 तक इस राशि से विकास परियोजनाओं पर 90.9 लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए। उन्होंने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, केंद्र सरकार ने जो पैसा एकत्र किया, वह उसकी जेब में नहीं, बल्कि सभी राज्यों के विकास के लिए दिया गया। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने 24.85 लाख करोड़ रुपए खाद्य पदार्थों, खाद और ईंधन पर सब्सिडी पर खर्च किए। जबकि संप्रग ने 10 साल में 13.9 लाख करोड़ रुपए ही खर्च किए थे। उन्होंने द्रमुक सदस्य कनिमोझी के पेंसिल पर जीएसटी लगाने संबंधी तर्क को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई बदलाव जीएसटी में नहीं किया गया है।

### संसद में अग्निपथ योजना...

विपक्ष के एक नेता ने कहा, हम संसद में यह मामला निश्चित ही उठाएंगे, लेकिन इस पर चर्चा के लिए दबाव बनाने का बहुत कम समय है, क्योंकि सत्र 12 अगस्त को समाप्त हो रहा है और इस बीच एक सप्ताहांत है, उपराष्ट्रपति चुनाव है तथा वेंकैया नायडू का विदाई समारोह (उप राष्ट्रपति पद से) भी है। कुछ नेताओं ने कहा कि इसके अलावा, इस मामले पर विभिन्न राजनीतिक दलों के रुख भी अलग-अलग हैं। उत्तरी क्षेत्र के दल योजना को पूरी तरह से वापस लिए जाने की मांग कर रहे हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस जैसे कुछ दलों का कहना है कि राज्य सरकारों को अग्निवीरों को नौकरियां देने की जिम्मेदारी से मुक्त रखा जाना चाहिए। सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल (रालोद), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने दोनों सदनों में अग्निपथ योजना पर चर्चा की मांग करते हुए पहले ही नोटिस दे दिया है। विपक्षी दलों ने संकेत दिया कि सरकार ने उन्हें अनौपचारिक रूप से बताया है कि अग्निपथ पर चर्चा के उनके अनुरोध को समायोजित करने की उनकी कोई योजना नहीं है क्योंकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

### जबलपुर के अस्पताल में...

जबलपुर के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने बताया कि यह आग गोहलपुर थाना क्षेत्र में दमोह नाका के पास न्यू लाइफ मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में लगी। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्ट्या प्रतीत होता है कि शॉर्ट सर्किट के कारण यह आग लगी।

इस अस्पताल के आसपास रहने वालों के अनुसार इस अस्पताल में भूतल और तीन मंजिल हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट किया, जबलपुर के एक अस्पताल में भीषण अग्नि दुर्घटना का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। मैं स्थानीय प्रशासन और जिलाधिकारी से निरंतर संपर्क में हूं। मुख्य सचिव को संपूर्ण मामले पर नजर बनाए रखने के लिए निर्देश दिया है। राहत एवं बचाव के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। चौहान ने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार स्वयं को अकेला न समझें। मैं और संपूर्ण मध्य प्रदेश परिवार उनके साथ है। राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए और गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी। घायलों के संपूर्ण इलाज का व्यय भी सरकार वहन करेगी।

### पश्चिम बंगाल में पिकअप वैन...

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, भारी बारिश के कारण संभवत: जेनरेटर के तारों के पानी के संपर्क में आने की वजह से पिकअप वैन में करंट प्रवाहित हो गया। उन्होंने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ज्यादातर यात्री कूचबिहार जिले के सीतलकुची इलाके के थे। अधिकारी ने कहा कि आगे की जांच चल रही है।

### एनटीआर की बेटी उमा...

उमा माहेश्वरी अपने पति के साथ शहर के पॉश जुबली हिल्स के एक अपार्टमेंट में रहती थीं। उनके पति फिलहाल बाहर गए हुए हैं। एनटीआर के दामाद व तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू, नायडू के बेटे लोकेश, एनटीआर के बेटे व अभिनेता एन. बालकृष्ण और परिवार के अन्य सदस्य मृतक के आवास पर पहुंच चुके हैं।

### कारोबारी परिवार के 7 की...

यह चाकू डासना गेट बाजार में एक दुकान से 80 रुपए में खरीदा गया था। पुलिस ने इस चाकू विक्रेता के भी बयान दर्ज किए। घंटाघर कोतवाली क्षेत्र की नई बस्ती में खल चूरी एवं प्रॉपर्टी कारोबारी सतीश चंद गोयल का परिवार रहता था। 21 मई 2013 की रात सतीश चंद गोयल, पत्नी मंजू गोयल, पुत्र सचिन गोयल, पुत्रवधु रेखा, पौत्र अमन, हनी और पौत्री मेघा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। सामूहिक हत्याकांड की जानकारी सबसे पहले उस कम्पाउंडर को हुई, जो सतीश चंद गोयल को किडनी बीमारी के चलते इंजेक्शन लगाने के लिए 22 मई की सुबह घर आया था। सतीश चंद गोयल के दामाद सचिन मित्तल ने उनके पूर्व ड्राइवर राहुल वर्मा के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जब राहुल को गिरफ्तार किया तो पूछताछ में खुलासा हुआ कि उस रात वह लूट के इरादे से छत के रास्ते घर में घुसा था। परिवार के सदस्यों के जाग जाने पर पहचाने जाने के डर से उसने सभी की हत्या कर दी थी। पूछताछ में राहुल वर्मा ने यह भी बताया कि 21 मई 2013 की वारदात से 15 दिन पहले कारोबारी सतीश चंद गोयल के घर से करीब साढ़े चार लाख रुपए चोरी हुए थे। सतीश इस बात का शक अपने ड्राइवर राहुल पर करते थे और इसी वजह से उन्होंने उसको नौकरी से हटा दिया था।

### अचिंता ने भारत को...

मेरे भाई, मां, मेरे कोच और सेना के बलिदान से मुझे यह पदक मिला। उन्होंने कहा, यह मेरी जिंदगी में पहली बड़ी प्रतियोगिता थी और मैं इस मुकाम पर पहुंचने के लिए इन सभी का आभार व्यक्त करता हूं। यह पदक मुझे जिंदगी के हर पहलू में मदद करेगा। अब यहां से पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए।

### कोर्ट ने कहा- स्मृति ईरानी...

एवं बाल विकास मंत्री ईरानी द्वारा दायर दीवानी मानहानि के मुकदमे में उसके समक्ष रखे गए दस्तावेजों पर गौर करते हुए की। उच्च न्यायालय का 29 जुलाई को दिया गया आदेश सोमवार को अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। अदालत ने अपने आदेश में दीवानी मानहानि मामले में तीनों कांग्रेसी नेताओं को समन जारी किए थे। उच्च न्यायालय ने उनसे केंद्रीय मंत्री और उनकी बेटी के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर ट्वीट और अन्य सोशल मीडिया पोस्ट को हटाने के लिए भी कहा है।

### देश में मंकीपॉक्स से...

उसे 27 जुलाई को त्रिशूर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दिल्ली में आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 35 वर्षीय एक नाइजीरियाई व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई है। हालांकि, उसके हाल-फिलहाल में विदेश यात्रा करने का कोई इतिहास नहीं है। सूत्रों ने बताया कि संक्रमित नाइजीरियाई व्यक्ति को सरकारी एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह व्यक्ति पिछले पांच दिनों से बुखार से जूझ रहा है और उसके शरीर पर दाने भी हैं। दिल्ली में 24 जुलाई को पहला मंकीपॉक्स का केस दर्ज किया गया था।

# सामूहिक संहार के हथियारों के वित्त पोषण को रोकने वाले विधेयक को मिली संसद से मंजूरी

भाषा। नई दिल्ली



**राज्यसभा ने** सामूहिक संहार के हथियारों एवं उनसे जुड़ी प्रणालियों के प्रसार के वित्त पोषण को रोकने के प्रावधान वाले विधेयक को सोमवार को मंजूरी दे दी। यह विधेयक लोकसभा में पहले ही पारित हो चुका है। दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर पीठासीन उपाध्यक्ष भुवनेश्वर कालिता ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके तत्काल बाद विपक्षी दलों के सदस्यों ने महंगाई और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के मुद्दे को लेकर हंगामा आरंभ कर दिया। हंगामे के बीच ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सामूहिक संहार के आयुध और उनकी परिदान प्रणाली (विधि विरुद्ध क्रियाकलापों का प्रतिषेध) संशोधन विधेयक, 2022 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस कानून में कुछ खामियां थी और उनका समाधान निकालने के लिए यह संशोधन आवश्यक था। उन्होंने कहा, यह विधेयक देश की सुरक्षा और देश की प्रतिष्ठा के लिए बहुत बढ़िया है। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच ही यह विधेयक ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। विधेयक के उद्देश्यों एवं कारणों में कहा गया है कि हाल ही में अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा सामूहिक संहार के हथियारों एवं उनकी परिदान (डिलीवरी) प्रणालियों के प्रसार से संबंधित विनियमों का विस्तार किया गया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लक्षित वित्तीय प्रतिबंध एवं वित्तीय कार्वाई कार्य बल की सिफारिशों को सामूहिक संहार के हथियारों एवं उनकी परिदान प्रणालियों के प्रसार के खिलाफ लागू किया गया है। इसमें कहा गया है कि उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए मूल अधिनियम को संशोधित करने की जरूरत है ताकि सामूहिक संहार के हथियारों एवं उनकी परिदान प्रणालियों के प्रसार के वित्त पोषित करने के विरूद्ध उपबंध किया जा सके और हम अपनी अंतरराष्ट्रीय बाध्यताओं को पूरा कर सकें। विधेयक में सामूहिक संहार के हथियारों एवं उनकी परिदान प्रणालियों के संबंध में किसी भी क्रियाकलाप के वित्त पोषण को निषेध किया गया है। इसमें केंद्र सरकार को ऐसे वित्त पोषण का निवारण करने के लिए निधियों एवं अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों या आर्थिक संसाधनों को पर रोक, अधिग्रहण या कुर्की करने का अधिकार दिया गया है।

## निरंतर घटता भू-जल स्तर चिंता का विषय, हरियाणा के अनुभव से लाभ उठाएं अन्य राज्य : सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि देश में निरंतर घटता भू-जल स्तर चिन्ता का विषय है और वह इस समस्या से निपटने के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है। जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में कहा, देश में निरंतर घटता हुआ भू-जल स्तर चिन्ता का विषय है और राज्य सरकारों के साथ मिलकर भारत सरकार जल शक्ति अभियान के माध्यम से उसे स्थिर करने के लिए प्रयास कर रही है...। उन्होंने कहा कि भू-जल स्तर को गिरने से रोकने के लिए राज्य सरकारों को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए और फसल विविधीकरण पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा, ... पानी की खपत किस तरह से कम से कम हो, उसकी गति को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है। ... मैं हरियाणा सरकार के प्रयासों का उल्लेख करना चाहता हूं। हरियाणा सरकार ने अपने यहां चावल के उत्पादन को सीमित करने के लिए कई प्रयास किए हैं।



प्रयागराज में सावन के तीसरे सोमवार को भगवान शंकर का जलाभिषेक करते श्रद्धालु

# टीएमसी में बड़ा फेरबदल, कई मंत्रियों को संगठनात्मक जिम्मेदारियां दी गईं

भाषा। कोलकाता

**तृणमूल कांग्रेस** (टीएमसी) ने सोमवार को बड़ा फेरबदल करते हुए कुछ मंत्रियों समेत नए चेहरों को संगठन में शामिल किया, जिसका मकसद अगले साल होने वाले महत्वपूर्ण पंचायत चुनाव से पहले पार्टी को मजबूत बनाना है। स्कूल भर्ती घोटाले में पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के बाद जारी सियासी घमासान के बीच ए फेरबदल किए गए हैं। इससे पहले दिन में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने मंत्रिमंडल में फेरबदल की घोषणा की और कहा कि कुछ मौजूदा मंत्रियों को पार्टी संगठन में भेजा जाएगा।

पार्टी ने एक बयान में कहा, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस को माननीय अध्यक्ष श्रीमती ममता बनर्जी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस के कुछ नए जिलाध्यक्षों और जिला चेयरमैन की नियुक्तियों की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है। बनर्जी की घोषणा के बाद योजना, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम निगरानी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीमा पात्रा और राज्य के सिंचाई एवं जलमार्ग मंत्री सौमेन महापात्र को उनके जिलों की संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के विधायक तापस राय और पार्थ भौमिक को पार्टी के उत्तरी कोलकाता और दम दम-बैरकपुर क्षेत्रों के अध्यक्ष के पद से मुक्त कर दिया गया है। फेरबदल में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की छाप स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इस फेरबदल में काम नहीं करने वालों को हटा दिया गया और कुछ को संगठनात्मक कर्तव्यों से मुक्त कर दिया गया, जिससे मंत्री पद के लिए उनका मार्ग प्रशस्त हुआ। सूत्रों ने कहा कि नई जिला समितियों का गठन पार्टी में अनुभवी और युवा नेताओं को ध्यान में रखकर किया गया है। उन्होंने कहा कि कूचबिहार, दक्षिण दिनाजपुर, नादिया दक्षिण (राणाघाट), हुगली-श्रीरामपुर, झारग्राम और बनगांव सहित कई संगठनात्मक जिलों के अध्यक्ष बदले गए, जबकि कई अन्य जिलों जैसे कोलकाता उत्तर, बांकुड़ा, उत्तर दिनाजपुर, तामलुक और बनगांव के नए प्रमुख होंगे।

## बंबई उच्च न्यायालय लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित की याचिका पर जल्द फैसला करे: शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को बंबई उच्च न्यायालय से कहा कि वह 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित की याचिका पर तेजी से फैसला करे। पुरोहित ने उच्च न्यायालय का रुख किया था और कहा था कि संबंधित मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सरकार द्वारा दी गई मंजूरी कानूनन गलत है। न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति विक्रमनाथ की पीठ ने उल्लेख किया कि अब तक 246 गवाहों से पूछताछ की जा चुकी है। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता द्वारा दायर याचिका उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है जहां उन्होंने मंजूरी (मुकदमा चलाने) को रद्द करने का आग्रह किया है। मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, हम उच्च न्यायालय से याचिका पर विचार करने और कानून के अनुसार इस पर शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध करना उचित समझते हैं। उच्च



न्यायालय ने 18 दिसंबर 2017 को पुरोहित के खिलाफ मुकदमा चलाने संबंधी सरकारी मंजूरी को रद्द करने से इनकार कर दिया था। इससे पहले, एक विशेष राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत ने मामले में आरोपमुक्त करने की उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। पुरोहित के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पूर्व अनुमति की आवश्यकता थी क्योंकि उस समय वह एक सेवारत सेना अधिकारी थे। मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर उत्तरी महाराष्ट्र के मालेगांव में 29 सितंबर, 2008 को एक मस्जिद के पास हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक लोग घायल हुए थे।

## भाजपा कार्यकर्ता के हत्यारों को जल्द से जल्द पकड़ लिया जाएगा: बोम्मई

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक के** मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को कहा कि पिछले महीने दक्षिण कन्नड जिले में हुई भाजपा युवा मोर्चे के नेता की हत्या के मामले की जांच जारी है। उन्होंने जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामला आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपा जाएगा। एजेंसी के अधिकारियों ने हालांकि पहले ही प्रारंभिक जानकारी एकत्रित करनी शुरू कर दी है। बोम्मई ने कहा, पुलिस को खुली छूट दी गई है और मामले की जांच आगे बढ़ रही है।

हत्यारों का जल्द ही पता लगा लिया जाएगा। बोम्मई ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दो-तीन दिन में जांच आधिकारिक रूप से एनआईए को सौंप दी जाएगी। दक्षिण कन्नड जिले के सुलिया तालुक के बेल्लारी में 26 जुलाई की रात मोटरसाइकिल सवार अज्ञात हमलावरों ने भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला समिति के 32 वर्षीय सदस्य प्रवीण नेत्तर की हत्या कर दी थी। जिसके बाद लोग काफी आक्रोशित थे।

## क्विक न्यूज

### पीएम मोदी की वजह से आप सभी जिंदा हैं: बिहार के मंत्री

**पटना।** बिहार के मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राम सूरत राय कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करने को लेकर सुर्खियों में आ गए है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री कथित तौर पर यह कहते नजर आ रहे है, आज अगर आप सभी जिंदा है, तो नरेंद्र मोदी की वजह से। वीडियो संभवतः पिछले हफ्ते मुजफ्फरपुर जिले में बनाया गया, जहां से राय ताल्लुक रखते है। उन्होंने कहा, विकास का काम हो रहा है। लोगों की और आकांक्षाएं है। मै आपको विश्वास दिलाता हूं। सरकार एक व्यवस्था के तहत चलती है। जानमाल और आपदा की व्यवस्था करने के बाद जो राशि बचती है, उससे विकास कार्य किया जाता है। पिछले दो-तीन साल में कोरोना (वायरस संक्रमण) के कारण अर्थव्यवस्था बिगड़ी है। पाकिस्तान और अन्य जगहों पर कोविड द्वारा की गई तबाही को देखे। हम लोग प्रधानमंत्री द्वारा टीके लगवाए जाने और अर्थव्यवस्था को संभालने के कारण बच गए। मंत्री हाल के दिनों में इस तरह की कई टिप्पणियों को लेकर चर्चा में रहे हैं। इससे पूर्व राय ने केंद्र की सशस्त्र बल में भर्ती की अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे लोगों को कथित तौर पर आतंकी करार दिया था। मंत्री ने पिछले महीने 100 से अधिक अधिकारियों के तबादलों और पदस्थापन पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के वीटो के खिलाफ अपने आक्रोश के कारण भी सुर्खियां बटोरी थी।

### केरल के कन्नूर और वायनाड जिलों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर के नए मामले सामने आए

**वायनाडाकन्नूर (केरल)।** केरल के वायनाड और कन्नूर जिलों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर रोग के नए मामले सामने आए है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि राज्य के वायनाड जिले में अफ्रीकन स्वाइन फीवर संक्रमण के मामले सामने आने पर वहां करीब एक सप्ताह पहले 300 से अधिक सूअरों को मार दिया गया था। वायनाड और कन्नूर जिलों के अधिकारियों ने बताया कि दोनों जिलों में इस रोग का एक-एक मामला सामने आया है। जिलाधिकारी कार्यालय से यह जानकारी मिली है कि अफ्रीकन स्वाइन फीवर के नए मामले सामने आने के मद्देनजर जिलाधिकारी द्वारा एक बैठक भी की जाएगी। वायनाड के नेनमेनी गांव में सोमवार को इस रोग का नया मामला सामने आया। इसके कारण पशुपालन विभाग ने जिले में अलर्ट घोषित कर दिया है। वायनाड में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश ने पीटीआई-भाषा को बताया कि इस रोग को फैलने से रोकने के लिए सुल्तान बाथेरी के नेनमेनी फार्म में और उसके आसपास 193 सूअरों को इस सप्ताह मारना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि केवल वायनाड के 222 फार्म में 20,000 से अधिक सूअर है। उनके नमूने जांच के लिए एकत्र किए जाएंगे। कन्नूर जिले के अधिकारियों ने पीटीआई-भाषा को सोमवार को बताया कि जिले में रविवार को अफ्रीकन स्वाइन फीवर का एक मामला सामने आया। बिहार और पूर्वोत्तर के राज्यों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर के मामले सामने आने पर केंद्र द्वारा सतर्क किए जाने के बाद केरल ने जुलाई में जैव सुरक्षा उपाय कड़े कर दिए थे। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार, अफ्रीकन स्वाइन फीवर पालतू सूअरों के लिए अत्यधिक संक्रामक और घातक रोग है।

### महाराष्ट्र के राज्यपाल कोश्यारी ने गुजराती-राजस्थानी टिप्पणी के लिए माफी मांगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने अपनी उस टिप्पणी के लिए सोमवार को माफी मांग ली, जिसमे उन्होंने कहा था कि अगर मुंबई से गुजरातियों और राजस्थानियों को हटा दिया जाए तो शहर के पास न तो पैसे रहेंगे और न ही वित्तीय राजधानी का तमगा रहेगा। कोश्यारी ने यह टिप्पणी शुक्रवार शाम मुंबई के पश्चिमी उपनगर अंधेरी मे एक चौक के नामकरण समारोह को संबोधित करते हुए की थी। उन्होंने कहा था, मै यहां के लोगों को बताना चाहता हूं कि अगर गुजरातियो और राजस्थानियो को महाराष्ट्र, खास तौर पर मुंबई और ठाणे से हटा दिया जाए, तो आपके पास पैसे नही रहेंगे और न ही मुंबई वित्तीय राजधानी बनी रह पाएगी। राजभवन द्वारा सोमवार शाम को जारी एक बयान मे कोश्यारी के हवाले से कहा गया कि उन्हे विश्वास है कि महाराष्ट्र के लोग अपना बड़ा दिल दिखाएंगे और उनकी हालिया टिप्पणी के लिए उन्हे माफ कर देंगे। कोश्यारी ने कहा कि अंधेरी मे अपने भाषण के दौरान समाज के कुछ सदस्यो के योगदान के बारे मे बोलते हुए हो सकता है कि उन्होंने गलती की हो। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि इस प्रांत के नागरिक कई संतो की शिक्षाओ का पालन करते हुए इस राज्य के एक विनम्र सेवक को माफ कर देंगे। यह मेरी तरफ से एक अनजाने मे हुई गलती थी। कोश्यारी ने टिप्पणी को लेकर व्यापक निंदा के बाद शनिवार को कहा था कि बयान को गलत समझा गया और उन्होने राजनीतिक दलो से कहा था कि वे विवाद पैदा नही करें।

## पराली जलाने से रोकने के लिए किसानों को नकद प्रोत्साहन के प्रस्ताव पर विशेषज्ञ विभाजित

**नई दिल्ली।** किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए नकद प्रोत्साहन देने के प्रस्ताव पर विशेषज्ञों की राय बंटी हुई है। उनका कहना है कि राज्य पूसा बायो-डीकंपोजर के इस्तेमाल को क्यों नहीं बढ़ा रहा है जिसे दिल्ली सरकार ने पहले पराली जलाने का किफायती समाधान बताया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले हफ्ते कहा था कि पंजाब सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधक आयोग को एक प्रस्ताव भेजा है जिसमें कहा गया है कि सीमावर्ती राज्य में किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए नकद प्रोत्साहन दिया जाए। प्रस्ताव कहता है कि दिल्ली और पंजाब को 500-500 रुपए देने चाहिए जबकि केंद्र 1500 रुपए मुहैया कराए। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वायु प्रयोगशाला के पूर्व प्रमुख दिपांकर साहा ने कहा, नकद प्रोत्साहन देना समस्या का अस्थाई समाधान है। अन्य तरीकों में बॉयलर में और कागज बनाने के लिए धान के पुआल का इस्तेमाल करना बेहतर उपाय है।

## लैंगिक तटस्थता के खिलाफ नहीं, मुख्यमंत्री के अपमान की मंशा नही थी: मुनीर

भाषा। कोझिकोड (केरल)


**इंडियन यूनियन** मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के नेता एवं विधायक एम. के. मुनीर ने हाल में दिए अपने एक बयान पर सफाई देते हुए सोमवार को कहा कि वह लैंगिक तटस्थता के खिलाफ नहीं हैं और न ही उनका इरादा केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन का अपमान करने या उनका उपहास उड़ाने का था। मुनीर ने कहा कि वह सिर्फ इस बात पर जोर दे रहे थे कि पितृसत्ता ही लैंगिक तटस्थता तय कर रही है।

गौरतलब है कि मुनीर ने स्कूलों में छात्रों की पोशाक के संबंध में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार की लैंगिक तटस्थता संबंधी नीति की रविवार को आलोचना करते हुए सवाल किया था कि विजयन जब स्कूली बच्चों के लिए लैंगिक रूप से तटस्थ पोशाक की वकालत कर रहे हैं, तो वह यात्रा के दौरान साड़ी और ब्लाउज़ क्यों नहीं पहनते? मुनीर ने अपने बयान पर सफाई देते हुए सोमवार को एक टीवी चैनल से कहा कि वह लैंगिक तटस्थता के खिलाफ बात नहीं कर रहे थे। उन्होंने कहा, जब आप लैंगिक तटस्थता की बात करते हैं, तो वह दोनों पक्षों के लिए होनी चाहिए। यह विचार कहां से आया कि इसे केवल महिलाओं के पुरुषों की तरह कपड़े पहनकर ही हासिल किया जा सकता है? मेरा बस यही सवाल है। इसके अलावा, मैंने मुख्यमंत्री का अपमान करने या उनका उपहास उड़ाने के लिए कुछ नहीं कहा। अगर उन्हें यह अपमान लगा, तो मैं कहना चाहूंगा कि मेरी ऐसी कोई मंशा नहीं थी। मुनीर ने स्पष्ट किया, जब मैंने पूछा कि मुख्यमंत्री साड़ी या ब्लाउज़ क्यों नहीं पहन सकते, तो मेरे कहने का मतलब यह नहीं था कि वह उसे पहनकर घूमें। मैं बस उदाहरण के तौर पर एक बात कह रहा था। उन्होंने कहा, मैं बस इस बात पर जोर दे रहा था कि पितृसत्ता ही वास्तव में लैंगिक तटस्थता तय कर रही है।

# देश में कोविड-19 के 16,464 नए मामले, 24 और लोगों की मौत

भाषा। नई दिल्ली

**भारत में** एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 16,464 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,40,36,275 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर।,43,989 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 24 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,26,396 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर।,43,989 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.33 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 313 की बढ़ोतरी हुई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.48 प्रतिशत है।



आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 6.01 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.80 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,33,65,890 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 204.34 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 24 मामले सामने आए, जिनमें से पश्चिम बंगाल में सात, महाराष्ट्र में तीन, कर्नाटक, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश में दो-दो और असम, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर तथा सिक्किम में एक-एक मामला सामने आया।

## हादसों में हर साल 1.5 लाख मौतें, 2024 तक यह तादाद घटाकर आधी करेंगे

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)

**केंद्रीय सड़क** परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सरकार ने देश में सड़क हादसों की वजह से हर साल होने वाली करीब 1.5 लाख मौतों को 2024 तक घटाकर आधी करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में करोड़ों रुपए खर्चकर ब्लैक स्पॉट (वे स्थान जहां सबसे ज्यादा सड़क हादसे होते हैं) हटाने का काम जारी है। यहां गैर सरकारी संगठन जन आक्रोश के कार्यक्रम में गडकरी ने बताया कि देश में हर साल पांच लाख सड़क हादसों में करीब 1.5 लाख लोगों की मौत होती है, जबकि तीन लाख व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं।

उन्होंने कहा, हमने तय किया है कि 2024 की समाप्ति से पहले हम देश में सड़क हादसों और इनमें होने वाली मौतों की तादाद कम से कम 50 फीसद घटाएंगे। गडकरी ने कहा कि इस लक्ष्य के तहत केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय



राजमार्गों के ब्लैक स्पॉट हटाने के लिए अब तक 25,000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उन्होंने बताया कि विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के सहयोग से सरकार 15,000 करोड़ रुपए की अन्य योजना पर भी काम कर रही है। गडकरी ने बताया कि इस योजना की रकम राज्य सरकारों को भी देने का फैसला किया गया है कि ताकि वे अपने तहत आने वाली सड़कों से ब्लैक स्पॉट हटाएं। सड़क परिवहन मंत्री ने यह भी बताया कि भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम के तहत गाड़ियों को सुरक्षा के वैश्विक पैमानों पर परख कर स्टार रेटिंग दी जाएगी।

## उज्ज्वला योजना के 4.13 करोड़ लाभार्थियों ने एक बार भी सिलेंडर रिफिल नही कराया: सरकार

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र सरकार** ने सोमवार को संसद में बताया कि पिछले पांच सालों में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के 4.13 करोड़ लाभार्थियों ने एक बार भी सिलेंडर रिफिल नहीं कराया जबकि 7.67 करोड़ लाभार्थियों ने एक ही बार सिलेंडर भरवाया। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने राज्यसभा को एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उच्च सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार से पीएमयूवाई के ऐसे लाभार्थियों का ब्योरा मांगा था जिन्होंने विगत पांच वर्षों में एक बार सिलेंडर रिफिल कराया या नहीं कराया।

तेली ने आंकड़े देते हुए बताया कि वर्ष 2017-18 के बीच 0.46 करोड़ पीएमयूवाई लाभार्थियों ने कोई सिलेंडर रिफिल नहीं कराया जबकि 1.19 करोड़ लाभार्थियों ने एक बार सिलेंडर रिफिल कराया। उनके मुताबिक 2018-19 के दौरान 1.24 करोड़, 2019-20 के दौरान 1.41 करोड़, 2020-21 के दौरान 0.10 करोड़ और 2021-22 के दौरान 0.92 करोड़ लाभार्थियों ने एक बार भी सिलेंडर रिफिल नहीं कराया। उन्होंने बताया कि 2018-19 के दौरान 2.90 करोड़, 2019-20 के दौरान 1.83 करोड़, 2020-21 के दौरान 0.67 करोड़ और 2021-22 के दौरान 1.08 करोड़ लाभार्थियों ने केवल एक बार सिलेंडर रिफिल कराया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कुल 30.53 करोड घरेलू ग्राहकों में से 2.11 करोड़ घरेलू एलपीजी ग्राहकों ने कोई सिलेंडर रिफिल नहीं कराया जबकि 2.91 करोड़ घरेलू एलपीजी ग्राहकों ने केवल एक बार सिलेंडर रिफिल कराया।

तेली ने बताया कि परिवारों द्वारा घरेलू एलपीजी की खपत खाने की आदतें, परिवार का आकार, खाना पकाने की आदतें, मूल्य और वैकल्पिक इंधनों की उपलब्धता जैसे अनेक घटकों पर निर्भर करती है।उन्होंने बताया कि सरकार घरेलू एलपीजी के उपभोक्ता के लिए प्रभावी मूल्य को आवश्यकतानुसार घटाती बढ़ाती रहती है। उन्होंने कहा कि यथा स्वीकार्य राजसहायता पात्र लाभार्थियों के खाते में जमा की जाती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने 21 मई 2022 से पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए वर्ष 2022-23 के लिए प्रति वर्ष 12 रिफिल तक के लिए 200 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की निर्धारित राज सहायता की घोषणा की है।

## आप सत्ता में आई तो गुजरात के हर युवा को नौकरी, बेरोजगारों को 3,000 रुपए मासिक भत्ता: केजरीवाल

भाषा। वेरावल (गुजरात)

**आम आदमी** पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के सत्ता में आने पर राज्य में 3,000 रुपए मासिक बेरोजगारी भत्ता देने और हर युवा को नौकरी देने का वादा किया। नौकरी का वादा करने से पहले केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्य में सत्ता में आने पर प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का आश्वासन दिया था। गुजरात में विधानसभा चुनाव इस साल के अंत तक होने वाले हैं।

सौराष्ट्र क्षेत्र के गिर सोमनाथ जिले के वेरावल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर आप गुजरात में सरकार बनाती है, तो उनकी पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि अगले पांच वर्षों में प्रत्एक बेरोजगार युवा को नौकरी मिले। उन्होंने कहा, जब तक हम हर बेरोजगार युवा को नौकरी नहीं देते, तब तक उन्हें 3,000 रुपए प्रति



माह बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। अपनी पार्टी के चुनाव पूर्व गारंटी के हिस्से के रूप में, केजरीवाल ने 10 लाख सरकारी नौकरियां सृजित करने का वादा किया। आप नेता ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने पर रोक लगाने और दोषियों को दंडित करने के लिए कानून बनाने का भी वादा किया। हाल के दिनों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के कई मामले सामने आए हैं। केजरीवाल ने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नपत्र लीक के लिए जिम्मेदार माफिया को कड़ी सजा मिले और गुजरात में पेपर लीक की व्यवस्था बंद हो।

## मंत्रिमंडल में होगा फेरबदल, चार-पांच नए चेहरे होंगे शामिल: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंत्रिमंडल भंग करने की खबरों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि मंत्रिमंडल में फेरबदल की योजना है और चार से पांच नए चेहरों को इसमें शामिल किया जा सकता है। बनर्जी ने कहा कि वर्तमान में कई विभागों का संचालन बिना किसी मंत्री के हो रहा है और उनके लिए अकेले इनकी जिम्मेदारियां संभालना भी संभव नहीं है। बनर्जी ने पत्रकारों से कहा, हमें हमारे मंत्रिमंडल में फेरबदल करना होगा। मेरी मंत्रिमंडल को भंग करने और नया मंत्रिमंडल बनाने की कोई योजना नहीं है। ऐसे कई विभाग हैं, जिनका कोई समर्पित मंत्री नहीं है। मैं इन सभी विभागों की जिम्मेदारी अकेले नहीं संभाल सकती।

मुख्यमंत्री ने कहा, हम मंत्रिमंडल में चार-पांच नए चेहरों को शामिल करेंगे। यह फेरबदल बुधवार को किया जाएगा। पंचायत, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, उपभोक्ता मामले और स्वयं सहायता समूह विभाग का कार्यभार वर्तमान में बनर्जी संभाल रही हैं। पार्थ चटर्जी को मंत्रिमंडल से निकालने के बाद उद्योग तथा संसदीय मामलों के विभाग का जिम्मा भी बनर्जी के पास है। गौरतलब है कि सरकारी स्कूलों और सहायता प्राप्त स्कूलों में हुए कथित शिक्षक भर्ती घोटाले के वक्त पार्थ चटर्जी के पास शिक्षा विभाग का प्रभार था। बाद में उनसे यह विभाग ले लिया गया था। प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें धनशोधन के मामले में हाल ही में गिरफ्तार किया था।


चीनी सेना ने मनाई 95वीं वर्षगांठ

# पेलोसी की ताइवान यात्रा को रोकने के लिए किया शक्ति प्रदर्शन

भाषा। बीजिंग

**चीन** की सेना ने सोमवार को अपनी 95वीं वर्षगांठ मनाई और अमेरिकी सदन की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान पहुंचने की कथित योजना को रोकने के लिए शक्ति प्रदर्शन किया।

पेलोसी ने रविवार को पुष्टि की कि वह सिंगापुर, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जापान में एक कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी, लेकिन ताइवान में संभावित पड़ाव के बारे में उन्होंने कुछ नहीं कहा। ताइवान को चीन अपनी मुख्य भूमि का हिस्सा बताता रहा है और पेलोसी की वहां जाने की कथित योजना से वह भड़का हुआ है। पेलोसी की प्रस्तावित यात्रा पर चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन को गत बृहस्पतिवार को फोन पर बातचीत में चेतावनी देते हुए कहा था कि "जो लोग आग से खेलते हैं वे इससे नष्ट हो जाएंगे"। सोमवार को अपने 95वें सेना दिवस समारोह के साथ 20 लाख सैनिकों वाली पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने ताइवान की स्वतंत्रता चाहने वालों और बाहरी ताकतों को चेतावनी के क्रम में शक्ति प्रदर्शन करते हुए अस्त्र-शस्त्र और सैन्य उपकरणों के क्षेत्र में अपनी नवीनतम उपलब्धियों को रेखंकित किया। सरकार संचालित ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, पीएलए ने खुलासा किया कि उसके उन्नत हथियारों और उपकरणों में नई प्रगति हुई है, जिसमें इसकी हाइपरसोनिक मिसाइल, एंफीबियस हमलावर पोत, हवाई टैंकर और बड़े विध्वंसक शामिल हैं। सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने शनिवार को एक वीडियो जारी किया, जिसका शीर्षक था "चीनी सैनिकों की क्षमता 81 सेकंड में प्रदर्शित"। इसमें एक रेगिस्तान में एक राजमार्ग पर प्रक्षेपण वाहन से डीएफ-17 हाइपरसोनिक मिसाइल का प्रक्षेपण दिखाया गया। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि मिसाइल दक्षिण चीन सागर, ताइवान जलडमरूमध्य और पूर्वोत्तर एशिया में स्थिर तथा गतिशील लक्ष्यों को भेद सकती है, जिनमें विमानवाहक पोत भी शामिल हैं।



## पेलोसी के सिंगापुर पहुंचने के साथ उनका एशिया दौरा शुरू

**कुआलालंपुर।** अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी सोमवार तड़के सिंगापुर पहुंचीं। इसके साथ ही उनका एशिया दौरा शुरू हो गया है। सप्ताहांत में एक बयान में पेलोसी ने कहा था कि वह व्यापार, कोविड-19 महामारी, जलवायु परिवर्तन, सुरक्षा और लोकतांत्रिक शासन पर चर्चा करने के लिए मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जापान का भी दौरा करेंगी। हालांकि, उन्होंने ताइवान का दौरा कर सकने संबंधी खबरों की पुष्टि नहीं की थी। उल्लेखनीय है कि चीन इसे अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पिछले सप्ताह अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन के साथ टेलीफोन पर की गई वार्ता में ताइवान के मामले में हस्तक्षेप करने के खिलाफ चेतावनी दी थी। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष की यात्रा की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने पेलोसी और उनके प्रतिनिधिमंडल के आज तड़के सिंगापुर पहुंचने की पुष्टि की। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि पेलोसी सिंगापुर की राष्ट्रपति हलीमा याकूब और प्रधानमंत्री ली सीन लूंग तथा कई कैबिनेट मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगी। सिंगापुर में अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक स्वागत कार्यक्रम में भी पेलोसी के शामिल होने की उम्मीद है। उनकी यात्रा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहने के कारण मीडिया को उनके कार्यक्रमों से दूर रखा गया है। चीन को लगता है कि ताइवान के साथ आधिकारिक अमेरिकी संपर्क उसकी दशकों पुरानी उस नीति के खिलाफ उसे (ताइवान को) उकसाता है, जिसके तहत वह उसे वास्तविक, स्वतंत्रता और स्थाई क्षेत्र मानता है। हालांकि, अमेरिकी नेताओं का कहना है कि वे चीन के इस दृष्टकोण का समर्थन नहीं करते हैं। पेलोसी यदि ताइवान का दौरा करती हैं, तो वह 1997 में प्रतिनिधि सभा के तत्कालीन अध्यक्ष न्यूट गिंगरिच के बाद ताइवान की यात्रा करने वाली सर्वोच्च पद पर आसीन पहली निर्वाचित अमेरिकी अधिकारी होंगी। बाइडन प्रशासन ने बीजिंग को आश्वस्त करने की कोशिश की है कि अगर ऐसी यात्रा होती है, तो यह अमेरिकी नीति में किसी बदलाव का संकेत नहीं होगा।

## न्यूजीलैंड के साथ अपने संबंधों का विस्तार करना चाहता है अमेरिका

**वेलिंगटन।** प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सेना के कमांडर ने सोमवार को कहा कि अमेरिका न्यूजीलैंड के साथ अपने संबंधों को बढ़ाना और मजबूत करना चाहता है। अमेरिका हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल जॉन एक्विलिनो की वेलिंगटन की यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं को लेकर चिंतित है और क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। एक्विलिनो ने पुकेहू राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पार्क में पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने न्यूजीलैंड के शीर्ष रक्षा बल और सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक से पहले मीडिया से संक्षिप्त बातचीत की। एक्विलिनो ने कहा, हमारी साझेदारी बहुत गहरी है। हम, दोनों देशों और इस क्षेत्र के सभी देशों के लिए शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए साथ मिल कर काम कर रहे हैं।

# पाक के पूर्व पीएम अब्बासी ने भारतीय कंपनी से ली घूस: गिल

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान** में विपक्षी दल के एक वरिष्ठ नेता शहबाज गिल ने आरोप लगाया है कि पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी ने एक भारतीय कंपनी से 14 करोड़ रुपए की रिश्वत तब ली थी, जब वह पांच साल पहले प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की कैबिनेट में संघीय पेट्रोलियम मंत्री थे। मीडिया की खबरों में सोमवार को यह जानकारी दी गई। डॉन अखबार की खबर के अनुसार रविवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता गिल ने आरोप लगाया कि अब्बासी ने एक भारतीय कंपनी से 14 करोड़ रुपए की रिश्वत ली थी। पाकिस्तान ऑब्जर्वर अखबार ने गिल के हवाले से कहा, अब्बासी ने टेलीग्राफिक हस्तांतरण के माध्यम से एक भारतीय कंपनी से 14 करोड़ रुपए प्राप्त किए, जब वह 2017 में तत्कालीन संघीय पेट्रोलियम मंत्री के रूप में कार्यरत थे। अब्बासी फिलहाल सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। डॉन की खबर में गिल के हवाले से कहा गया है कि अब्बासी के बैंक खाते में तीन लेन-देन, एक दिसंबर 2016 और दो जनवरी 2017 को हुए और यह राशि हस्तांतरित की गई। गिल ने हालांकि भारतीय कंपनी के नाम का खुलासा नहीं किया। 63 वर्षीय अब्बासी ने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व सत्ताधारी दल को उनके खिलाफ ठोस सबूतों के साथ याचिका दायर करनी चाहिए। अगस्त,2017 से मई 2018 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे अब्बासी ने कहा कि पीटीआई चार साल तक सत्ता में रही, लेकिन उसे उनके खिलाफ कुछ भी ठोस तथ्य नहीं मिला। गिल ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता को अपने खातों को सार्वजनिक करने की भी चुनौती दी।

# श्रीलंका की तमिल पार्टी ने राष्ट्रीय सरकार बनाने के राष्ट्रपति के आह्वान का समर्थन किया

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका** की मुख्य तमिल अल्पसंख्यक पार्टी टीएनए ने सोमवार को घोषणा की कि वह दिवालिया देश को भीषण आर्थिक संकट से उबारने में मदद करने के लिए सर्वदलीय राष्ट्रीय सरकार बनाने के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के प्रयासों का समर्थन करेगी। वरिष्ठ तमिल नेता आर सम्पंथन ने संवाददाताओं से कहा कि सर्वदलीय सरकार बनाने का कदम अभी उठाया जाने वाला सबसे अच्छा कदम है और उनकी पार्टी इसका समर्थन करेगी। तमिल नेशनल अलायंस (टीएनए) के प्रवक्ता ने कहा कि पार्टी ने फैसला किया है कि श्रीलंका के आर्थिक और राजनीतिक संकट से निपटने के लिए सर्वदलीय सरकार का गठन उपयुक्त होगा। हालाँकि, टीएनए ने अभी तक ऐसी सरकार में कैबिनेट पद लेने का निर्णय नहीं किया है। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने पिछले सप्ताह संसद सदस्यों को पत्र लिखकर द्वीप राष्ट्र के आर्थिक संकट से निपटने के लिए राष्ट्रीय सर्वदलीय सरकार बनाने में उनका साथ देने का आह्वान किया था। मुख्य विपक्षी दल समागी जन बालवेगया (एसजेबी) ने हालांकि कहा कि सर्वदलीय सरकार बनाने का निमंत्रण राजनीतिक दलों को दिया जाना चाहिए, न कि व्यक्तियों को। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे बुधवार को औपचारिक रूप से संसद को संबोधित करेंगे, जहां उनके नीतिगत भाषण देने की उम्मीद है।

## गोटबाया राजपक्षे की वापसी का अभी सही समय नहीं : श्रीलंकाई राष्ट्रपति विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि उनके पूर्ववर्ती गोटबाया राजपक्षे के श्रीलंका लौटने का यह सही समय नही है, क्योंकि यहां उनकी मौजूदगी से देश में राजनीतिक तनाव भड़क सकता है। उल्लेखनीय है कि इतिहास के सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में उग्र विरोध प्रदर्शनो के चलते राजपक्षे देश छोड़कर भाग गए थे और फिर उन्होने राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद संसद ने 20 जुलाई को विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति निर्वाचित किया था। छह बार प्रधानमंत्री रहे विक्रमसिंघे को राजपक्षे के देश छोड़कर भाग जाने के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति भी नियुक्त किया गया था। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने रविवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल के साथ एक साक्षात्कार मे कहा कि मौजूदा स्थिति मे पूर्व राष्ट्रपति की वापसी से देश मे राजनीतिक तनाव भड़क सकता है। श्रीलंका के कैबिनेट प्रवक्ता बंडुला गुणवर्धने ने हाल मे कहा था कि 73 वर्षीय राजपक्षे छिपे नही है और उनके जल्द लौटने की उम्मीद है। वही, विक्रमसिंघे ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ने जल्द श्रीलंका लौटने की योजना के बारे मे संकेत नही दिया है। उन्होने कहा, मुझे नही लगता कि यह उनके (राजपक्षे) लौटने का सही समय है।

### भारतीय मछुआरों को बचाया

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने छह भारतीय मछुआरों को बचाया है, जिनका ट्रॉलर (मछली पकड़ने वाला जहाज) इंजन में खराबी के बाद बहकर द्वीप देश के उत्तरी तलाईमन्नार जलक्षेत्र में पहुंच गया था। न्यूज़फर्स्ट लंका समाचार पोर्टल ने श्रीलंकाई नौसेना की मीडिया इकाई के हवाले से कहा कि बचाए गए मछुआरों को मानवीय सहायता प्रदान की गई और उन्हें अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा (आईएमबीएल) पर मछली पकड़ने वाली एक अन्य भारतीय नौका को सौंप दिया गया। पानी में बहकर उत्तरी तलाईमन्नार पहुंचे भारतीय ट्रॉलर को रविवार की सुबह श्रीलंकाई नौसेना के जहाज रणजया ने समुद्र में गश्त के दौरान देखा था। नौसेना ने कहा कि भारतीय मछुआरों का ट्रॉलर इंजन में खराबी के कारण श्रीलंकाई जलक्षेत्र की ओर बह गया था। बयान में कहा गया है कि नौसेना ने तब ट्रॉलर में सवार छह भारतीय मछुआरों को बचाया और उन्हें भोजन, पेय तथा अन्य मानवीय सहायता प्रदान की। नौसेना ने कहा कि पोत रणजया ने संकट में फंसे भारतीय ट्रॉलर और मछुआरों को आईएमबीएल तक पहुंचाया और उन्हें एक अन्य भारतीय ट्रॉलर को सौंप दिया, जिससे उनकी अपने देश में सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो गई।

## ईस्टर संडे हमले के अपराधी अब भी राजनीति में, पुलिस बल में कार्यरत हैं: कार्डिनल रंजीत

**कोलंबो।** श्रीलंका के कैथोलिक गिरजाघर के आर्कबिशप कार्डिनल मैल्कम रंजीत ने कहा है कि 2019 ईस्टर संडे के हमलो के साजिशकर्ता या तो देश की राजनीतिक बिरादरी से जुड़े हुए है या पुलिस बल में कार्यरत है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार पर देश के आतंकवाद के सबसे बुरे कृत्य पर आंखे मूंद लेने का आरोप लगाया। समाचार पोर्टल न्यूज फर्स्ट लंका ने बताया कि कार्डिनल रंजीत ने रविवार को मुटुवाल में सेंट जेम्स गिरजाघर के वार्षिक उत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे उपदेश देते हुए लोगों से देश के भीतर कानून के शासन की हालत को देखने का आग्रह किया। रिपोर्ट मे कहा गया है कि कोलंबो के आर्कबिशप ने श्रीलंका को धर्मद्वीप बताया और कहा कि सत्ता और धन के लालची लोगों के अपने हित के लिए नीतियों का उल्लंघन करने के कारण यह धर्मद्वीप गर्त में चला गया है। डेली मिरर अखबार ने उनके हवाले से लिखा कि 2019 ईस्टर संडे के हमलो का जिक्र करते हुए कार्डिनल ने कहा, जिन लोगो ने 2019 मे तीन गिरजाघरो और कुछ होटलो में बम विस्फोट किए, वे अब भी राजनीति मे है और पुलिस अधिकारियों के रूप मे भी काम कर रहे है। इसी कारण न्याय के लिए हमारी पुकार की उपेक्षा की गई है। हालांकि, हमे कैथोलिक के रूप मे प्रार्थना करते रहना होगा कि न्याय होगा। आईएसआईएस से जुड़े स्थानीय इस्लामी चरमपंथी संगठन नेशनल तौहीद जमात से जुड़े नौ आत्मघाती हमलावरों ने 21 अप्रैल, 2019 को तीन गिरजाघरो और कई बड़े होटलो मे सिलसिलेवार विनाशकारी विस्फोटो को अंजाम दिया था, जिसमे 11 भारतीयो सहित लगभग 270 लोग मारे गए। अप्रैल मे कार्डिनल रंजीत ने ईस्टर संडे पीड़ितों के परिजनों के एक समूह के साथ रोम में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की और मामले को न्याय के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक ले जाने की कोशिश की। उन्होंने सरकार पर देश के सबसे भीषण आतंकी हमले से आंखे मूंदने का आरोप लगाया था।

# सेंसेक्स 545 अंक के उछाल के साथ 58,000 अंक के पार

- शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन भी तेजी बरकरार
- बीएसई सेंसेक्स तीन महीने के उच्चतम स्तर पर हुआ बंद

भाषा। मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 545 अंक से अधिक उछलकर तीन महीने के उच्चस्तर पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और वाहन शेयरों में मजबूत लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। कारोबारियों के अनुसार, मजबूत वृहद आर्थिक आंकड़े और विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह से भी धारणा को बल मिला।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 545.25 अंक यानी 0.95 प्रतिशत चढ़कर 58,115.50 अंक पर बंद हुआ। मानक सूचकांक इस साल 13 अप्रैल के बाद पहली बार 58,000 अंक के ऊपर गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 181.80 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,340.05 अंक पर बंद हुआ। वाहन कंपनियों की जुलाई में बिक्री बढ़ने से इनके शेयरों में तेजी रही। सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा सबसे अधिक 6.15 प्रतिशत मजबूत हुआ। कंपनी की घरेलू वाहनों की बिक्री पिछले महीने 33 प्रतिशत बढ़ी है। स्पेक्ट्रम नीलामी के संपन्न होने के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल का शेयर 2.64 प्रतिशत तक चढ़ा। देश में स्पेक्ट्रम की अबतक की सबसे बड़ी नीलामी में 1,50,173 करोड़ रुपए की बोलियां आईं। इसके अलावा मारुति सुजुकी इंडिया, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, गिरावट में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंडसइंड बैंक, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स और टीसीएस शामिल हैं। इनमें 2.65 प्रतिशत तक का नुकसान रहा। वृहद आर्थिक मोर्चे पर जीएसटी (माल एवं सेवा कर) संग्रह जुलाई में 28 प्रतिशत बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपए रहा। यह जीएसटी संग्रह का दूसरा उच्चस्तर है। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वे के अनुसार, देश में विनिर्माण गतिविधियां भी जुलाई महीने मे आठ माह के उच्चस्तर पर रहीं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) के शुद्ध रूप से लिवाल होने से घरेलू बाजार में तेजी आई। यूरो क्षेत्र में बेरोजगारी दर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर होने तथा कच्चे तेल के दाम में गिरावट से वैश्विक स्तर पर उम्मीद बंधी है। उन्होंने कहा, ...वाहन बिक्री के आंकड़े जारी होने के बाद इन कंपनियों के शेयर मांग में रहे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, बाजार में सप्ताह की शुरूआत सकारात्मक रही...सकारात्मक वैश्विक रुख के साथ चौतरफा लिवाली से बाजार में तेजी रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी शेयर बाजार भी शुक्रवार को लाभ में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 102.6 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 22 पैसे मजबूत होकर 79.02 (अस्थाई) पर बंद हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को 1,046.32 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।



# वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 5.83 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल

- 31 जुलाई आईटीआर भरने की अंतिम तारीख थी, यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष के आंकड़े के लगभग बराबर

भाषा। नई दिल्ली

**आयकर** विभाग को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 31 जुलाई, 2022 तक 5.83 करोड़ आयकर रिटर्न (आईटीआर) मिले हैं। 31 जुलाई ही आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तारीख थी। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, आयकर रिटर्न का यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2020-21 के लिए दायर रिटर्न की संख्या के लगभग बराबर है। आयकर विभाग ने आईटीआर जमा करने के लिए 31 जुलाई की अंतिम समयसीमा तय की थी। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें 31 जुलाई के अंत तक लगभग 5.83 करोड़ आयकर रिटर्न मिले हैं। वास्तविक आंकड़ों को पता लगाने के लिए अंतिम आंकड़ों को मिलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान लगभग इतनी ही संख्या में यानी 5.89 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल हुए थे। तब रिटर्न भरने की समयसीमा 31 दिसंबर, 2021 तक बढ़ा दी गई थी। अधिकारी के अनुसार, 72 लाख से अधिक आईटीआर अंतिम तारीख यानी रविवार को दाखिल किए गए। नए नियमों के अनुसार, आकलन वर्ष 2022-23 के लिए 31 दिसंबर तक आईटीआर दाखिल करने वालों (पांच लाख रुपए से अधिक की वार्षिक आय वाले) को 5,000 रुपए का विलंब शुल्क या जुर्माना देना होगा। वहीं, पांच लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाले व्यक्तियों को को 1,000 रुपए के विलंब शुल्क का भुगतान करना होगा।

**LOST & FOUND**

I have lost Original GPA executed by Mr. Ranjit Singh Kataria in favor of Mr. Vaibhav Bhandari dated 23.03.2018. Property bearing House No.2, Khata Khatouni No 256, Killa No. 16//13/1 revenue State Village Sarai Alawardi, Dist. Gurgaon, Haryana. area measuring 235 Sq. Yds. If anyone found please return these documents to 7E Deendayal research institute 5th floor, Swami Ram Tirth Nagar, Jhandewalan Extn, Central Delhi-110055. Sandeep Singh #9717870100

# रेपो दर में 0.25 से 0.35 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है रिजर्व बैंक: विशेषज्ञ

भाषा। मुंबई

**अमेरिकी** केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी के कुछ दिन बाद भारतीय रिजर्व बैंक भी प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 से 0.35 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि मुद्रास्फीति पर अंकुश के लिए केंदीय बैंक आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दर बढ़ा सकता है। केंद्रीय बैंक पहले ही अपने नरम मौद्रिक रुख को धीरे-धीरे वापस लेने की घोषणा कर चुका है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की द्विमासिक बैठक तीन अगस्त से शुरू हो रही है। बैठक के नतीजों की घोषणा पांच अगस्त को होगी। खुदरा मुद्रास्फीति छह माह से रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। ऐसे में रिजर्व बैंक ने मई और जून में रेपो दर में क्रमश: 0.40 प्रतिशत और 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की थी। विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक इस सप्ताह प्रमुख नीतिगत दर को कम से कम महामारी-पूर्व के स्तर पर ले जाएगा। आगामी महीनों में इसमें और वृद्धि होगी। बोफा ग्लोबल रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा मानना है कि एमपीसी पांच अगस्त को रेपो दर में 0.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी करेगी। साथ ही वह अपने रुख को धीरे-धीरे सख्त करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि रेपो दर में आक्रामक 0.50 प्रतिशत या कुछ नरम 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। बैंक ऑफ बड़ौदा की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि फेडरल रिजर्व ने कैलेंडर साल 2022 में ब्याज दरों में 2.25 प्रतिशत की वृद्धि की है। इससे ऐसी संभावना बन रही है कि रिजर्व बैंक भी ब्याज दरों में तय समय से पहले अधिक वृद्धि कर सकता है। रिपोर्ट कहती है, हालांकि भारत में परिस्थितियों को देखते हुए अभी आक्रामक रुख की जरूरत नहीं है। हाउसिंग.कॉम के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ध्रुव अग्रवाल ने कहा कि अमेरिका सहित दुनिया के अन्य देशों के बैंकिंग नियामक आक्रामक तरीक से ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं। लेकिन भारत में स्थिति ऐसी नहीं है। यहां आक्रामक तरीके से ब्याज दरें बढ़ाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा अनुमान है कि केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में 0.20 से 0.25 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। डीबीएस ग्रुप रिसर्च की कार्यकारी निदेशक और वरिष्ठ अर्थशास्त्री राधिका राव ने एक रिपोर्ट में कहा कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति अगली दो तिमाहियों में मूल्य स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करेगी। ऐसे में हमारा मानना है कि अगस्त में एमपीसी रेपो दर में 0.35 प्रतिशत की वृद्धि करेगी।

# एटीएफ कीमतों में 12 फीसदी की कटौती, वाणिज्यिक एलपीजी सस्ती

भाषा। नई दिल्ली

**देश** में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में सोमवार को 12 फीसदी की भारी कटौती हुई। यह एटीएफ में अब तक की सबसे बड़ी कटौती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में कमी के संभावनाओं के बीच यह कमी हुई। राष्ट्रीय राजधानी में एटीएफ की कीमत में 16,232.36 रुपए प्रति किलोलीटर या 11.75 प्रतिशत की कटौती हुई और इसका भाव 121,915.57 रुपए प्रति किलोलीटर हो गया है। यह दरों में अब तक की सबसे बड़ी कमी है। इससे पहले 16 जुलाई को 3,084.94 रुपए प्रति किलोलीटर (2.2 प्रतिशत) की कमी हुई थी। इसी के साथ 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 36 रुपए घटाकर 1,976.50 रुपए कर दी गई है। वाणिज्यिक एलपीजी का इस्तेमाल होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा किया जाता है। मई के बाद से वाणिज्यिक एलपीजी दरों में यह चौथी कटौती है। कुल मिलाकर कीमतों में प्रति सिलेंडर 377.50 रुपए की कमी हुई है। घरेलू रसोई में इस्तेमाल होने वाली एलपीजी गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी में 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,053 रुपए है।

## अनंतकृष्णन को एचएएल के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार

**बेंगलुरु।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के निदेशक (वित्त) सी बी अनंतकृष्णन ने सोमवार को अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार संभाला। उन्होंने आर माधवन की जगह ली, जो 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए। कंपनी ने एक बयान में कहा कि अनंतकृष्णन सोमवार से तीन महीने की अवधि के लिए या जब तक एचएएल सीएमडी का पद खाली है, इस पद पर रहेंगे।

## जुलाई में कोयले का उत्पादन 11 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजानिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन जुलाई माह में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 4.73 करोड़ टन पर पहुंच गया। मानसून में बारिशों के दौरान खनन गतिविधियों में व्यवधान के कारण हर साल घरेलू कोयले का उत्पादन आमतौर पर कम हो जाता है। कोल इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को भेजी सूचना में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि जुलाई 2021 में उसने 4.26 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था। सीआईएल ने चालू वित्त वर्ष के दौरान लगातार चौथे महीने में कोयले के उत्पादन में वृद्धि को दो अंकों में बरकार रखा है। कोल इंडिया ने चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में 20.71 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया है। यह एक साल पहले की अवधि में 16.66 करोड़ टन कोयले के उत्पादन की तुलना में 24.3 प्रतिशत अधिक है। सीआईएल ने कहा, अगर मांग में अचानक बढ़ोतरी नहीं हुई, जैसा कि अगस्त 2021 में देखा गया था।

**सार्वजनिक नोटिस**

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी
निगमन की तिथि: 04.02.2005
सीआईएन: U65922MH2005PLC272501
पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय:
यूनिट नंबर 203 और 204, दूसरी मंजिल, ए विंग, नवभारत एस्टेट्स, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई - 400015
दूरभाष नं: 022-24190911 ईमेल: cs@vastuhfc.com
वेबसाइट: https://www.vastuhf c.com

**शाखा कार्यालय का स्थानांतरण**

वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ("कंपनी") कार्यालय नई दिल्ली-110037 की शाखा कार्यालय को 01-09-2022 (प्रभावी तिथि) से नीचे बताए अनुसार नए परिसर में स्थानांतरित किया जाएगा:

| | |
|---|---|
| **पुराना पता:** कार्यालय नं. 04, वेस्टएंड प्लाजा, पुरानी दिल्ली गुरुग्राम रोड, खसरा नं0 377-375, पुरानी गुड़गांव दिल्ली रोड, डेसू कार्यालय के पास कापसहेड़ा, नई दिल्ली-110037 | |
| **नया पता:** प्लॉट नंबर 32, एस/एफ, ब्लॉक ए-1, सेवक पार्क, उत्तम नगर, बनकट हॉल के पास, नई दिल्ली- 110059 | |

पुराना परिसर **31 अगस्त 2022** तक चालू रहेगा।
**01 सितम्बर, 2022** के बाद से, कंपनी के सभी लेनदेन/ग्राहक सेवा अनुरोध केवल नए पते पर भेजे जाने चाहिए।
**नोट:** 04, वेस्टएंड प्लाजा, खसरा नंबर 377/375, ओल्ड गुड़गांव दिल्ली रोड, डेसू ऑफिस के पास पुरानी दिल्ली गुरुग्राम रोड, कापसहेड़ा, नई दिल्ली 110037 स्टैंड से शिफ्टिंग ऑफिस के संबंध में प्रकाशन दिनांक **10 जून 2022** को वापस ले लिया गया।
किसी भी प्रश्न के मामले में, आप हमसे यहां संपर्क कर सकते हैं: customercare@vastuhfc.com
**पता:** यूनिट नंबर 203 और 204, दूसरी मंजिल, एक विंग, नवभारत एस्टेट्स, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई - 400015
दिनांक : 02.08.2022
स्थान : दिल्ली
हस्ताक्षर

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on Behalf of HDFC Bank. that Mr. Shyam Sundar Chhabra is owner of Entire Ground & First Floor (said floor) built on Entire Property with Roof/terrace rights, bearing No. 1421, built on land measuring 160 sq.yds., situated at Dr. Mukherjee Nagar, Delhi, (the said property) by virtue of Gift deed dated 18.01.2018, Registration No. 932, executed by Mr. Vikash Chhabra, has lost/misplaced SMC Certificate stating legal heirs of late Mrs. Rita Chhabra. All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that my clients Sh. Narinder Bhasin S/o Shri L.M. Bhasin and his wife Smt. Shashi Bhasin, both R/o 1/3, Sunder Vihar, Pacshim Vihar, New Delhi-110087, have severed all their relations with their son Ishaan Bhasin and his wife Smt. Shraddha, and they are hereby debarred being disrespectful, quarrelsome and disobedient towards my clients. Moreover, they have married of their own accord and follow their own ways and are also living separately. He/she who deals with them in any manner, shall be doing so at his /her own risk and responsibility and my clients shall not be responsible for their any act of omission and commission
Navin Kumar Chaudhary Advocate
Chamber No. 3. Civil Wing Tis Hazari Courts Delhi-110054

# तीन शातिर चोर गिरफ्तार

## चोरी का ढेरों माल बरामद, एसपी के निर्देश पर अपराधियों की धर-पकड़ तेज



संवाददाता। गोंडा

**थाना** उमरी बेगमगंज पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने चोरों की निशानदेही पर भारी मात्रा में चोरी के सामान बरामद किया है। जिले में एसपी के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान छेड़ा गया है।

यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि थाना उमरी बेगमगंज पुलिस व एस0ओ0जी0 टीम की संयुक्त कार्यवाही में पुलिस ने तीन शातिर चोरों वंशी पुत्र नन्हू निवासी विशुन तिवारीपुरवा बेलसर तरबगंज गोंडा, अजय पुत्र छब्बू निवासी रघुबर पुरवा बेलसर तरबगंज गोंडा एवं लल्लन पुत्र रामफल निवासी विशुन तिवारीपुरवा तरबगंज गोंडा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से थाना उमरी बेगमगंज व थाना तरबगंज क्षेत्र में हुई कई चोरियों का माल बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि उक्त चोरों का एक संगठित गिरोह है, जो जनपद में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करता है। मामले में उक्त अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना उमरी बेगमगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी है। पुलिस को उनके कब्जे से 10 अदद गैस सिलेण्डर, 01 अदद ज्वैलरी सेट रोज गोल्ड आर्टीफिशियल, 01 अदद ज्वैलरी सेट रोल गोल्ड आर्टीफिशियल मय चूडियाँ, 04 अदद मोबाइल फोन, 01 अदद लैपटाप, 538 अदद निपुल स्टील व प्लम्बरिंग फिटिगं का समान, 06 अदद कन्शील्ड पीतल, 03 अदद किर्लोस्कर का पम्पिंग सेट, 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 कारतूस एवं 01 अदद अवैध चाकू बरामद हुआ है। पुलिस ने मामले में विधिक कार्यवाही कर शातिर चोरों को जेल रवाना कर दिया है। वहीं गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मुकेश पाण्डेय मय पुलिस टीम थाना उमरी बेगमगंज एवं एस0ओ0जी0 प्रभारी अमीत कुमार मय एस0ओ0जी0 टीम शामिल हैं।

## हत्या में वांछित दो गिरफ्तार

**गोंडा।** थाना मनकापुर पुलिस ने हत्याकर शव को ट्रेन की पटरी पर फेंकने के मामले में वांछित दो अभियुक्तों सुमित पाठक पुत्र अनिल पाठक निवासी ग्राम बेलहानियां दर्जीजोत थाना मनकापुर गोंडा एवं मनीष मिश्रा पुत्र वीरेंद्र मिश्रा निवासी छितौनी थाना डीडई शिवनगर सिद्धार्थ नगर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।साथ ही अभियुक्तों की निशादेही पर मृतक के कपड़ों की बरामदगी की गई है। साथ ही अभियुक्तों की निशादेही पर मृतक के कपड़ों की बरामदगी की गई है। मामले में अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना मनकापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि उपरोक्त दोनो अभियुक्त हत्या के मामले में वांछित चल रहे थे। जिन्हें मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली मनकापुर मनोज कुमार राय व उनकी पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर उन्हें जेल रवाना किया गया है।

## एसटीएफ के हत्थे चढ़ा ठग

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर पैसों की ठगी करने वाले को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि पुलिस नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से पैसों की ठगी करने वाले आरोपी अभियुक्त सलीम वारसी पुत्र स्व0 मोहम्मद रफी निवासी 954, आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली नगर गोंडा को थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसटीएफ गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके कब्जे से इंटरमीडिएट का फर्जी प्रमाण पत्र व 25000 रुपए का चेक बरामद हुआ है। मामले में अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर में विधिक कार्रवाई की गई है।



वाराणसी में पवित्र श्रावण माह के तीसरे सोमवार को भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे कांवड़ियों का स्वागत करते और जल पिलाते मुस्लिम समुदाय के लोग

# फिरोजाबाद में मुसलमानों ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले की शिकोहाबाद तहसील में मुसलमानों ने सोमवार को कैंप लगाकर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की और उनका स्वागत किया। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को आज तब सांप्रदायिक सौहार्द एवं हिंदू-मुस्लिम एकता की नई मिसाल देखने को मिली जब शिकोहाबाद नगर के स्टेशन रोड पर मुस्लिम पुरुषों और महिलाओं ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की और उनको फल एवं शरबत देकर उनकी सुखद यात्रा की कामना की। इस दौरान जिलाधिकारी रवि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने भी कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। गौरतलब है कि आगरा जिले का बटेश्वर धाम प्राचीन शिव मंदिर है, जहां कासगंज के सोरों से जल भरकर लाने वाले कांवड़िए श्रावण मास में प्रत्एक सोमवार को जलाभिषेक करते हैं। ए कांवड़िए शिकोहाबाद होकर गुजरते हैं। शिकोहाबाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा कांवड़ियों के स्वागत की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने पीटीआईभाषा से कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल हिंदू मुस्लिम एकता को प्रदर्शित करते हैं बल्कि सांप्रदायिक सौहार्द को भी मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विकास एवं आपसी सामंजस्य का मार्ग प्रशस्त होता है। रंजन ने कहा कि शिकोहाबाद में हुए इस कार्यक्रम की चारों ओर चर्चा है और इसे नई मिसाल के रूप में देखा जा रहा है।

# गाजियाबाद में एक ही परिवार के सात सदस्यों की हत्या के दोषी को सुनाई फांसी की सजा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की एक अदालत ने एक व्यापारी समेत उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के जुर्म में ड्राइवर को फांसी की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) राजेश चंद्र शर्मा ने सोमवार को बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश निर्मल चंद्र सेमवाल ने एक व्यापारी और उसके परिवार के छह अन्य सदस्यों की हत्या के जुर्म में ड्राइवर राहुल वर्मा को फांसी की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि राहुल ने 21 मई 2013 को व्यापारी की तीन पीढ़ियों का सफाया कर दिया था। शर्मा ने कहा कि राहुल वर्मा व्यापारी सतीश चंद्र गोयल का पारिवारिक चालक था और वह उनकी आर्थिक स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ था। घटना से 15 दिन पहले व्यापारी ने वर्मा को नौकरी से निकाल दिया था क्योंकि उनके घर से साढ़े चार लाख रूपए गायब हो गए थे। पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के हवाले से शर्मा ने बताया कि 21I22 मई, 2013 की दरम्यानी रात राहुल चोरी-छुपे गोयल के घर में घुसा और उसने गोयल एवं उनकी पत्नी मंजू रानी गोयल, पुत्र सचिन गोयल एवं पुत्रवधू रेखा गोयल, पौत्री मेघा (14) और पौत्र हनी (12) एवं अमन (10) की धारदार हथियार से हत्या कर दी। शर्मा के मुताबिक गोयल किडनी के मरीज थे जिनका ट्रांसप्लांट होना था और उसके लिए जीटी रोड कोतवाली थाना क्षेत्र के नई बस्ती मोहल्ला स्थित गोयल के घर में भारी मात्रा में नकद राशि लाई गई थी और चालक वर्मा को इस बात की जानकारी थी। गोयल के दामाद सचिन मित्तल ने ड्राइवर वर्मा के खिलाफ कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई और पुलिस ने उसी दिन उसे गिरफ्तार कर अपराध में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया था। नौ साल तक चले लंबे मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत में 25 गवाह पेश किए। शनिवार को अदालत ने हत्या के दुर्लभतम मामलों में वर्मा को दोषी ठहराया और सोमवार को सजा सुनाई। शर्मा ने बताया कि अदालत ने चालक को मौत की सजा सुनाने के साथ ही 50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले की पुष्टि के लिए इसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय भेजा जाएगा और फैसले की प्रति जिलाधिकारी और जेल अधीक्षक को भी भेजी जाएगी।

**मुजफ्फरनगर में दलित महिला का यौन उत्पीड़न, सात लोग गिरफ्तार:** मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले के एक गांव में 30 वर्षीय दलित महिला का सात लोगों ने कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया और बंदूक का डर दिखाते हुए उसे कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया तथा घटना का वीडियो भी बनाया। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना मुजफ्फरनगर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार शाम को हुई। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पीड़िता द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, वह घास काटने के लिए एक खेत में गई थी, जहां सात लोगों ने उसका यौन उत्पीड़न किया और बंदूक के बल पर कपड़े उतारने के लिए मजबूर करने के बाद उसका वीडियो बनाया। कोतवाली थाना के प्रभारी आनंद देव मिश्रा ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354बी और 506, अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति अत्याचार रोकथाम कानून की धारा 3 और सूचना प्रौद्योगिकी कानून की धारा 67 के तहत मामला दर्ज किया है। मिश्रा के मुताबिक, रविवार को मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# दो पक्षों में मारपीट व चाकूबाजी चार युवक गंभीर रूप से घायल

## दो आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा।** थाना क्षेत्र छपिया अंतर्गत कस्बा मसकनवा के रानीजोत में बीती देर शाम मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में मारपीट व चाकूबाजी की घटना हो गई। जिसमें चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार हेतु पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसकनवा एवं बाद में जिला अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर को मिलते ही उन्होंने वहां तत्काल कई थानों की पुलिस फोर्स को तैनात करते हुए शांति व्यवस्था अनाए रखने का निर्देश जारी किया है। वहीं मामले में पीड़ित पक्ष दीनानाथ कौशल द्वारा 11 नामजद समेत कई अज्ञात के खिलाफमामला दर्ज कराया गया है। जिसमे त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार जिले के थाना छपिया के मसकनवा कस्बे स्थित रानीजोत निवासी दीनानाथ कौशल के भतीजे दीपांशू व वहीं के निवासी दद्दू गुप्ता के बीच में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसमें रविवार की देर शाम घात लगाकर बैठे दद्दू गुप्ता, मकालू, शिव मंगल, आशीष, हरिओम, अंशू भुजवा, सनी, अमित व हिमांशु आदि ने अपने घर के पास घूम रहे हर्ष कौशल पर चाकू, लोहे की रॉड, लाठी-डंडा आदि से हमला बोल दिया। जब शोरगुल सुनकर परिजन उसे बचाने को दौड़े तो उन पर भी हमला कर दिया गया। जिसमे उन्हें भी काफी चोटें आईं। घटना में हर्ष 19 वर्ष, पीयूष 18 वर्ष, दीपांशू 18 वर्ष एवं सूजल 15 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। आनन-फानन में परिजनों द्वारा घायलों को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसकनवा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनसे कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

# ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता अभयनाथ का निधन

**वाराणसी।** वाराणसी के ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मुकदमे में मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता अभय नाथ यादव का रविवार देर रात निधन हो गया। वह 62 वर्ष के थे। यादव के पारिवारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि उन्हें देर रात दिल का दौरा पड़ने पर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनका अंतिम संस्कार आज सोमवार को ही किया जाएगा। ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में अभय नाथ यादव मुस्लिम पक्ष के प्रमुख अधिवक्ताओं में से एक थे। ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंध समिति के सचिव एस. एम. यासीन ने बताया कि यादव उनके प्रमुख अधिवक्ता थे और उन्होंने अदालत में मुसलमानों का पक्ष पुरजोर तरीके से रखा। उन्होंने कहा कि यादव का निधन एक बड़ी क्षति है।बहरहाल, कोई दूसरा वकील अब उनकी जगह लेगा। ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हो चुकी हैं। बहरहाल, कोई दूसरा वकील अब उनकी जगह लेगा। ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हो चुकी हैं। अब चार अगस्त को मुस्लिम पक्ष को अदालत में अपना प्रत्युत्तर पेश करना है। उल्लेखनीय है कि वाराणसी की एक अदालत ने ज्ञानवापी परिसर की वीडियोग्राफी कर सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था और हिंदू पक्ष ने इस दौरान एक शिवलिंग मिलने का दावा किया था। हालांकि, मुस्लिम पक्ष का दावा है कि वह ढांचा वजू खाना में मौजूद फव्वारे का हिस्सा है।

## कर ने मोटरसाइकिल सवार कांवड़ियों को रौंदा एक की मौत, दो घायल

**एटा।** एक अगस्त (भाषा) एटा जिले के रिजोर क्षेत्र में सोमवार को जीप की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार एक कावड़िए की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि तड़के लगभग साढ़े तीन बजे मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के कुछ लोग अपने पिता की अस्थियां विसर्जित करने के लिए जीप से सोरों जा रहे थे। उन्होंने बताया कि रास्ते में रिजोर थाना क्षेत्र के शिकोहाबाद रोड स्थित चपरई मोड़ पर उनकी जीप ने एक मोटरसाइकिल सवार तीन कांवड़ियों को रौंद दिया। इस हादसे में विनय (22) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो अन्य कांवड़ियों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों की हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर आगरा रेफर कर दिया है।

## क्रंट लगने से मजदूर की मौत

**कौशांबी।** कौशांबी जिले के सैनी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने वाली कंपनी पीएनसी के एक मजदूर की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। थानाध्यक्ष तेज बहादुर सिंह ने बताया कि सैनी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग दो जीटी रोड स्थित अटसराय में पीएनसी द्वारा सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। कंपनी ने मजदूरों तथा अन्य कर्मचारियों के लिए अस्थाई निवास बनाया है। सिंह ने बताया कि सोमवार पूर्वाह्न लगभग 11 बजे मजदूर रूपचंद (42) बिजली के तार के करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। उनके अनुसार मामले में अभी तक तहरीर नहीं मिली है .तहरीर मिलने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। रूपचंद आजमगढ़ जनपद के निजामाबाद थानाक्षेत्र के अलीपुर गांव का रहने वाला था।

# तमंचे से आतंकित कर किया गया महिला का यौन उत्पीड़न, सात आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में तमंचे से आतंकित करके एक महिला को निर्वस्त्र होने के लिए मजबूर करने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 30 वर्षीय एक दलित महिला रविवार की शाम खेत में घास काटने गई थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसे तमंचे से आतंकित करके उसे निर्वस्त्र होने को मजबूर किया। इसी बीच किसी एक आरोपी ने घटना का वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस सिलसिले में मुकदमा दर्ज कर सातों आरोपियों-- अनुज, कुलदीप, अंकित, रवि, रिजवान, छोटा और अब्दुल को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## बलिया में पांच वर्षीय बच्ची से उसके 52 वर्षीय पड़ोसी ने दुष्कर्म किया, गिरफ्तार

**बलिया।** बलिया जिले में सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्षीया बच्ची के साथ कथित रूप से बलात्कार करने को लेकर उसके 52 वर्षीय पड़ोसी को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपाधीक्षक भूषण वर्मा ने बताया कि सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्षीया एक बच्ची के साथ उसके पड़ोसी सुभाष गौड़ (52) ने रविवार को कथित रूप से बलात्कार किया। वर्मा ने बताया कि घटना के समय बच्ची घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी तभी सुभाष उसे बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि बच्ची के पिता की तहरीर पर रविवार रात को सुभाष के विरुद्ध दुष्कर्म एवं पॉक्सो कानून की सुसंगत धारा में नामजद मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी सुभाष को सोमवार को सिकंदरपुर बस स्टेशन चौराहा के समीप से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बच्ची को जिला अस्पताल में जांच के लिए भेजा है।

# त्यौहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट

**बांदा1** अगस्त मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मोहर्रम, नागपंचमीए रक्षाबन्धन के त्यौहार सहित श्रावण मासए कांवड़ यात्रा आदि त्यौहारों को शांतिपूर्णढंग से मनाये जाने को लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुराग पटेल एवं पुलिस अधीक्षक अभिनंदन द्वारा संयुक्त रूप से की गयी। बैठक में जनपद के सभी पुलिस क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों के माध्यम से सभी धर्मों के धर्मगुरूओं व व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं जनपदस्तरीय अधिकारियों की उपस्थित रही। बैठक में जिलाधिकारी अनुराग पटेल द्वारा सभी ताजियादारों व उपस्थित संभ्रान्त नागरिकों से उनके क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को सुना गया तथा आश्वस्त किया गया कि बैठक में उठायी गयी समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निस्तारण करा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के कारण विगत वर्षों से बन्द रहा हैए लगभग दो वर्षों बाद पुन: त्यौहार मनाया जा रहा हैए इसीलिए परम्परागत तरीके से ही त्यौहार को मनाया जाये। किसी भी



प्रकार की नई परम्परा का शुरूवात न की जाएए ताकि जनपद में आपसी सद्भाव व भाईचारे के साथ त्यौहार सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि नगर पालिकाओंध्पंचायतों के अधिशाषी अधिकारियों एवं गामीण क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को साफसफाई एवं पेयजल आपूर्ति के लिए निर्देशित किया गया। विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि विद्युत आपूर्ति 24 घण्टे बहाल रहे एवं जुलूस के रास्ते में जहां कहीं पर सड़क टूटी हो या गड्ढा हो उसकी मरम्मत लोक निर्माण विभाग द्वारा तत्काल करायी जाए। उन्होंने पेयजल सम्बन्धित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल सम्बन्धित सारी व्यवस्थायें चुस्त.दुरस्त कर ली जायें। उन्होंने कहा कि यदि किसी को कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल अपनी तहसील के उप जिलाधिकारी व थानाध्यक्ष को अवगत करायें। उन्होंने नगर मजिस्टेªट को निर्देशित किया कि अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका आपस में मिलकर अभियान चलाकर शहर में विचरण कर रहे अन्ना गौवंश एवं सुअरों को बाडे में बन्द कराया जाए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियोंध्पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि वे एक बार पुन: अपने क्षेत्र के जुलूस मार्गों का एवं ताजिया रखे जाने वाले स्थानों का निरीक्षण अवश्य करें तथा रजिस्टर नम्बर.8 का अध्ययन अवश्य कर लें।

# कार पर गिरा पेड़, महिला की मौत, पति और बच्चे जख्मी

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के खतौली क्षेत्र में सोमवार को एक कार पर पेड़ गिरने की घटना में एक महिला की मृत्यु हो गई तथा उसके पति और दो बेटे जख्मी हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक परिवार के कुछ लोग कार से हरिद्वार जा रहे थे, रास्ते में खतौली थाना क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनकी कार पर अचानक एक पेड़ गिर गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में ऋतु (40) की मौत हो गई, जबकि उसका पति राहुल और दो बेटे घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**स्कूल में पढ़ाते समय शिक्षक की मौत:** सुलतानपुर। सुलतानपुर जिले के बल्दीराय क्षेत्र में सोमवार को एक स्कूल में पढ़ाते समय तबीयत बिगड़ने से एक शिक्षक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बल्दीराय ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चकमूसी में सहायक अध्यापक शिवपूजन गुप्ता (32) सोमवार को बच्चों को पढ़ा रहे थे, इसी दौरान उन्हें सीने में अचानक तेज दर्द शुरू हो गया। सूत्रों के मुताबिक तबीयत बिगड़ने पर उनके साथी शिक्षक एवं ग्राम प्रधान मोहम्मद कमाल खान उन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिवपूजन गुप्ता की नियुक्ति 2016 में सहायक अध्यापक के पद पर हुई थी।

# सीएम के कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट में हुआ सजीव प्रसारण

## सीडीओ ने शिक्षकों, अभिभावकों को किया सम्मानित

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को सीएम द्वारा निःशुल्क यूनिफॉर्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा व स्टेशनरी विक्रय के लिए धनराशि रू.1200 डीबीटी से छात्र-छात्राओं के माता/पिता/अभिभावकों के खाते में धनराशि हस्तांतरित कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट में सजीव प्रसारण हुआ।

कार्यक्रम में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत के संग मां सरस्वती पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी ने सीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं के शैक्षिक प्रगति हेतु डीबीटी से धनराशि हस्तांतरित की जा रही। इस धनराशि से बच्चों के लिए क्रय की जाने वाली सभी सामग्री दो सेट यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी को अभिभावक तुरंत खरीद कर अपने बच्चों को उपलब्ध कराएं, जिससे बच्चे निर्बाध रूप से शिक्षा ग्रहण कर सके। आज हम आजादी के अमृत महोत्सव के मना रहे हैं। आज हमें बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संकल्प लेना है। आज निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु कार्यक्रम चलाया जा रहा। निपुण भारत अपने स्कूलों, शिक्षकों, माता-पिता और समुदायों के साथ-साथ छात्रों को हर संभव तरीके से बच्चों की वास्तविक क्षमता को प्राप्त करने और देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करने के लिए समर्थन व प्रोत्साहित करने के लिए परिकल्पित है। बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने बताया कि सत्र 2021-22 में 4,79,163 छात्र छात्राओं के माता/पिता/अभिभावकों के बैंक खातों में डीबीटी से 1100 धनराशि का सफल स्थानांतरण किया गया था। गत सत्र 2021-22 में सर्वाधिक सर्वाधिक छात्र-छात्राओं को निःशुल्क यूनिफॉर्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता मोजा क्रय से संबंधित धनराशि सीधे उनके माता/पिता/अभिभावकों के खातों में हस्तांतरित करने में प्रदेश में जनपद खीरी का प्रथम स्थान पर रहा है। सत्र 2022- 23 में 1200 की धनराशि सीधे अभिभावकों के खातों में भेजी जाएगी, जिसके द्वारा दो सेट निःशुल्क यूनिफॉर्म, जूता- मोजा, स्कूल बैग, स्वेटर और स्टेशनरी का क्रय किया जाना है। 2022- 23 सत्र में जनपद खीरी में छात्र-छात्राओं का कुल नामांकन 588860 है। जिसमे 462274 छात्र छात्राओं का आधार वेरीफिकेशन पूर्ण हो चुका है। कुल 547353 अभिभावकों की संख्या का आधार वेरीफिकेशन पूर्ण हो चुका है। वर्तमान सत्र 2022- 23 के प्रथम चरण में सर्वाधिक 250625 अभिभावकों के खातों में निःशुल्क यूनीफॉर्म, स्कूल बैग, जूता मोजा एवम स्टेशनरी से संबंधित धनराशि सीधे उनके माता-पिता के खातों में स्थानांतरित करने में भी में खीरी प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह, बीएसए डॉ.लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने शिक्षकों व अभिभावकों को निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संचालन रितु अवस्थी व सफल संयोजन डीसी पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में एनके मिश्रा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राम जी पाण्डेय, बीईओ मुख्यालय बृजेश त्रिपाठी, कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की प्रबंध समिति के सदस्य गण, हाथों में तिरंगा लिए बच्चे उपस्थित रहे।

## सरकारी नौकरी न मिलने से निराश युवक यमुना में कूदा

**आगरा।** आगरा में एक युवक ने कथित रूप से यमुना नदी में कूदकर अपनी जान देने की कोशिश की। अभी उसका शव नहीं मिला है और पुलिस गोताखोरों की मदद से यमुना में उसकी तलाश कर रही है।न्यू आगरा थाना प्रभारी निरीक्षक विजय विक्रम सिंह ने बताया कि नगला तल्फी का रहने वाला यह युवक कर्मवीर सिंह पौनिया लंबे समय से सेना भर्ती को लेकर तैयारी कर रहा था और रविवार रात को वह यमुना में कूद गया। उन्होंने बताया कि युवक सरकारी नौकरी नहीं मिलने से परेशान चल रहा था। उसने यमुना में छलांग लगाने से पहले व्हाट्सएप स्टेटस भी अपडेट किया था, जिसमें आत्महत्या करने की बात लिखी है।

# भारतीय खिलाड़ियों ने दिखाया दम, पदक बढ़े



भाषा। बर्मिंघम

## मुक्केबाज पंघाल, हुसमउद्दीन क्वार्टर फाइनल में

**भारतीय मुक्केबाज** अमित पंघाल ने राष्ट्रमंडल खेलों में सोमवार को यहां पुरुषों के फ्लाइवेट (51 किग्रा) वर्ग में अपने अभियान की शुरुआत आसान जीत के साथ करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता पंघाल ने वानुअतु के नामरी बेरी को सर्वसम्मत फैसले से हराया। फेदरवेट (54-57 किग्रा) मुक्केबाज हुसमउद्दीन मोहम्मद ने भी लगातार दूसरी जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने अंतिम 16 मुकाबले में बांग्लादेश के मोहम्मद सलीम हुसैन पर 5-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की। तोक्यो ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे पंघाल ने मुकाबले के तीनों दौर में अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने बेरी से दूरी बनाए रखते हुए दाएं और बाएं मुक्कों के अपने संयोजन का प्रभावी इस्तेमाल किया। मुकाबले में वापसी के लिए बेरी को पंघाल के सामने आने के लिए मजबूर होना पड़ा लेकिन भारतीय मुक्केबाज के कौशल के सामने वह कहीं नहीं ठहरे। शुरुआती दो दौर में पंघाल के मुक्कों की झड़ी का बेरी के पास कोई जवाब नहीं था। मुकाबले में पकड़ बनाने के बाद तीसरे दौर में पंघाल ने रक्षात्मक रवैया अपनाया, जिससे वह आगे की कठिन चुनौतियों के लिए अपनी ऊर्जा को बचा सके। पंघाल अपने दूसरे राष्ट्रमंडल खेल पदक हासिल करने से एक जीत दूर हैं। उन्होंने पिछले सत्र (2018 में गोल्ड कोस्ट) में रजत पदक जीता था। क्वार्टर फाइनल में उनके सामने स्कॉटलैंड के 20 वर्षीय लेनन मुलिगन की चुनौती होगी। पंघाल ने अपनी जीत के बाद कहा, यह एक अच्छे अभ्यास की तरह था लेकिन आसान था। मेरा प्रतिद्वंद्वी अच्छा था लेकिन उसके खिलाफ मुझे कोई परेशानी नहीं हुई। मैं और प्रभावशाली जीत दर्ज कर सकता था लेकिन अभी लंबा सफर तय करना है और मैं यहां स्वर्ण पदक जीतने आया हूं। मैंने गोल्ड कोस्ट में रजत जीता था लेकिन यहां उससे बेहतर करने के लिए आया हूं। मैं सिर्फ स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं। पिछले सत्र के कांस्य पदक विजेता, हुसमुद्दीन ने भी अपने तेज-तर्रार पंच के इस्तेमाल से प्रभावशाली



जूडोका सुशीला

## कशीदाकारी से राष्ट्रमंडल पदक तक , अचिंता ने लिखी संघर्ष से सफलता की नई कहानी

**बर्मिंघम।** रविवार की रात तक पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के देउलपुर गांव को कोई जानता भी नहीं था लेकिन 12000 की आबादी वाले इस गांव का नाम आज सभी की जुबां पर है और इसका श्रेय राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले भारोत्तोलक अचिंता शिउली को जाता है। अचिंता ने 313 किलो वजन उठाकर अपने गांव का नाम खेलों के मानचित्र पर ला दिया है। इस गांव को जरी के काम के लिए जाना जाता है और अचिंता ने भी पेट पालने के लिए धागे और सुई के इस हुनर को सीखा। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद उन्होंने पीटीआई से बातचीत में कहा , हमारे गांव को जरी के काम के लिए जाना जाता है। मैं, मेरी मां और भाई भी ठेकेदारों के लिए कढाई का काम करते थे। काम सुबह



साढे छह बजे शुरू होता था और देर शाम तक जारी रहता था। उनके पिता जगत ट्रॉली रिक्शा चलाते थे और एक समय चार लोगों के परिवार में अकेले कमाने वाले थे। अचिंता जब 11 वर्ष के थे तब उनके पिता का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। हमारे लिए तो मानो सब कुछ रूक गया। हमने कभी इसकी कल्पना नहीं की थी और हम इसके लिए तैयार नहीं थे। हमें जरी का काम करना पड़ा। मेरी मां ने भी वह काम किया। बचपन में पतंग पकड़ते पकड़ते उसकी रूचि भारोत्तोलन में पैदा हो गई। उन्होंने कहा , मुझे पतंगबाजी पसंद है और हर साल मकर संक्रांति पर मैं पतंग उड़ाता और पतंग कटने पर उन्हें दोस्तों के साथ लूटने दौड़ता था। एक बार पतंग पकड़ने की कोशिश में ही मैं व्यामागर (जिम का देसी रूप) पहुंच गया जहां मेरा बड़ा भाई वर्जिश कर रहा था। दादा के कोच को मेरी कलाई का काम बहुत पसंद आया और उन्होंने मुझे अगले दिन बुलाया। अचिंता के भाई आलोक को लगा कि उनसे ज्यादा प्रतिभा उनके भाई में है तो उन्होंने अपना शौक कुर्बान कर दिया।

### जिम्नास्टिकः प्रणति नायक वॉल्ट फाइनल में पांचवें स्थान पर रही

**बर्मिंघम।** भारत की प्रणति नायक राष्ट्रमंडल खेलो में कलात्मक जिम्नास्टिक स्पर्धा के महिला वॉल्ट फाइनल में सोमवार को यहां पांचवे स्थान पर रही। एशियाई चैंपियनशिप (2019 और 2022) में दो बार कांस्य पदक जीतने वाली पश्चिम बंगाल की 27 साल की इस खिलाड़ी ने वॉल्ट के अपने पहले प्रयास में 13.633 और दूसरे में 11.766 का स्कोर किया। यहां एरिना बर्मिंघम मे आयोजित स्पर्धा मे उनका औसत स्कोर 12.699 का रहा। क्वालीफिकेशन में 13.275 अंक हासिल करने वाली प्रणति को उनके दो प्रयासो मे 0.1 और 0.3 अंक का जुर्माना लगाया गया। इस स्पर्धा में ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया गॉडविन ने 13.233 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कनाडा की लॉरी डेनोमी (13.233) और स्कॉटलैंड की शैनन आर्चर (13.083) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए।

## घोषाल सेमीफाइनल में, चिनप्पा क्वार्टर में हारी



**बर्मिंघम।** भारत के शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल पुरूष एकल सेमीफाइनल में पहुंच गए लेकिन जोशना चिनप्पा राष्ट्रमंडल खेलों की महिला एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में कनाडा की होली नॉटन से हारकर बाहर हो गई। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी घोषाल ने स्कॉटलैंड के ग्रेग लेबोन को 11-5, 8- 11, 11- 7, 11-3 से हराया। अब उनका सामना न्यूजीलैंड के पॉल कोल से होगा। वहीं 18 बार की राष्ट्रीय चैम्पियन जोशना अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी और 9-11, 5 -11, 13 -15 से हार गई। उन्होंने शुरूआत अच्छी की लेकिन 6-3 से बढ़त बनाने के बाद पकड़ ढीली कर दी। तीसरे गेम में उन्होंने वापसी की कोशिश की लेकिन नाकाम रही। इससे पहले सुनयना सना कुरूविला ने श्रीलंका की चनित्मा सिनाली को महिला एकल वर्ग के प्लेट क्वार्टर फाइनल में हरा दिया। कोच्चि की सुनयना ने 11-3, 11-2, 11- 2 से जीत दर्ज की। सुनयना महिला एकल प्लेट सेमीफाइनल में रात को खेलेंगी।

## रोनाल्डो साइक्लिंग 1000 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में 12वें स्थान पर रहे



**बर्मिंघम।** भारतीय साइकिलिस्ट रोनाल्डो लैटनजम सोमवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों की 1000 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा के फाइनल में एक मिनट 02.500 सेकंड के समय के साथ 12वें स्थान पर रहे। जून में एशियाई ट्रैक चैंपियनशिप में सीनियर वर्ग के स्प्रिंट स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले 20 साल के रोनाल्डो यहां स्वर्ण पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू ग्लेट्जर से 02.995 सेकंड पीछे रहे। ग्लेट्जर ने 59.505 सेकंड का समय लिया था। ऑस्ट्रेलिया के ही थॉमस कोर्निश (एक मिनट 00.036 सेकंड), और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के निकोलस पॉल (एक मिनट 00.089 सेकंड) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। रोनाल्डो रविवार को पुरुषों की स्प्रिंट स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में भी ग्लेट्जर से हार गए थे। महिलाओं के कीरेन स्पर्धा के पहले दौर में त्रियशा पॉल, शशिकला अगाशे और मयूरी लुटे को पहले दौर के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। त्रियशा और शशिकला पहले दौर के रेपेचेज में अपनी-अपनी हीट में तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। प्रत्एक हीट से केवल पहले स्थान पर रहने वाला राइडर ही दूसरे दौर के लिए क्वालीफाई करता है।

### लॉन बॉल्सः भारतीय महिला टीम फोर्स स्पर्धा के फाइनल में, पहला पदक पक्का किया

**बर्मिंघम।** भारतीय महिला लॉन बॉल्स टीम ने सोमवार को यहां महिला फोर्स (चार खिलाड़ियों की टीम) स्पर्धा के सेमीफाइनल मे न्यूजीलैंड को 16-13 से हराकर राष्ट्रमंडल खेलो मे अपना एतिहासिक पहला पदक पक्का किया।भारतीय टीम पहली बार राष्ट्रमंडल खेलो मे महिला फोर्स प्रारूप के फाइनल में पहुंची है। लवली चौबे (लीड), पिंकी (सेकेंड), नयनमोनी सेकिया (थर्ड) और रूपा रानी टिर्की (स्किप) की भारतीय महिला फोर्स टीम मंगलवार को स्वर्ण पदक के मुकाबले मे दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी।सेलिना गोडार्ड (लीड), निकोल टूमी (सेकेंड), टेल ब्रूस (थर्ड) और वेल स्मिथ (स्किप) की न्यूजीलैंड की टीम के खिलाफ दूसरे चरण के बाद 0-5 से पिछड़ने के बाद भारतीय टीम ने जोरदार वापसी की। नौवें चरण के बाद दोनो टीम 7-7 से बराबरी थी जबकि 10वे चरण के बाद भारत ने 10-7 की बढ़त बना ली। इस करीबी मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम 14वे चरण के बाद 13-12 की मामूली बढ़त बनाने मे सफल रही। इसके बाद भारत ने रूपा रानी के बेहरीन शॉट से 16-13 के स्कोर से मुकाबला जीत लिया। भारतीय पुरुष पेयर टीम रविवार को क्वार्टर फाइनल मे उत्तरी आयरलैंड के खिलाफ 8-26 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई थी।

### ऑस्ट्रेलियाई तैराक मैकक़ॉन राष्ट्रमंडल खेलों की सबसे सफल खिलाड़ी बनी

**बर्मिंघम।** ऑस्ट्रेलियाई तैराक एम्मा मैकक़ॉन ने महिलाओ की 50 मीटर फ्रीस्टाइल मे स्वर्ण जीतकर नया इतिहास रचा। वह राष्ट्रमंडल खेलो की सबसे सफल खिलाड़ी बन गई है। मैकक़ॉन ने ग्लास्गो और गोल्ड कोस्ट की अपनी सफलता को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रमंडल खेलो मे अपना कुल 11वां स्वर्ण पदक जीता जो कि नया रिकॉर्ड है। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी का बर्मिंघम खेलो मे यह तीसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले उन्होंने चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल और चार गुणा 100 मीटर मिश्रित रिले मे भी स्वर्ण पदक जीता था। मैकक़ॉन की अगुवाई मे ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओ की 50 मीटर फ्रीस्टाइल मे तीनों पदक जीते।

### पदक तालिका

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आस्ट्रेलिया | 14 | 9 | 13 | 36 |
| 2. | इंग्लैंड | 8 | 15 | 4 | 27 |
| 3. | न्यूजीलैंड | 7 | 4 | 2 | 13 |
| 4. | कनाडा | 3 | 3 | 7 | 13 |
| 5. | स्कॉटलैंड | 2 | 5 | 7 | 14 |
| 6. | भारत | 3 | 3 | 1 | 7 |

## मामूली अंतर से पदक से चूके भारोत्तोलक अजय सिंह



**बर्मिंघम।** स्नैच में कम भार उठाने और क्लीन एवं जर्क में गलती का खामियाजा अजय सिंह (81 किग्रा) को सोमवार को यहां उठाना पड़ा जब यह भारोत्तोलक पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेते हुए मामूली अंतर से कांस्य पदक जीतने से चूक गया। पच्चीस साल के अजय पुरुषों की 81 किग्रा स्पर्धा में कुल 319 किग्रा (143 किग्रा और 176 किग्रा) वजन उठाकर चौथे स्थान पर रहे। घरेलू दर्शकों को इंग्लैंड के क्रिस मरे ने निराश नहीं किया और कुल 325 किग्रा (144 किग्रा और 181 किग्रा) वजन उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। ऑस्ट्रेलिया के काइल ब्रूस ने कुल 323 किग्रा (143 किग्रा और 180 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता जबकि कनाडा के निकोलस वाचोन ने 320 किग्रा (140 किग्रा और 180 किग्रा) वजन उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। अजय ने स्पर्धा के बाद कहा, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने की कोशिश की लेकिन आज का दिन मेरा नहीं था। कोई नकारात्मक विचार नहीं थे और कोच (विजय शर्मा) ने मुझे प्रेरित करना जारी रखा, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन पदक नहीं जीत पाया।

## महिला हॉकी : इंग्लैंड के खिलाफ होगी भारत की असली परीक्षा

**बर्मिंघम।** भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को यहां जब इंग्लैंड से भिड़ेंगी तो उसकी नजरें बदला चुकता करने पर टिकी होंगी जबकि राष्ट्रमंडल खेलों में यह टीम की पहली बड़ी परीक्षा होगी। भारतीय टीम ने पूल ए के अपने शुरुआती दो मैच में घाना पर 5-0 और वेल्स के खिलाफ 3-। से जीत दर्ज की है लेकिन सविता पूनिया की अगुवाई वाली टीम दबदबे वाला प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। मंगलवार को भारतीय टीम अतिरिक्त प्रेरणा के साथ उतरेगी क्योंकि यह वही इंग्लैंड टीम है जिसने तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक के प्ले आफ में उसे हराकर पदक से वंचित किया था। भारतीय टीम अपना पहला ओलंपिक पदक जीतने के करीब पहुंच गई थी लेकिन कांस्य पदक के प्ले आफ में इंग्लैंड से 3-4 से हार गई। इंग्लैंड ने ही 2018 में गोल्ड कोस्ट में पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को पदक से महरूम कर दिया था।



भारत तब कांस्य पदक के मैच में 0-6 से हार गया था। स्वाभाविक रूप से भारतीय टीम बदला लेने के लिए तैयार होगी। भारत की राह हालांकि आसान नहीं होगी क्योंकि उसकी नौवीं रैंकिंग के मुकाबले इग्लैंड की विश्व रैंकिंग पांच है। भारत को इस तथ्य से आत्मविश्वास मिलेगा कि उन्होंने हाल ही में स्पेन और नीदरलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित विश्व कप में इंग्लैंड को।-। से ड्रॉ पर रोक दिया था। कप्तान सविता ने कहा, इंग्लैंड एक अच्छी टीम है और बर्मिंघम में उन्हें घरेलू हालात में खेलने का फायदा भी है। यह हमारे लिए एक चुनौतीपूर्ण मैच होगा लेकिन हम भी शुरुआती दो मैच में जीत के बाद अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने कहा, हमने हाल के दिनों में इंग्लैंड के साथ खेला है इसलिए दोनों टीम एक-दूसरे के खेल को अच्छी तरह से जानती हैं।

### साजन प्रकाश 100 मीटर बटरफ्लाई के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम

**बर्मिंघम।** भारत के स्टार तैराक साजन प्रकाश का राष्ट्रमंडल खेलों में अभियान खत्म हो गया जब वह सोमवार को यहां पुरुष 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। अनुभवी साजन 54.36 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट में सातवें और कुल 19वें स्थान पर रहे। इससे पहले वह 50 मीटर और 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के फाइनल में भी जगह बनाने में विफल रहे थे।

### उपचार के लिए ब्रिटेन में रुके रहेंगे भारोत्तोलक संकेत

**बर्मिंघम।** बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के पहले पदक विजेता भारोत्तोलक संकेत महादेव सरगर 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल करने के दौरान लगी कोहनी की चोट (यूसीएल) के इलाज के लिए ब्रिटेन में ही रुके रहेंगे। अलनार कॉलेटेरल लिगामेंट यानि यूसीएल की चोट को ठीक होने में कम से कम तीन महीने का समय लगता है। संकेत पदक वितरण समारोह में आए थे तो उनके दाहिने हाथ में पट्टियां बंधी थी।

## नीरज के बिना उतरेगी एथलेटिक्स टीम

### ● महिला चक्का फेंक में पदक की उम्मीद



**बर्मिंघम।** ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा का हटना भारत के लिए करारा झटका है लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों में गई भारतीय एथलेटिक्स टीम में ऐसे कई खिलाड़ी हैं जिनको पदक का दावेदार माना जा सकता है और जो मंगलवार से शुरू हो रही ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में अपनी चुनौती पेश करेंगे। गोल्ड कोस्ट में चार साल पहले स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा भाला फेंक में अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाएंगे क्योंकि पिछले महीने अमेरिका में विश्व चैंपियनशिप के दौरान वह चोटिल हो गए थे। चोपड़ा ने विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। उनकी अनुपस्थिति में लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर, स्टीपल चेज के खिलाड़ी अविनाश साबले, चक्का फेंक की अनुभवी खिलाड़ी सीमा पूनिया, भाला फेंक की एथलीट अनु रानी आदि पर भारत की निगाहें टिकी रहेंगी। भारत को त्रिकूद में प्रवीण चित्रवेल, अब्दुल्ला अबूबकर और एल्धोस पॉल से कम से कम एक पदक की उम्मीद है। राष्ट्रमंडल देशों में ए तीनों अभी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडि़यों में शामिल हैं। चोपड़ा की पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में स्वर्णिम सफलता के बाद भारत में कई नए एथलीट उबरकर आए हैं और ऐसे में बर्मिंघम खेलों में उसे कम से कम आधा दर्जन पदक पाने की उम्मीद है। भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2010 में दिल्ली में किया था जब उसने दो स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदक जीते थे। इस प्रदर्शन को दोहराना मुश्किल है लेकिन भारतीय अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर सकते हैं। भारतीय एथलीटों ने 2014 और 2018 में एक समान एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था जो कि उसका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मंगलवार को भारत की तरफ से पुरुषों की लंबी कूद में श्रीशंकर और मोहम्मद अनीस याहिया भाग लेंगे। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक श्रीशंकर अभी अच्छी फॉर्म में है और अगर वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.36 मीटर को दोहरा देते हैं तो कम से कम कांस्य पदक जीत सकते हैं। भारत को एथलेटिक्स में पहले दिन ही महिलाओं के चक्का फेंक में पदक मिल सकता है। इस स्पर्धा में भारत की तरफ से सीमा पूनिया और नवजीत कौर अपनी चुनौती पेश करेंगे।

### न्यूजीलैंड ने स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराया

**एडिनबर्ग।** मार्क चैपमैन के नाबाद शतक और डेरिल मिशेल के साथ उनकी बड़ी अटूट शतकीय साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराया। न्यूजीलैंड के सामने बड़ा लक्ष्य था लेकिन चैपमैन ने 75 गेंदो पर नाबाद 101 रन बनाए। उन्होने मिशेल (74) के साथ चौथे विकेट के लिए 175 रन की अटूट साझेदारी की।

### दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड से टी20 श्रृंखला जीती

**साउथम्पटन।** रीजा हेंड्रिक्स और एडेन मार्करम के अर्धशतकों और स्पिनर तबरेज शम्सी के पांच विकेट की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे इंग्लैंड पर 90 रन की बड़ी जीत दर्ज करके तीन मैचो की श्रृंखला 2-। से अपने नाम की। दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड के सामने 192 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन उसकी टीम 16.4 ओवर मे केवल 101 रन पर आउट हो गई।

### सर्वेश बने आइसस्टॉक एसोसिएशन के चेयरमैन

**लखनऊ।** शीतकालीन ओलंपिक का लोकप्रिय खेल आइसस्टॉक में अब उत्तर प्रदेश भी शामिल हो गया है। इसके चेयरमैन सर्वेश गोयल बनाए गए हैं। यह जानकारी अध्यक्ष सैयद रफत ने दी।

## सुनक चाहते हैं भविष्य में महिला फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी करे ब्रिटेन



**लंदन।** ब्रिटेन का अगला प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में अंतिम चरण में जगह बना चुके पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक चाहते हैं कि देश की महिला फुटबॉल टीम के जर्मनी को हराकर यूरो चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रचने के बाद इंग्लैंड भविष्य में महिला फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी के लिए बोली लगाए। लंदन के प्रतिष्ठित वेम्बले स्टेडियम में रविवार रात खिताबी जीत को महिला खेलों के लिए परिवर्तनकारी करार देते हुए प्रधानमंत्री पद के दावेदार सुनक ने कहा कि वह चाहते हैं कि ब्रिटेन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खेल का घर बने और अगर वह चुने गए तो वह महिला फुटबॉल की समीक्षा की योजना में तेजी लाएंगे जिससे कि महिला फुटबॉल में अवसरों में इजाफा हो।

### एएफसी ने 2026 में 48 टीम के विश्व कप के क्वालीफाइंग प्रारूप में बदलाव किया

**ब्रिसबेन।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) 2026 में होने वाले 48 टीम के विश्व कप के लिए सीधे प्रवेश करने वाले कोटे में इजाफे के बाद क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के नए प्रारूप की पुष्टि की। एशियाई में फुटबॉल की संचालन संस्था एएफसी ने सोमवार को बयान जारी करके कहा कि आठ सीधे स्थान और एक अंतर महाद्वीपीय प्ले आफ स्थान के लिए चार दौर की क्वालीफाइंग प्रणाली होगी। विश्व कप में टीम की संख्या में इजाफे के बाद एएफसी के कोटे में भी इजाफा हुआ है। नई प्रणाली के तहत एशिया में 26वें से 47वें स्थान की टीम पहले दौर के क्वालीफाइंग में हिस्सा लेंगी और इनमें से शीर्ष 11 टीम शीर्ष 25 टीम से जुड़ेगी। इन 36 टीम के बीच दूसरे दौर का मुकाबला होगा जो घरेलू और विरोधी के मैदान पर होने वाले मैच के आधार पर होगा। इसके लिए 36 टीम को नौ ग्रुप में बांटा जाएगा।

## आखिरी क्वार्टर में भारत ने गंवाए तीन गोल, इंग्लैंड से मैच ड्रॉ

**बर्मिंघम।** आखिरी क्वार्टर में अधिकांश समय नौ खिलाड़ियों के साथ खेलने का खामियाजा भारत को भुगतना पड़ा और तीन गोल गंवाने के कारण राष्ट्रमंडल खेलों के अपने दूसरे मैच में इंग्लैंड से 4-4 से ड्रॉ खेला। भारतीय टीम एक समय 4-। से आगे थी लेकिन इंग्लैंड ने आखिरी क्वार्टर में तीन गोल करके पासा पलट दिया। भारत के गुरजंत सिंह को आखिरी क्वार्टर में पीला कार्ड मिला जबकि वरूण कुमार को दो पीले कार्ड देखने के कारण बाहर होना पड़ा। भारत के लिए मनदीप सिंह ने दो , हरमनप्रीत सिंह और ललित उपाध्याय ने एक एक गोल किया। इंग्लैंड के लिए निकोलस बेंडुरक ने दो , लियाम अंसेल और फिलीप रोपेर ने एक एक गोल दागा। इंग्लैंड ने इसके साथ ही पिछले साल तोक्यो ओलंपिक क्वार्टर फाइनल में भारत से मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।



भारत की अंडर-17 कुश्ती टीम खिताब के साथ

## भारतीय टेबल टेनिस में नया विवाद, महिलाओं के मैचों में मौजूद रहा पुरुष कोच

**बर्मिंघम।** भारतीय टेबल टेनिस टीम में फिर से नया विवाद पैदा हो गया है और इस बार यह उसके राष्ट्रमंडल खेलों के अभियान के बीच में सामने आया है। महिला टीम स्पर्धा में मौजूदा चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में भाग ले रहे भारत को क्वार्टर फाइनल में मलेशिया ने उलटफेर का शिकार बनाया। दोनों टीमों में इतना अंतर था मलेशिया के कुछ खिलाड़ी तो विश्व रैंकिंग में भी शामिल नहीं हैं। भारतीय टीम की नामित महिला कोच अनिंदिता चक्रवर्ती नॉकआउट चरण के इस मैच के दौरान अनुपस्थित रही, जिससे कई सवाल उठने लगे। उनके बजाय पुरुष टीम के कोच एस रमन कोर्ट के पास में बैठे हुए थे। भारतीय टेबल टेनिस संघ का संचालन कर रही प्रशासकों की समिति के एक सदस्य एसडी मुदगिल ने कहा, ऐसा नहीं होना चाहिए था।

### इंग्लैंड ने महिला यूरो चैंपियनशिप जीती

**लंदन।** इंग्लैंड ने अतिरिक्त समय तक चले मैच में जर्मनी को 2-। से हराकर महिला यूरोपीय चैंपियनशिप फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीता। जब लग रहा था कि इंग्लैंड उम्मीदों के दबाव में आ जाएगा तब चोले केली ने 110वें मिनट में गोल दागा जो निर्णायक साबित हुआ। केली के गोल के पहले इंग्लैंड के खिलाड़ी काफी थके हुए नजर आ रहे थे और उन्हें जर्मनी के स्थानापन्न खिलाड़ियों के सामने जूझना पड़ रहा था।

### स्पोर्ट्स कालेज व सहारा क्लब जीते



**लखनऊ।** जिला फुटबॉल लीग में स्पोर्ट्स कालेज व सहारा क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। पहले मैच स्पोर्ट्स कॉलेज ने सहारा को 3-0 से हराया। स्पोर्ट्स कॉलेज की ओर से अनस 48 वे मिनट, शिवम 51 वे मिनटए साहिल 59 वे मिनट में गोल किया। दूसरे मैच में सहारा क्लब ने आर बी आई क्लब को 1-0 से हराया। सहारा क्लब की ओर से महेंद्र ने 59 वे मिनट में गोल किया।